फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 123 प्रभात जयपुर, गुरूवार 4 दिसम्बर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Remembering Piyush Pandey Xavierite...**

"Pandu" was his nickname in those years, he went on to captain Rajasthan in the C. K. Naidu Under-22 Trophy, and later played Ranji Trophy cricket for Rajasthan in the 1977-78 and 1978-79 seasons

**World Wildlife Conservation Day: Protecting Nature's Priceless Heritage**

# एक बार फिर कांग्रेस ने ''चायवाला'' मोदी की खिल्ली उड़ाई

## एआई द्वारा बनाया गया विडियो प्रसारित किया, जिसमें विश्व के मूर्धन्य नेताओं की औपचारिक बैठक में एक केतली व ग्लास लिये मोदी सबसे पूछ रहे हैं, ''चाय बोलो, चाहिये''

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- भाजपा ने तीखी टिप्पणी की, संभ्रांत उच्च वर्ग के लोगों की पार्टी कांग्रेस, एक साधारण ओबीसी वर्ग के व्यक्ति की राजनीतिक सफलता, अभी तक बर्दाश्त नहीं कर पाई है। उसने मोदी की चायवाला पृष्ठभूमि को पहले भी मजाक का पात्र बनाया था, और अब तक 150 बार उन्हें गाली दे चुकी है, तथा बिहार चुनाव में उनकी मां को भी लक्ष्य बनाया था।
- मोदी ने भी सोनिया गांधी को ''जरसी गाय'' कहकर चुनाव में अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया था, कांग्रेस ने भी अपनी नेता रागिनी नायक से मोदी का यह एआई निर्मित विडियो बनवाकर पलटवार करने का प्रयास किया।
- एक बार पहले भी कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने भी मोदी की साधारण पृष्ठभूमि की खिल्ली उड़ाते हुए कहा था, ''मोदी कभी प्र.मंत्री नहीं बन सकते, और वे कांग्रेस कार्यक्रमों में चाय जरुर बेच सकते हैं।''

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। कांग्रेस ने एक बार फिर राजनीतिक 'फॉ पा,' यानी बड़ी गलती कर दी है। इस बार उसने एआई से बनाई गई एक वीडियो साझा की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनिया के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी वाले एक अहम कार्यक्रम में चाय बेचते हुए दिखाया गया है।

कांग्रेस नेता रागिनी नाइक द्वारा पोस्ट की गई इस वीडियो में प्रधानमंत्री को हल्के नीले कोट और काली पैंट में, केतली और चाय के गिलास लेकर रैड कार्पेट पर चलते हुए दिखाया गया है। कैप्शन में लिखा है: ''अब एई कौन किए बा?'' यानी ''अब यह किसने किया?''। वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी जैसी आवाज़ सुनाई देती है, जो कहती है: ''चाय बोलो, चाहिए?''

भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह वीडियो मोदी की एक ''चायवाले'' वाले के तौर पर साधारण पृष्ठभूमि का मज़ाक उड़ाने की कोशिश है। भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा, ''जिन्होंने देश को लूटा, वे एक चाय बेचने वाले के प्रधानमंत्री बनने से परेशान हैं।'' पार्टी प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने भी कहा कि ''कांग्रेस का अभिजात्य वर्ग एक मेहनती, ओबीसी समुदाय से आने वाले और साधारण परिवार में जन्मे प्रधानमंत्री को स्वीकार नहीं कर पाता। उन्होंने पहले भी उनकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# शांतिपूर्ण रहा बुधवार संसद में

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों का भारी हंगामा तीसरे दिन आते-आते ठहर गया। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर विपक्ष के जोरदार विरोध और लगातार बाधित कार्यवाही के बाद बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा में काम हुआ।

वंदे मातरम् और चुनाव सुधारों पर अगले सप्ताह व्यापक चर्चा कराने पर सहमति बनने से विपक्ष तेवर नरम

- स्पीकर ओम बिड़ला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में, एस आई आर पर चर्चा पर सहमति बनने के बाद विपक्ष के तेवर नर्म पड़े।

पड़ा और सदन पटरी पर आ गया। प्रश्नकाल बिना व्यवधान पूरा हुआ।

लोकसभा की शुरुआत स्वर्गीय सदस्यों के प्रति श्रद्धांजलि से हुई और उसके बाद सीधे प्रश्नकाल आया। मंगलवार को स्पीकर ओम बिड़ला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक का असर दिखाई दिया। यहां तक कि सदन के भीतर नियमों की अनदेखी कर तस्वीरें खींचने पर औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार को स्पीकर ने तत्काल फटकार लगाई और कहा कि आज तो फोटो खींच लिया है, आइंदा ऐसा हुआ तो कार्रवाई करेंगे।

# दिल्ली निगम उपचुनाव में 12 में से 7 सीटें जीतकर भाजपा ने शानदार सफलता प्राप्त की

## पर ये नतीजे उतने उत्साहवर्द्धक नहीं हैं। भाजपा 9 सीटें हाथ में लेकर चुनाव में उतरी थी पर उसके पास 7 सीटें ही रह गईं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- भाजपा ने जो दो सीटें गंवाई उनमें से एक कांग्रेस को मिली और दूसरी ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक को मिली है। इसके एवज में भाजपा सिर्फ एक सीट छीन पाई है, वो भी आप से।
- इन चुनावों में 12 में सात सीटें भाजपा को, तीन सीटें आप तथा एक-एक सीट कांग्रेस ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक को मिली है।

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। बुधवार को हुए दिल्ली नगर निगम उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 12 में से 7 सीटों पर आसान जीत हासिल कर ली, जिससे फरवरी में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी को मिली बड़ी जीत में और इज़ाफा हुआ है।

आम आदमी पार्टी, जिसे भाजपा ने 10 महीने पहले एक दशक से ज़्यादा समय तक सत्ता में रहने के बाद बाहर कर दिया था, तीन सीटों के साथ दूर दूसरे नंबर पर रही। कांग्रेस, जो इस साल की शुरुआत में एक भी सीट नहीं जीत सकी थी, इस बार एक सीट निकालने में सफल रही। बारहवीं सीट ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (ए.आई.एफ.बी.) के खाते में गई।

लेकिन, भाजपा के लिए यह पूरी तरह से अच्छी खबर नहीं थी। सत्ताधारी पार्टी इस उपचुनाव में 9 सीटों के साथ उतरी थी, लेकिन दो सीटें हार गई-एक कांग्रेस को और एक एआईएफबी को। अच्छी बात यह रही कि उसने एक सीट जीत ली; चांदनी चौक सीट, जिसे 2022 के मुख्य चुनाव में आप ने जीता था। इस बार यह सीट भाजपा की सुमन गुप्ता के पास चली गई।

उधर, आम आदमी पार्टी ने भी बदला चुकाया और नारायणा वॉर्ड जीत लिया, जो 2022 में भाजपा के पास था।

हालांकि, इन सीटों के चले जाने से, भाजपा के सदन पर कंट्रोल पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

अब भाजपा के पास 250 में से 122 सीटें हैं और आप के पास 102 सीटें, जबकि कांग्रेस के पास अब नौ सीटें होंगी।

फिर भी, यह चुनाव भाजपा और आप-दोनों के लिए अहम था।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के लिए इसे पहला बड़ा चुनावी इम्तिहान माना जा रहा था, जिसे उन्होंने आसानी से पास कर लिया। वहीं, आप के लिए भी यह कुछ ऐसा ही था; दिल्ली इकाई प्रमुख बनने के बाद सौरभ भारद्वाज का यह पहला चुनाव था और वे भी इसे जीत ही मानेंगे, क्योंकि उनकी पार्टी की कोई सीट नहीं घटी।

# महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दी

जयपुर, 3 दिसंबर। सुप्रीम कोर्ट ने करीब 900 करोड़ रुपए के जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े ईडी मामले में आरोपी पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी को सशर्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह की खंडपीठ ने यह आदेश महेश जोशी की एसएलपी मंजूर करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि प्रकरण में कई सह- आरोपियों की जमानत हो चुकी है। वहीं, आरोपी बीते सात महीने से ज्यादा समय से कस्टडी में है। इसके अलावा, मामले में ट्रायल चलाने के लिए आरोपी की अभिरक्षा जरूरी नहीं लगती है और उससे किसी भी प्रकार की रिकवरी की कोई उम्मीद नहीं है। इसलिए उसे जमानत देना उचित होगा।

अदालत ने यह भी कहा कि आरोपी महेश जोशी ईडी कोर्ट में अपना पासपोर्ट सरेंडर करेगा और बिना अनुमति देश से बाहर नहीं जाएगा। अदालत ने जोशी की एसएलपी पर बहस पूरी होने के बाद, 21 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख

- महेश जोशी को ईडी कोर्ट में अपना पासपोर्ट सरेंडर करना होगा तथा बिना अनुमति के देश से बाहर नहीं जायेंगे
- अदालत के आदेश के बाद महेश जोशी जेल से बाहर आ गये।

लिया था। जोशी ने एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट के 26 अगस्त 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

महेश जोशी की ओर से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा और अधिवक्ता विवेक जैन ने कहा कि ईडी ने जो रिकॉर्ड पेश किए हैं, उनसे रिश्वत के आरोपों की पुष्टि नहीं होती है। ईडी उसके पुत्र के खाते में पचास लाख रुपए आना बता रही है, जबकि वह लोन राशि थी और उसे लौटाया भी जा चुका है। इसके विरोध में ईडी ने कहा कि इस मामले में एसीबी की ओर से दर्ज अन्य एफआईआर में भी महेश जोशी की भूमिका है।

उसके बेटे की फर्म में लाखों रुपए का लेन-देन किया गया। अगर इस राशि को लौटाने की बात कही जा रही है तो राशि लौटाने से अपराध की गंभीरता कम नहीं होती है। उसने विभाग की टेंडर प्रक्रिया में रिश्वत ली है और आरोपी को जमानत देने से वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जोशी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत के आदेश के बाद महेश जोशी जेल से रिहा हो गये। ज्ञात रहे कि 28 अप्रैल को महेश जोशी की पत्नी का निधन हो गया था, तब उन्हें कोर्ट से चार दिन की अग्रिम जमानत मिली थी, इसके बाद से वे जेल में ही बंद थे।

# दवा के रिएक्शन की तुरंत रिपोर्ट होगी

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। केंद्र सरकार ने दवाओं की निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए देश के आम नागरिकों को इससे जोड़ने का फैसला किया है. इसके तहत अब देशभर की सभी रिटेल और होलसेल

- हरेक मैडिकल स्टोर पर क्यू आर कोड व हैल्पलाइन नम्बर लिखा जाएगा और शिकायत मिलने पर 24 घंटे में औषधि नियंत्रक अधिकारी को रिपोर्ट देनी होगी।

दवा दुकानों पर एक कोड और हेल्पलाइन नंबर 1800-180-3024 चस्पा करने का आदेश जारी किया है. इसके माध्यम से अब कोई भी व्यक्ति दवा के दुष्प्रभाव की सही जानकारी समय पर दे सकेगा, जो सीधे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हल्द्वानी में भारी सुरक्षा इंतजाम, 400 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात, अर्धसैनिक बल भी हाई अलर्ट पर

## हल्द्वानी के बहुचर्चित भूमि अतिक्रमण केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने से पहले ही सरकार ने सख्त इंतजाम किए।

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चार हज़ार से ज्यादा परिवारों का जीवन प्रभावित हो सकता है आशंका है कि इसकी भारी प्रतिक्रिया होगी। इसलिए पुलिस ने क्षेत्र में 400 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए हैं और भारत तिब्बत सीमा पुलिस और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल की टुकड़ियों को तैयार रखा गया है।
- पुलिस ने 23 लोगों को हिरासत में लिया है तथा 123 लोगों को निगरानी में रखा है।
- यह सारा मामला हल्द्वानी रेल्वे स्टेशन के पास की जमीन का है, रेल्वे का दावा है कि ज़मीन उसकी है वहीं उस जमीन पर रखे हज़ारों लोग कह रहे हैं कि वे पीढ़ियों से वहां रह रहे हैं।

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। हल्द्वानी में रेलवे की ज़मीन पर अवैध कब्जे के मामले में सुप्रीम कोर्ट का 4,300 से अधिक परिवारों के जीवन को प्रभावित कर सकता है, इसलिए फैसला आने से पहले शहर को हाई सुरक्षा अलर्ट पर रखा गया है, प्रशासन द्वारा फैसला आने से पहले और सैकड़ों पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र को घेर लिया है।

पुलिस ने 23 लोगों को निवारक हिरासत में लिया है, और 123 को निगरानी रखा गया है।

यह मामला रेलवे द्वारा दावा की गई ज़मीन पर कथित कब्जे से संबंधित है, जहाँ तीन बस्तियों में 4,000 से अधिक परिवार रहते हैं।

यह मामला पहले उत्तराखंड हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर करने के बाद सुना गया था, जो गौला नदी में अवैध बालू खनन से संबंधित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा पर अन्तरिम रोक

जयपुर, 3 दिसम्बर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 की 7 दिसंबर से शुरू होने वाली परीक्षा पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने आरपीएससी को कहा है कि वह पहले परीक्षा का विस्तृत सिलेबस जारी करे और उसके तीस दिन बाद परीक्षा आयोजित कराए। जस्टिस

- हाईकोर्ट ने कहा, आर.पी.एस.सी. पहले विस्तृत सिलेबस जारी करे और उसके 30 दिन बाद परीक्षा आयोजित करे।

अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने ये आदेश यदुराज व अन्य की ओर से दायर याचिका पर दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह बड़े आश्चर्य की बात है कि आरपीएससी की ओर से आयोजित पिछली कुछ परीक्षाओं में पेपर लीक के साथ ही बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के आरोपों के बावजूद, आयोग अभी भी अपारदर्शी प्रणाली को आगे बढ़ा रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक डॉलर की कीमत नब्बे रुपए से भी कुछ अधिक हुई?

## क्या रुपए की कीमत में इतनी गिरावट, भारत की इकॉनमी व अन्तर्राष्ट्रीय इकॉनमी के मूल्यांकन में अन्तर होना है?

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जब भी विश्व की इकोनॉमिक स्थिति में अनिश्चितता होती है, बड़े-बड़े अन्तर्राष्ट्रीय इन्वैस्टर्स अपने इन्वैस्टमेंट का पुनर्मूल्यांकन करते हैं।
- ऐसे समय में वे डॉलर को सबसे ''सेफ'' इन्वैस्टमेंट मानते है, और अन्य देशों में अन्य मुद्राओं में ''इन्वैस्टेड'' पैसे को निकाल कर डॉलर में इन्वैस्ट करने लगते हैं। अतः वे देश के स्टाक एक्सचेंज में, रुपए में लगी अपनी पूंजी निकालकर, डॉलर में परिवर्तित कर लेते हैं।
- रुपए की कीमत में ऐसी ही कमी 2008-09 में भी थी, जबकि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ''फाइनैंशियल मैल्ट डाउन'' हुआ था तथा रुपए की कीमत 40 रुपए प्रति डॉलर से घटकर 50 रुपए प्रति डॉलर हो गई थी।
- ऐसी ही अनिश्चितता ''टेपर टैंट्रम्स'' के दौरान हुई थी, तथा रुपए की कीमत रु. 60 प्रति डॉलर हो गई थी।
- वर्तमान में अमेरिका की टैरिफ नीतियों में तब्दीली के कारण, पुनः आर्थिक अनिश्चितता फैली है, तथा रुपए की कीमत घट कर 90 रुपए प्रति डॉलर हो गई है।

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। भारतीय रुपये का मूल्य आज फिर डॉलर और अन्य मुद्राओं के मुकाबले गिर गया। दिन के कारोबार के दौरान, भारतीय करैंसी 90 रुपए प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे चली गई और आज के कारोबार के अंत में रुपया 90.22 पर बंद हुआ।

एक्स्चेंज रेट में उतार-चढ़ाव किसी अर्थव्यवस्था के कामकाज के कई पहलुओं को दर्शाता है। ये उतार-चढ़ाव वैश्विक बाज़ारों और अर्थव्यवस्था में अस्थिरता का नतीजा होते हैं, और गहराई में देखें तो ये घरेलू अर्थव्यवस्था और ग्लोबल इकॉनमी के बीच अंतर को भी दिखाते हैं।

यू.एस. डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए के एक्स्चेंज रेट में मौजूदा गिरावट इन दोनों कारणों की ओर इशारा करती है, वैश्विक उथल-पुथल और अनिश्चितता, रुपये पर दबाव बना रही हैं, जबकि, भारत तथा उसके बड़े ट्रेडिंग पार्टनर के बीच महंगाई के अंतर ने भी इसमें भूमिका निभाई है।

डॉलर के मुकाबले रुपये का गिरना वैश्विक आर्थिक संकट और उसके असर का प्रतिबिंब है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था तक पहुँच रहा है।

जब ग्लोबल इकोनॉमिक हालात अनिश्चित हो जाते हैं ,जैसा कि इस समय है, तो बड़े निवेशक अपनी निवेश रणनीति बदलते हैं। आम तौर पर वे डॉलर से जुड़े निवेशों को प्राथमिकता देते हैं, क्योंकि डॉलर सबसे महत्वपूर्ण मुद्रा है और अन्य मुद्राओं की तुलना में इसका मूल्य ज्यादा स्थिर रहता है और इसके कमज़ोर होने के चांस सबसे कम हैं।

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय शेयर और ऋण बाज़ारों से पैसे निकाल रहे हैं और अपनी राशि वापस अपने देशों में भेज रहे हैं। जब वे अपनी बिक्री से मिली रकम को डॉलर में बदलते हैं, तो रुपये पर दबाव बढ़ता है और उसका मूल्य गिरता है।

हर बार जब वैश्विक बाज़ारों में हलचल या चिंता बढ़ती है, यही प्रक्रिया देखने को मिलती है। वर्ष 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भी रुपये में भारी गिरावट आई थी। उस अस्थिरता के दौरान रुपया 40 रुपये प्रति डॉलर से गिरकर करीब 50 रुपये प्रति डॉलर तक पहुँच गया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इंडिगो ने उड़ानों में हो रही देरी पर खेद जताया

नयी दिल्ली, 3 दिसंबर। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने अपनी उड़ानों में पिछले कुछ समय से जारी देरी पर बुधवार को एक बयान जारी कर यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान या रिफंड का विकल्प दिया है। एयरलाइंस ने मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि पिछले कुछ समय से विभिन्न कारणों से

- इंडिगो की तरफ से यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान व रिफंड का विकल्प दिया गया है।

उसकी उड़ानों में देरी हो रही है। इनमें कुछ तकनीकी कारण, हवाई अड्डे पर यातायात का बोझ और परिचालन संबंधी वजहें शामिल हैं। इंडिगो ने कहा कि उसकी टीम यथाशीघ्र परिचालन सामान्य करने में जुटी है। उसने कहा कि वह प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान या रिफंड का विकल्प दे रही है। उसने यात्रियों को होने वाली परेशानी पर खेद व्यक्त किया है और उनसे घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति वेबसाइट या ऐप पर जांचने का अनुरोध किया है।

## विचार बिन्दु

किताबें ऐसी शिक्षक हैं जो बिना कष्ट दिए, बिना आलोचना किए और बिना परीक्षा लिए हमें शिक्षा देती हैं। –अज्ञात

# भारत में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थी ही क्या प्रतिभावान होते हैं?

हर व्यक्ति जो पृथ्वी पर जन्मता है उसमे प्रतिभा का निखार धीरे-धीरे वृद्धि के साथ होता रहता है। इसमें पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक वातावरण की बड़ी भूमिका होती है। अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी अथवा अन्य किसी देश जानें से प्रतिभा का उदय नहीं होता। भारत में भी प्रतिभा उन्नयन की असीम संभावनाएं हैं। परंतू यहाँ भेदभाव वाला राजनीतिक वातावरण और पॉलिसी युवाओं की उस प्रतिभा को कुंठित करने का ही काम करता है न कि उसके उन्नयन का। संसाधन और सुविधाएँ भी राजनैतिक लक्ष्य को ध्यान में रख विकसित होते हैं। जिससे युवाओं में घोर निराशा और कहीं अन्यंत्र जाकर अपना भविष्य बनाने को विदेशों की तरफ रुख करते हैं। ऐसे युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना में ह्रास भी पनपता है। समानता लेने के लिए एक को सभी कुछ सुलभ और अन्य को वही वर्षों तक दुर्लभ सरकारी नीतिओं का परिणाम क्या होगा बताने की जरुरत नहीं? इसी लिए सतत उपेक्षा से बचने के लिए विदेश पलायन किये युवा जब वहां से किन्ही कारणों से निष्काषित किये जाते हैं तो भारत सरकार के पास मुहं छिपाने के लिए भी जगह नहीं होती और सरकार ऐसे अवसरों पर मौन ही रहती है।

इस लेख को पाठक जाग्रत मस्तिष्क और विचारशील विवेक से पढ़ें और वे जो इस लेख के शीर्षक से अविचलित ही रहे हों कृपया वे इसे पढ़ने में समय नष्ट न करें यह लेख उनके किसी काम का नहीं। वे भी इस लेख को पढ़ने में समय नष्ट न करें जो इसे पढ़ने के उपरान्त लेख में वर्णित विषय पर सोचकर भी अपने विचार अथवा टिप्पणी अपने सहयोगिओं से साझा करने में हिचकते हों। ऐसा नहीं है कि वर्णित विषय उनके काम का नहीं अपितु अन्यों से इस पर विमर्श से उनकी सोच उजागर होकर, व्यापक हो सकती है जिससे वे अनपेक्षित प्रश्नो से घिर सकते हैं। तथाकथित शिक्षित और अध्यापन से जुड़े वर्ग से ऐसी प्रवर्ति की आशा नहीं की जा सकती। ख़ैर, प्रत्येक की अपनी विचारधारा में किसी अन्य के हस्तक्षेप की कोई सम्भावना नहीं बनती। देश की जनता के एक पूर्व प्रेजिडेंट डॉ. कलाम साहब सेवानिवृति पश्चात् युवा मस्तिष्क के विचारशील बनाने की मुहीम में संलग्न हुए थे, और उन्होंने दो पुस्तकें यथा 'तेजस्वी मन' और 'अग्नि की उड़ान' प्रकाशित की ताकि युवा भविष्य में भी उसे पढ़कर सही दिशा में विचारशील बनकर जीवन में सफल हो सकें।

इस लेख के केंद्र में घटना है यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान वहां और आसपास के मुल्कों में भारत से पढ़ने गए और फसे भारतीय छात्र जिनकी संख्या बीस हज़ार से भी अधिक थी, उस भीषण गोलीबारी, बारूदी वातावरण और उससे बचने के लिए शरण लिए नारकीय जीवन से सकुशल निकाल भारत लाना, सरकार के लिए एक दुष्कर लेकिन सफल प्रयास था। इस कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए भारत सरकार के चार-पांच केंद्रीय मंत्रिओं को वहां जाकर इस कार्य को अंजाम देना पड़ा।

इस प्रकरण पर मेरी सोच एक दूसरी दिशा में है। पहला पक्ष इस घटना का यह कि आज़ादी के बाद भारत अपने युवाओं के लिए वांछित शिक्षा के संसाधन विकसित करने में असफल क्यों रहा? जिसके कारण एक बड़ा युवा प्रतिशत अन्य अपेक्षाकृत छोटे और विकासशील देशों में जाकर शिक्षा प्राप्त करने को मज़बूर हुआ। हमारी सरकारों ने बहुधा घोषणाओं में सरकार की उपलब्धियां तो खूब बखान की लेकिन वे सब हवा में रहीं धरातल पर कुछ भी नहीं। 140 करोड़ का दम्भ भरने पर संसाधन और सुविधाएँ एक दो करोड़ के लिए भी न बन सकी क्यों ?क्या योजनाओं का क्रियान्वन त्रुटिपूर्ण था, अथवा धनराशि आवश्यकता से कम आल्लोट की या फिर धन की बर्बादी हुई अथवा योजनाएं ही सही दृष्टि से नहीं बनाई गई? जनता पूंछे कि क्या उनके बच्चों को इस देश में वांछित शिक्षा और रोजगार क्यों नहीं मिलते? क्या देश की सरकार इस विषय पर जनता को कभी अवगत कराएगी? अंततः देश की जनता ही भुक्तभोगी है।

> **चाँद पर, मंगल पर और सूर्य पर जाने और अनुसन्धान सरकार त्यागे और आर्थिक व् सामाजिक व् अन्य खाईओं को पाटने के प्रबंध पहले करे। देश में ऐसा कोई सेक्टर नहीं जिसके बारे में कहा जा सके कि उसमे सब ठीक है भले ही वह स्वास्थ्य हो, परिवहन हो, ऊर्जा हो, जल और बन प्रवंधन हो, कृषि से सम्बंधित कोई भी उपक्रम हो, न्याय हो, बैंक हो, सामान्य प्रशासन हो आदि सभी में भ्रष्टाचार व्याप्त है।**

अब दूसरा पक्ष यह कि उपरोक्त कार्य में संलग्न केन्द्री मंत्री उस निकासी के बाद मौन क्यों हो गए, सदन में अथवा प्रेस कांफ्रेंस कर देश को हालात से अवगत क्यों नहीं कराया? प्रेस ने भी इस मसले को यथोचित कवर नहीं किया फलस्वरूप देश उन निष्कासित छात्रों के भविष्य को जानने से वंचित रह गया, जिनमे से बहुतों की पुरुखों की कृषि भूमि या तो बिक गयी अथवा गिरवी रखी गयी विदेश भेजने के लिए? मुझे मालूम है कि ग्रामीण क्षेत्रों के वासिंदों की आर्थिक हालत ऐसी नहीं कि वे अपनी नियमित आय से अपने बच्चे को पढ़ने के लिए विदेश भेज सकें?

मैनें तो केवल एक यूक्रेन का ही उदाहरण दिया, ग्लोब के अन्य देशों में भी भारतीय युवा पहले उच्च शिक्षा के लिए और फिर रोजगार के लिए दूसरे देशों की तरफ रुख करते हैं। उन्हें यह भलीभांति पता है इस तथाकतिथ अपने देश में उनका कोई भविष्य नहीं। इस विभीषिका को दशकों से चले आ रहे आरक्षण ने भी आग में घी का काम किया है। असंतोष तो बढ़ना तय है आज नहीं तो कल जब देशव्यापी अशांति फैलेगी और तब सरकार बगलें झांकेगी। दशकों से यह देखा जा रहा है कि जब तक जन पीड़ा अशांति को रूप नहीं ले लेती सरकार सक्रीय नहीं होती। समय बदल चुका है अशांति की सुलगती आग कभी भी लपटों का रूप ले सकती है दुश्मन भीतरी और बाहरी उस अवस्था की फ़िराक में हैं कि उन्हें कब अपना मंसूबा पूरा करने को अवसर मिले?

देश के प्रधानमंत्री एक सजग प्रहरी की भांति कार्यरत हैं लेकिन अकेले उनके सजग और सक्रीय रहने से काम चलने वाला नहीं। अन्य मंत्री सरकार में सहयोगी नहीं, साथी मात्र हैं। देश में न तो सबके लिए शिक्षा उपलब्ध है और न ही रोजगार। क्या रूपया बांटने, आरक्षण और पेंशन देने से देश विकसित और खुस हाल हो जायेगा, यदि ऐसा है फिर तो आरक्षण से अभी तक आर्थिक निर्धनता, सामाजिक स्तर पर पिछड़ापन दूर क्यों नहीं हुए? किसने व्यवधान डाले? मेरे विचार से वास्तव में सरकार की ही मंशा नहीं थी कि गरीवों की विपन्नता दूर हो और वे सामाजिक परिपेक्ष में अपने को स्वर्ण के समकक्ष आंक सकें।

चाँद पर, मंगल पर और सूर्य पर जाने और अनुसन्धान सरकार त्यागे और आर्थिक व् सामाजिक व् अन्य खाईओं को पाटने के प्रबंध पहले करे। देश में ऐसा कोई सेक्टर नहीं जिसके बारे में कहा जा सके कि उसमे सब ठीक है भले ही वह स्वास्थ्य हो, परिवहन हो, ऊर्जा हो, जल और बन प्रवंधन हो, कृषि से सम्बंधित कोई भी उपक्रम हो, न्याय हो, बैंक हो, सामान्य प्रशासन हो आदि सभी में भ्रष्टाचार व्याप्त है। सभी प्रकार के अपराध तो जैसे सरकार पेटेंट समझ उनका कोई संतोषपूर्ण निराकरण नहीं करती।

अभी तो अमेरिका के राष्ट्रपति की ही धमकी मिली है वहां बसे भारतीओं को वापिस लौटने की, ऑस्ट्रेलिया में भी एक बार वहां रह रहे भारतीओं को अपने देश लौटने को कहा गया था। तनिक सोचिये यदि सभी देशों से भारतीओं को खदेड़ दिया गया तो देश के पास उनके पुनर्स्थापन के लिए क्या प्लान है? आबादी में कितना इजाफा होगा और देश उसको कैसे खफा सकेगा? 140 करोड़ का गुरूर सेकंडों में काफूर होते देर नहीं लगेगी। मैं जानता हूँ यह लेख पाठकों को अच्छा नहीं लगेगा लेकिन यथार्थ सदैव कड़वा होता है।

अंत में मेरा सुझाव है कि प्रवेश और आगे शिक्षा के लिए सभी प्रति योगी परीक्षाओं को अविलबं बंद कर छात्रों को सभी उच्च पाठ्यक्रमों में योग्यता के आधार पर प्रवेश मिले भले ही संस्थानों की संख्या बढ़ानी पड़ें और उनमे सीटों की संख्या भी प्रवेश पाने वालों के अनुरूप की जायँ। इससे सभी योग्यता धारक अपने वांछित डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश पा सकेंगे बिना किसी प्रवेश परीक्षा के। युवा शक्ति का विदेशों में पलायन रुकेगा और विदेशों से निष्क्रमण का प्रश्न ही नहीं होगा। ग्रामीणों की कृषि भूमि बिकने से बच जाएगी और वे आर्थिक तौर पर सुद्रण बने रहेंगे। ऐसा करने से देश के युवाओं में देश हित की भावना सुद्रण होगी और शिक्षा के संसाधन देश में शनैः शनैः सुद्रण हो जायेंगे, फिर किसी अन्य देश की तरफ आकर्षण न्यूनतम होकर समाप्त हो जायेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर-राज. )**

# पीएलआई योजना नए भारत के सुनहरे नमो इंडिया युग का आधार है

## - सोच बदलो दुनिया बदलो –



सुनील दत्त गोयल

भारत आर्थिक मोर्चे पर एक नई ऊँचाई को छूने की ओर अग्रसर है। यह युग 'नमो इंडिया' की पहचान बन चुका है, जहाँ उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई स्कीम) ने देश को उद्योगों की अप्रत्याशित रफ्तार और जीएसटी संग्रहण की ऐतिहासिक ऊँचाइयाँ दी हैं। एक समय था, जब भारत का औद्योगिक उत्पादन सीमित था, कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विदेशी माँग पर निर्भरता अधिक थी और विकास दर अपेक्षाकृत धीमी थी। लेकिन आज, ने देश की औद्योगिक नीति में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

**पीएलआई से पहले-चुनौतियों से भरा भारतीय उद्योग**

2020-21 के आसपास, भारत का मोबाइल उद्योग सालाना मात्र 2.13 लाख करोड़ की उत्पादन क्षमता रखता था। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में न निवेश भरपूर था, न तकनीकी नवाचार या रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलते थे। फार्मास्यूटिकल्स में व्यापार घाटा 1,930 करोड़ तक पहुँच गया था, यानी देश अपने जरुरत के और एक्टिव फार्मा इंग्रेडिएंट (एपीएएस) के लिए बाहर निर्भर था। खाद्य प्रसंस्करण में निवेश कछुए की गति से बढ़ रहा था। टेक्सटाइल और व्हाइट गुड्स सेक्टर में भारत अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में अक्सर पिछड़ जाता था।

जीएसटी संग्रहण की स्थिति भी चिंताजनक थी: मोबाइल सेक्टर में हर वर्ष 10,000-15,000 करोड़ से अधिक राजस्व नहीं जुट पाता था। ऐसे में मेक इन इंडिया का सपना अधूरा ही लगता था।

**सुनहरा युगः पीएलआई योजना का आगमन**

इसी दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अप्रैल 2020 में प्रॉडक्शन लिंक्ड इन्सेटिव (पीएलआई) स्कीम की शुरुआत की। पुष्ट उद्योग नीति, रणनीतिक चयन और लक्ष्य आधारित इंसेंटिव के बलबूते इस योजना ने शुरुआती चरण में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और मेडिकल डिवाइस जैसे क्षेत्रों को कवर किया। बाद में ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, खास स्टील, फूड प्रोसेसिंग, सफेद वस्तुएँ (एसी, एलइडी), सौर मॉड्यूल, टेलीकॉम और बैटरी तक विस्तार हो गया। आज पीएलआई का कुल आउटले 1.97 लाख करोड़ है और 14 क्षेत्रों के लिए 806 कंपनियां चुनी गईं। इनमें एप्पल, सैमसंग, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, डिक्सन, हिंदुस्तान यूनीलीवर, नेस्ले, जिंदल स्टील, रेमण्ड, ट्राइडेन्ट, आइटीसी, वोल्टास, तेजस, अडानी जैसी भारतीय और वैश्विक कंपनियां शामिल हैं। पीएलआई के तहत निवेश ने सारी सीमाएँ तोड़ दीं-मार्च 2025 तक 1.76 लाख करोड़ के वास्तविक निवेश ने देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल डाला। उत्पादन में जबरदस्त उड़ान आई: पीएलआई लाभार्थियों की कुल बिक्री 16.5 लाख करोड़ पार कर चुकी है। इलेक्ट्रानिक्स के मामले में तो मेक इन इंडिया ने दुनिया को चौंका दिया-2024-25 में मोबाइल उत्पादन 5.25 लाख करोड़ तक पहुँचा और एक्सपोर्ट 775% बढ़कर 2 लाख करोड़ हो गया। फूड प्रोसेसिंग में 8,910 करोड़ का निवेश आया और 171 एप्लीकेशन मंजूर हुए।

ऑटो सेक्टर में भारत आज लाखों इलेक्ट्रिक वाहनों और हाईटेक ऑटो कंपोनेंट्स के वैश्विक निर्माण केंद्र की ओर बढ़ चुका है, जहाँ 103 नए एडवांस्ड ऑटो कंपोनेंट्स और तकनीकी वाहन का निर्माण हो रहा है। इसी तरह टेक्सटाइल में क्लस्टर, मेडिकल डिवाइस पार्क और सौर पीवी मॉड्यूल के स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिली है।

**नौकरी, नवाचार और स्वावलंबन की मिसाल**

पीएलआई ने न सिर्फ निवेश और उत्पादन बढ़ाया, बल्कि रोजगार का भी नया कीर्तिमान स्थापित किया-अब तक 12 लाख प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष नौकरियाँ सृजित हुई हैं। पॉलिसी का फोकस बुनियादी ढाँचे, क्लस्टर डेवेलपमेंट और उच्च तकनीक पर रहा, जिससे गुजरात में डिस्प्ले फैब, सूरत में एमएमएफ क्लस्टर, आंध्र-तमिलनाडु में मेडिकल डिवाइस हब तैयार हुआ। यह पहलू उद्योगों में आधुनिकता लाने, वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने और स्वरोजगार के अवसरों को ग्रामीण-शहरी भारत तक पहुँचाने वाली नीति बन गई है।

**जीएसटी संग्रहण में क्रांतिकारी बदलाव**

पीएलआई के तहत उत्पादन और बिक्री में उछाल के साथ ही सबसे बड़ा बदलाव आया है सरकार के खजाने में! मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सेक्टर में जहाँ पहले कर संग्रहणस सीमित रहता था, अब मोबाइल में 2021-25 के दौरान 2.45 लाख करोड़ की जीएसटी आय हस्तगत की गई। यह आंकड़ा कभी सालाना 10,000-15,000 करोड़ पर सीमित रहता था। सभी 14 क्षेत्रों में सरकार ने अब तक 806 प्रोजेक्ट एप्रुवड किए और एंड-यूज़र तक उत्पाद की गुणवत्ता पहुँचाई। मार्च 2025 तक 21,500 करोड़ से अधिक का इंसेंटिव कंपनियों को दिया जा चुका है।

**खिलौना उद्योगः चीन से निर्भरता से आत्मनिर्भरता तक**

2018-19 में भारत ने लगभग \$304-\$371 मिलियन के खिलौने इम्पोर्ट किए, जिसमें से 70% से ज्यादा केवल चीन से आते थे। उस समय भारत की खिलौना एक्सपोर्ट मात्रा सिर्फ \$96-\$109 मिलियन थी। सरकार ने 2020 में खिलौनों पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाकर 70% कर दी और सर्टिफिकेशन अनिवार्य किया, जिससे बिना क्वालिटी वाले चीनी खिलौनों की आमद रुकी। तीन साल में खिलौना इम्पोर्ट 70-74% घटकर \$36-\$110 मिलियन रह गया, जबकि खिलौना एक्सपोर्ट 239% बढ़कर \$326 मिलियन (2,700 करोड़) के आसपास पहुंच गया है।

**पहलेः** \$109 मिलियन एक्सपोर्ट, \$304-\$371 मिलियन इम्पोर्ट।

**अबः** 326 मिलियन एक्सपोर्ट, \$36-\$110 मिलियन इम्पोर्ट।

भारत अब नेट एक्सपोर्टर है; पहले \$292 मिलियन घाटा था, अब \$153 मिलियन सरप्लस।

**एक्टिव फार्मा इंग्रेडिएंट (एपीआइ): आत्मनिर्भर भारत की मिसाल**

कोरोना काल से पहले भारत एपीआइएस के लिए 90% तक चीन पर निर्भर था। एपीआइ उत्पादों में करीब 50% आयात चीन से होते थे। 2020 में पीएलआइ स्कीम के तहत औषध उद्योग में 6,940 करोड़ की योजना आई। इसके बाद भारत में एपीआइएस निर्माण में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई और 35 प्रमुख एपीआइएस का निर्माण भारत में शुरू हुआ। इंडिया एपीआइ मार्केट अब 13.7% की सीएजीआर से बढ़ रहा है।

पहलेः 90% आयात निर्भरता, व्यापार घाटा।

अबः 35 प्रमुख एपीआइएस, घरेलू उत्पादन बढ़ा, निर्यात बढ़ा, आत्मनिर्भरता बढ़ी।

पीपीइ किटः इम्पोर्ट से एक्सपोर्टर देश बनने की कहानी

कोविड से पहले भारत में पीपीइ किट का कोई घरेलू उत्पादन नहीं था; सिर्फ इम्पोर्ट होती थी। जनवरी 2020 में देश में सिर्फ 2.75 लाख पीपीइ किट (सभी इम्पोर्टेड) थी। कोरोना के बाद पीएलआइ व टेक्सटाइल मंत्रालय के सहयोग से मई 2020 में देश में प्रतिदिन 2 लाख से अधिक पीपीइ किट बननी लगी। जून-जुलाई 2020 में भारत ने 23 लाख पीपीइ किट 5 देशों को एक्सपोर्ट की (यूएस, ब्रिटेन, यूएइ, सेनेगल, स्लोवेनिया) और आज लाखों किट प्रतिदिन बन रही हैं।

**पहलेः 100% इम्पोर्ट, प्रोडक्शन शून्य।**

अबः 2 लाख + दैनिक उत्पादन, 23 लाख किट जुलाई 2020 में एक्सपोर्ट, दर्जनों देशों को निर्यात।

कंपनी दर कंपनी, क्षेत्र दर क्षेत्र- सार्थक आंकड़े और उपलब्धियाँ

इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग समेत सभी क्षेत्रों में निवेश, उत्पादन और निर्यात के ठोस आंकड़े देखें-कुछ चुनिंदा बिंदुः-

पीएलआइ स्कीम इलेक्ट्रानिक सेक्टर में कुल उत्पादन 5.25 लाख करोड़, निर्यात में 775% बढ़ोतरी

ऑटो सेक्टर में 67,690 करोड़ निवेश, 28,800 से अधिक नौकरियाँ, 103 एडवांस्ड ऑटो कंपोनेंट्स

फूड प्रोसेसिंग में 171 एप्लीकेशन, 8,910 करोड़ निवेश, 1,084 करोड़ इंसेंटिव

टेक्सटाइल में एमएमएफ क्लस्टर और वेल्यू-एडेड एक्सपोर्ट की नई ऊँचाई

एलइडी/व्हाइट गुड्स में लोकल कम्पोनेंट प्रोडक्शन, एसी और एलइडी चिप पैकिंग भारत में शुरू

मोबाइल घाटा समाप्त-फार्मा उत्पादन और निर्यात में भारत नया लीडर

वैश्विक प्रतिस्पर्धा, आत्मनिर्भरता और निवेश का 'नमो युग'

पीएलआइ स्कीम ने विदेशी निवेशकों का भरोसा पायाः भारत में अब मेक इन इंडिया की प्रगति, टाटा-ऐप्पल साझेदारी और डिस्प्ले व सेमीकन्डक्टर पर्क्स जैसे प्रोजेक्ट्स ने देश की औद्योगिक छवि बदल दी है। फूड प्रसंस्करण में पीएम-एफएमइ और पीएम किसान संपदा योजना जैसे कार्यक्रमों ने ग्रामीण भारत को उत्पादन, वैल्यू-एडिशन और ब्रांडिंग में अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिलाया। टेक्सटाइल, चिकित्सा उपकरण और सौर ऊर्जा क्षेत्र जैसे नए मोर्चे खोलकर भारत ने आत्मनिर्भरता की परिभाषा बदल दी है।

**चाणक्य नीति की मिसाल- कर का संतुलन, उत्पादन की छलांग**

मोदी सरकार ने कर संग्रहण में चाणक्य नीति को सही मायनों में लागू किया-कर उतना ही लगाया गया जितना मधुमक्खी फूल से शहद ले, बिना फूल को नुकसान पहुँचाए। जैसे भंवरे का काम होता है फल फूलों से रस लेना एवं साथ ही पॉलिनेशन भी करना यानि एक पंथ दो काज। कंपनियों को इंसेंटिव का लाभ तो मिला, साथ ही वाणिज्य और रोजगार में उत्पादन की बाधा हटाकर देश के लिए समग्र राजस्व का रास्ता खोला।

**निष्कर्ष :-** पीएलआइ भारत के औद्योगिक पुनर्जागरण का ऐतिहासिक युग

पीएलआइ स्कीम सिर्फ एक नीति नहीं, देश के नए युग की पहचान है- यह नीतिगत दृष्टि, पारदर्शिता और स्थायित्व की मिसाल है। उत्पादन, निवेश, नवाचार, रोजगार और कर संग्रहण के आँकड़े अब 'नमो इंडिया' के सुनहरे युग की सच्चाई बयान करते हैं। भारत अब सिर्फ उपभोक्ता राष्ट्र नहीं; विश्व की औद्योगिक ताक़त बनने की राह पर तेज़ गति से है।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री।**

# बेहतर काम करने वाले 3440 कांट्रेक्ट टीचर को एक साल और नौकरी का अवसर मिला

## इनमें सहायक अध्यापक, लेवल प्रथम व लेवल द्वितीय के शिक्षक शामिल है, इनकी संविदा भर्ती साल 2023 में चयन के आधार पर की गई थी

- **इस आदेश के बाद स्पष्ट है कि शिक्षा विभाग के अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अगले साल भी शिक्षकों की अलग से कोई भर्ती नहीं होने वाली है**
- **माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की ओर से जारी आदेश में सेवाओं में एक साल की बढ़ोतरी दी गई है**

**बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान के महात्मा गांधी स्कूलों व सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में काम कर रहे करीब साढ़े तीन हजार सहायक अध्यापकों को अगले साल भी काम करने का अवसर मिलेगा। शिक्षा विभाग ने बुधवार को जारी आदेश में इन सहायक अध्यापकों की नियुक्ति को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। अब सेशन 2025-26 में भी इन शिक्षकों के माध्यम से ही पढ़ाई होगी।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की ओर से जारी आदेश में सेवाओं में एक साल की बढ़ोतरी दी गई है। इनमें सहायक अध्यापक, लेवल प्रथम व लेवल द्वितीय के शिक्षक शामिल है। इनकी संविदा भर्ती साल 2023 में चयन के आधार पर की गई थी। चयनित व आवंटित सहायक अध्यापक वर्तमान में महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत है। इन चयनित 3 हजार 440 सहायक अध्यापकों की लिस्ट भी आदेश के साथ जारी की गई है। इस लिस्ट में जिन सहायक अध्यापकों के नाम है, वो ही आगामी सत्र में काम कर सकेंगे। जिनकी सेवाएं संतोषप्रद रही है, उन्हें ही आगे अवसर दिया गया है। इनमें लेवल द्वितीय के अंग्रेजी व गणित विज्ञान के शिक्षक भी शामिल है। इनकी संविदात्मक अवधि में एक वर्ष ही रहेगी, इसके बाद जरूरत होने पर फिर से बढ़ाई जाएगी। फिलहाल नए आदेश में सिर्फ एक साल की अवधि बढ़ी है। इनके एक साल के वेतन की व्यवस्था के लिए वित्त विभाग से बीस नवम्बर को स्वीकृति मिली थी। इस स्वीकृति के आधार पर अब जिला शिक्षा अधिकारी अपने अपने जिले में इनकी सेवा में बढ़ोतरी के अलग से आदेश जारी करेंगे।

इस आदेश के बाद स्पष्ट है कि शिक्षा विभाग के अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अगले साल भी शिक्षकों की अलग से कोई भर्ती नहीं होने वाली है। संविदा पर ही अंग्रेजी माध्यम शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। पिछले साल इन स्कूलों में छात्र संख्या कम हो गई थी। स्तरीय शिक्षा नहीं मिलने पर अगले सत्र में संख्या कम होने की आशंका बनी हुई है।

# बीती रात प्रदेश में सबसे ठंडा रहा लूणकरनसर

- **बीकानेर शहर में पारा दस डिग्री सेल्सियस तक रहा, न सिर्फ लूणकरनसर बल्कि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ाके की सर्दी शुरू**
- **मौसम विभाग का मानना है कि गुरुवार से बीकानेर में शीत लहर की शुरू हो सकती है, जिससे न्यूनतम तापमान में काफी कमी आ सकती है**

**बीकानेर,** (निसं)। जिले का लूणकरनसर बीती रात राजस्थान में सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान महज 3.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके विपरीत बीकानेर शहर में पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर से तीन गुना ज्यादा सर्दी लूणकरनसर में थी। न सिर्फ लूणकरनसर बल्कि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ाके की सर्दी शुरू हो चुकी है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक लूणकरनसर राज्य का सबसे ठंडा कस्बा रहा। माना जा रहा है कि श्रीडूंगरगढ़, कोलायत, पूगल, छत्तरगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में भी सर्दी की कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान कम रहा रहा है लेकिन अधिकतम पारा दोनों क्षेत्रों में समान रूप से बढ़ रहा है। श्रीडूंगरगढ़ में भी सर्दी बढ़ी है। चूरू में न्यूनतम पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और श्रीडूंगरगढ़ चूरू से काफी नजदीक है।

दिन व रात के पारे में भी बड़ा अंतर है। दिन का पारा रात की तुलना में तीन गुना के आसपास है। ये ही कारण है कि दिन में लोग स्वेटर नहीं पहन पाते लेकिन रात को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। तापमान में बड़ा अंतर होने के कारण सर्दी-जुकाम और बुखार के रोगी भी लगातार बढ़ रहे हैं। वैसे मौसम विभाग का मानना है कि गुरुवार से बीकानेर में शीत लहर की शुरू हो सकती है। जिससे न्यूनतम तापमान में काफी कमी आ सकती है। बीकानेर शहर में भी पारा जल्द ही पांच डिग्री के आंकड़े को छू सकता है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 4 दिसम्बर, 2025**

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2082, कृत्तिका नक्षत्र दिन 2:54 तक, शिव योग दिन 12:34 तक, वणिज करण प्रातः 8:38 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृश्चिक, बुध-तुला, गुरू-कर्क, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से दिन 2:54 तक है। रवियोग दिन 2:54 तक रहेगा। भद्रा प्रातः 8:38 से सायं 6:41 तक है। आज श्री दत्तात्रेय जयन्ती, त्रिपुर भैरव और संभवनाथ जयन्ती है। आज पूर्णिमा तिथि का क्षय हुआ है। आज मार्गशीर्ष पूर्णिमा, सत्यपूर्णिमा व्रत, अन्नपूर्णा जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 8:23 तक, चर 10:59 से 12:17 तक, लाभ-अमृत 12:17 से 2:53 तक, शुभ 4:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:05, सूर्यास्त 5:29 तक

### मेष



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृष



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। मनःस्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### मिथुन



आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

### कर्क



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

### सिंह



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्यों से संबंधित धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी।

### वृश्चिक



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### धनु



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आज अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

### मकर



व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### कुंभ



घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में महत्वपूर्ण परामर्श मिल सकता है। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

# दिव्यांगजनों ने शिक्षा, विज्ञान, संगीत और तकनीक समेत हर क्षेत्र में प्रतिभा साबित की : मुख्यमंत्री

## राजस्थान को दिव्यांगों के लिए सबसे सुगम्य और संवेदनशील राज्य बनाना हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज खेल जगत से लेकर शिक्षा, विज्ञान, संगीत, कला और तकनीक सहित हर क्षेत्र में दिव्यांगजनों ने अपनी प्रतिभा साबित की है। इन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध करवाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हम अपने आस-पास रह रहे दिव्यांगजनों की प्रतिभा को पहचानते हुए इनका पूरा सहयोग करें जिससे इनकी विशेष योग्यता का लाभ समाज को मिल सके तथा एक समावेशी समाज का निर्माण हो। हमारा संकल्प है कि राजस्थान दिव्यांगजनों के लिए सबसे सुगम्य और संवेदनशील राज्य बने। भजनलाल शर्मा बुधवार को हरीश चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान (ओटीएस) में अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष योग्यजन अपने भीतर विशेष योग्यता रखते हैं। ये अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दृढ़संकल्प और मेहनत से हर सीमा को पार करने का साहस रखते हैं।

इनमें वह हुनर और जज्बा होता है जो किसी सामान्य व्यक्ति में मुश्किल से मिलता है। उन्होंने कहा कि पैरालम्पिक में हमारे खिलाड़ियों ने देश और प्रदेश को जो सम्मान दिलाया है,



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आयोजित समारोह में दिव्यांगों से बातचीत की और उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया।

वह उनकी ऊर्जा और क्षमता का प्रमाण है। इनकी सफलता की कहानियां हम सभी को प्रेरित करती हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा देश में एक ऐसे समावेशी समाज की स्थापना करना है जिसमें किसी व्यक्ति की शारीरिक चुनौतियां उसकी राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए बाधा न बन सकें। केन्द्र सरकार द्वारा दिव्यांगजन अधिनियम के माध्यम से विकलांगता की परिभाषा को सात श्रेणियों से बढ़ाकर 21 श्रेणियों तक किया है। इसमें एसिड अटैक सरवाइवर को भी शामिल किया गया है। यह कानून दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने एवं सामाजिक धारणाओं को बदलने में मददगार साबित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में विशेष योग्यजन के लिए मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, स्मार्टफोन, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, पेंशन इत्यादि से जुड़ी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

हमने विद्यार्थियों एवं स्वरोजगार करने वाले दिव्यांगजनों को गत वर्ष 2 हजार स्कूटी वितरित की हैं तथा इस वर्ष दिव्यांगजनों को ढाई हजार स्कूटी वितरित की जा रही है। साथ ही, दिव्यांगजनों के लिए प्रदेशभर में विभिन्न क्लस्टर बनाए गए है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले साल दिव्यांगजनों को 15 हजार अंग उपकरण वितरित किए थे और इस वर्ष 1 लाख अंग वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी जैसी दुर्लभ बीमारी से पीड़ित लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए राज्य में पहली बार इलेक्ट्रिक पावर्ड व्हील चेयर का वितरण किया जा रहा है। साथ ही, विशेष योग्यजनों के लिए संचालित आवासीय संस्थानों का इस वर्ष से मैस भत्ता 2500 से बढ़ाकर 3250 रुपये प्रति आवासीय कर दिया गया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के पुनर्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य, विधिक सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। दिव्यांगजनों का चिन्हीकरण एवं प्रमाणीकरण करवाकर यूनिक डिसेबिलिटी पहचान पत्र जारी करने में राजस्थान देशभर में अग्रणी राज्यों में शामिल है।

समारोह में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने विशेष योग्यजनों को स्मार्टफोन, श्रवण यंत्र एवं स्मार्ट केन भी वितरित किए। इससे पूर्व उन्होंने दिव्यांगजन द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष योग्यजनों को स्कूटी वितरण एवं अंग उपकरण भी वितरित किए।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता अपर्णा अरोड़ा, विशेष योग्यजन निदेशालय आयुक्त इकबाल खान सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विशेष योग्यजन उपस्थित रहे।

# इथेनॉल मिश्रण से किसान को लाभ और प्रदूषण में कमी : मदन राठौड़

- सांसद मदन राठौड ने कहा कि ''नीति आयोग के अध्ययन के अनुसार गन्ना आधारित इथेनॉल से 65 प्रतिशत व मक्का आधारित इथेनॉल से 50 प्रतिशत तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आती है।''
- 'वर्ष 2014-15 से अक्टूबर 2025 तक किसानों को एक लाख 36 हजार 300 करोड़ का प्रत्यक्ष भुगतान किया'

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने सदन में देश की ऊर्जा सुरक्षा, किसानों की आय वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर सवाल लगाया। राठौड़ ने बताया कि इथेनॉल नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसने भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अप्रत्याशित गति से आगे बढ़ाया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने सदन में बताया कि इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने ऐतिहासिक उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। वर्ष 2013-14 के केवल 38 करोड़ लीटर की तुलना में वर्ष 2024-25 में इथेनॉल मिश्रण क्षमता बढ़कर 1000 करोड़ लीटर से अधिक हो चुकी है। अक्टूबर 2025 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया गया है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मील का पत्थर है।

मदन राठौड़ ने कहा कि यह केवल उत्पादन वृद्धि नहीं है, बल्कि सरकार ने फीडस्टॉक विस्तार, जीएसटी में 5 प्रतिशत कमी और चीनी मिलों व डिस्टिलरियों के आधुनिकीकरण जैसे निर्णायक कदम उठाकर इथेनॉल उपलब्धता सुनिश्चित की है। सरकार द्वारा 233 दीर्घकालिक ऑफटेक समझौते तथा सहकारी चीनी मिलों के लिए विशेष वित्त सहायता से देश की डिस्टिलेशन क्षमता बढ़कर 1950 करोड़ लीटर हो गई है। साथ ही भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से 52 लाख मीट्रिक टन अधिशेष चावल और चीनी का डायवर्जन किया गया, जिससे किसानों को स्थायी बाजार मिला और उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सांसद मदन राठौड ने कहा कि नीति आयोग के अध्ययन के अनुसार गन्ना आधारित इथेनॉल से 65 प्रतिशत और मक्का आधारित इथेनॉल से 50 प्रतिशत तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आती है। यह शहरों की वायु गुणवत्ता सुधारने में बड़ा परिवर्तन साबित हो रहा है। सरकार द्वारा कराए गए परीक्षणों ने यह भी सिद्ध किया कि ई-20 ईंधन से वाहनों के इंजन प्रदर्शन पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि अधिक ऑक्टेन के कारण पिकअप और ड्राइविंग स्मूथनेस बढ़ती है। राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2014-15 से अक्टूबर 2025 तक किसानों को 1 लाख 36 हजार 300 करोड़ का प्रत्यक्ष भुगतान किया गया है। साथ ही देश ने 1.55 लाख करोड़ से अधिक विदेशी मुद्रा की बचत, 790 लाख एमटी सीओ2 उत्सर्जन में कमी और 260 लाख एमटी कच्चे तेल के आयात का प्रतिस्थापन हासिल किया है।

# विधायक शोभारानी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई रद्द

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने धोखाधडी को लेकर धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह को राहत देते हुए भरतपुर की निचली अदालत की ओर से मामले में लिए गए प्रसंज्ञान आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश शोभारानी कुशवाह की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्रवाई जारी रखना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। ऐसे में भरतपुर के एसीजेएम कोर्ट के 18 अक्टूबर, 2022 और महिला उत्पीडन कोर्ट के 12 मई, 2023 के प्रसंज्ञान आदेश को निरस्त किया जाता है।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता माधव मित्र और अधिवक्ता जया मित्र ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता एक महिला है और वह न तो कंपनी के प्रबंधन से जुडी है और ना ही उसके निदेशक मंडल की सदस्य है। वह कंपनी की केवल शेयर धारक है और अपनी के दैनिक कामकाज या निर्णय लेने में कोई भागीदारी भी नहीं रखती है। इसके अलावा अभियोजन पक्ष के पास याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई साक्ष्य भी नहीं है। इसके अलावा मामले में पुलिस ने न तो याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया और ना ही उसके खिलाफ कोई जांच लंबित है। इसके बावजूद निचली अदालत ने केवल कंपनी के शेयर धारक होने के आधार पर उसे अपराध में शामिल मानकर प्रसंज्ञान ले लिया। वहीं मामले के शिकायतकर्ताओं के साथ समझौता हो चुका है और प्रकरण पूरी तरह सिविल प्रकृति का है। ऐसे में उसके खिलाफ निचली अदालत की ओर से लिए प्रसंज्ञान आदेश को रद्द किया जाए। गौरतलब है कि 13 जनवरी 2017 को श्याम बाबू शर्मा ने एक कंपनी के निदेशकों के खिलाफ धोखाधडी को लेकर भरतपुर के मथुरा गेट पुलिस थाने में शिकायत दी थी। जिस पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 406 व 120 बी में मामला दर्ज किया। वहीं जांच के बाद पुलिस ने शोभारानी के पति बनवारी लाल कुशवाहा के खिलाफ चालान पेश किया और करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ जांच लंबित रखी थी।

# राजस्थान अब बनेगा पेट्रोकेमिकल्स एवं केमिकल्स क्षेत्र में अग्रणी राज्य

## रीको की पहल पर ''प्लग एंड प्ले'' तथा ''फैक्ट्री शेड्स'' बन रहे हैं उद्यिमयों की पसंद

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** पचपदरा (बालोतरा) स्थित एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के निकट विकसित किए जा रहे रीको के राजस्थान पेट्रो जोन में औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए उद्यिमयों की ओर से उत्साहजनक रूझान दिखाई दे रहा है। प्रत्यक्ष आवंटन योजना के अंतर्गत राजस्थान पेट्रो जोन के प्रथम फेज में नियोजित भूखण्डों के आवंटन की प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ रही है।

औद्योगिक क्षेत्र बोरावास कलावा में स्थित राजस्थान पेट्रो जोन में रिफाइनरी के सह-उत्पाद आधारित उद्योगों हेतु प्रत्यक्ष आवंटन योजना के तहत 16 निवेशकों को भूखण्ड आवंटित किए जा रहे हैं जो डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स से जुडे उद्योगों के प्रति निवेशकों की बढ़ती रूचि का संकेत है। रिफाइनरी से निकलने वाले डाउनस्ट्रीम उत्पाद जैसे प्रोपलीन, बेंजीन, टोल्यून और ब्यूटाडाइन जैसे फीडस्टॉक का उपयोग आरपीजेड में





- भजनलाल सरकार की रियायतों और नवाचारों से राजस्थान में उद्योग लगाना अब और भी आसान हुआ

लगने वाले उद्योगों में ही कच्चे माल के रूप में हो सकेगा एवं इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### आरपीजेड में प्लग एंड प्ले फैक्ट्री शेड्स

ऐसे उद्यमी जिनके पास पेट्रोकेमिकल्स एवं केमिकल्स में टेक्निकल योग्यता तो है परंतु पूंजी की उपलब्धता नहीं है, उनके लिये रीको आरपीजेड में ही प्लग एवं प्ले फैक्ट्री शेड भी बना रहा है। शेड्स का क्षेत्रफल 1600 से 2700 वर्गमीटर तक है। वर्तमान में रीको ऐसे करीब 8 प्लग एवं प्ले फैक्ट्री शेड्स का आरपीजेड में निर्माण कर रहा है। इसी प्रकार, जो उद्यमी कम लागत पर अपनी औद्योगिक इकाई लगाना चाहते हैं, उनके लिये रीको द्वारा राज्य में प्रथम बार जयपुर सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स में ''रेडी-टू-मूव इन'' मॉड्यूल्स बनाये हैं। उद्यमी इन 'रेडी-टू-मूव इन' मॉड्यूल्स में अल्प समय में ही अपनी इकाई शुरू कर सकते हैं। ऐसी सुविधा को उद्यमी हाथों हाथ ले रहे हैं। रीको द्वारा प्रथम चरण में 7 उद्यिमयों को मॉड्यूल्स आवंटन के लिये ऑफर लेटर जारी कर दिये गये हैं। यहां गारमेंट एवं अपैरल क्षेत्र की इकाइयाँ स्थापित होंगी जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

इस कॉम्प्लेक्स में कई तरह की सुविधायें यथा प्रशासनिक कार्यालय, बैंक, प्रशिक्षण कक्ष, सभा कक्ष और कैंटीन भी उपलब्ध हैं। यहां गारमेंट एवं अपैरल उद्योग हेतु 1236 से 1566 वर्गफीट के बिल्टअप मॉड्यूल्स 1 से 7 वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस फीस आधार पर दिए जा रहे हैं, जिससे उद्यमी उत्पादन गतिविधियां तुरंत ही शुरू कर सकते हैं।

# राजस्थान को ''बाल विवाह मुक्त'' के लिए सरकार प्रतिबद्ध : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप बाल विवाह मुक्त राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए राजस्थान सरकार प्रतिबद्ध है।

दिया कुमारी बताया कि राज्य सरकार 2030 तक बाल विवाह के उन्मूलन के संकल्प को पूर्ण करने के लिए अग्रसर है- जिसका उद्देश्य प्रत्येक बच्चे के अधिकारों का संरक्षण, सुरक्षा तंत्रों को सुदृढ़ करना तथा बच्चों को सम्मान, अवसर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि बाल विवाह मुक्त भारत के लिए एक राष्ट्रव्यापी जनजागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी 4 दिसंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली से 100 दिनों के विशेष अभियान का शुभारंभ करेंगी। सम्पूर्ण कार्यक्रम का वेबकास्ट प्रात: 10:30 बजे से किया जाएगा।

बाल अधिकारिता आयुक्त आशीष मोदी ने बताया कि राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारी, जैसे कि डीपीओ, सीएमपीओ, सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हैल्पर और ओएससी, एचईडब्ल्यू, शक्ति सदन, सखी निवास, सीसीआई, सीडब्ल्यूसी और जेजेपी आदि के अधिकारी/कर्मचारी, प्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों, विधिक समुदाय, शैक्षिणक संस्थानों, समुदाय के नेताओं, सेवा प्रदाताओं और सिविल सोसायटी से इस कार्यक्रम में वर्चुअल उपस्थिति देने का अनुरोध किया गया है।

# कलेक्ट्रेट में बम की सूचना से हडकंप मचा

**जयपुर।** बनीपार्क थाना इलाके में स्थित कलेक्ट्रेट में ई - मेल के जरिए बम मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया और कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ,एटीएस, बम डिस्पोजल टीम, सिविल डिफेंस और दमकल की टीमें ने मोर्चा संभाला और तुरंत कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवा कर चप्पे-चप्पे की तलाशी लेते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया। करीब दो घंटे चली इस कार्रवाई में टीम को किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिसके बाद टीम ने राहत की सांस ली। पुलिस अधिकारियों ने यह ई-मेल फर्जी बताया।

# एसआईपीएफ विभाग की व्हाट्सएप चैटबॉट सुविधा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पारदर्शी, सुगम एवं सुशासन के लक्ष्य को धरातल पर साकार करने के लिए उपमुख्यमंत्री (वित्त) दिया कुमारी के निर्देश पर राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने कार्मिकों की सुविधा के लिए एक नया व्हाट्सएप चैटबॉट लॉन्च किया है। विभाग के संयुक्त निदेशक (जनसम्पर्क एवं मुख्यालय) प्रहलाद कुमार मीना ने बताया कि 9462255117 नम्बर को सेव करने पर यह ऑटोमेटिक एसआईपीएफ डिपार्टमेंट के नाम से सेव हो जाएगा। इस चैटबॉट के माध्यम से कार्मिक को अपने खाता, लेजर और अन्य सम्बन्धित जानकारी सीधे व्हाट्सएप पर मिलेगी। व्हाट्सएप पर महत्वपूर्ण जानकारी, सभी संदेश एसआईपीएफ डिपार्टमेंट के नाम से दिखेंगे जिससे कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने में आसानी होगी कि वे अधिकारिक संदेश ही देख रहे है। मीना ने बताया कि विभाग की यह पहल डिजिटल सेवा को मजबूत करने और कार्मिक के समय व मेहनत बचाने के उद्देश्य से की गई है। इससे कार्मिकों की सुरक्षित, आसान और पारदर्शी तरीके से अपने वित्तीय विवरण तक पहुँच सुनिश्चित होगी। विभाग ने सभी कार्मिकों से अनुरोध किया है कि वे केवल अधिकारिक संदेशों पर भरोसा करें।

# देवनानी और बोहरा ने किए खाटूश्यामजी के दर्शन



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और जयपुर शहर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने बुधवार को खाटूश्याम पहुंचकर श्रद्धापूर्वक खाटू मंदिर में दर्शन किए। देवनानी ने प्रदेश की समृद्धि, जनकल्याण और सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि खाटूश्याम का आशीर्वाद सदैव समाज को सद्भाव, शक्ति और सकारात्मकता का संदेश देता है।

## 103 यूनिट रक्तदान

जयपुर। समाज सेवा के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में, एंकर प्रीति सक्सेना ने अपने जन्मदिवस पर जयपुर के राजापार्क, गली नंबर 3 स्थित राम मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। जहां 103 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। 15 वर्षों से, प्रीति सक्सेना अपने जन्मदिवस को मानव सेवा के प्रति समर्पित करती आ रही हैं, और इस वर्ष भी उन्होंने इसी परंपरा का निर्वहन किया।

# अज्ञात बदमाशों ने कब्र खोदकर हटाई पट्टियां

## शास्त्री नगर के नाहरी का नाका कब्रिस्तान का मामला

- सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों में फैला आक्रोश
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाइश के बाद कब्र में वापस मिट्टी डलवाई

**जयपुर।** शास्त्री नगर के नाहरी का नाका कब्रिस्तान में मंगलवार देर रात अज्ञात लोगों ने दो कब्र खोद दी। दोनों कब्रों से पत्थर की पट्टिकाएं हटाई हुई थी। सुबह फातिहा पढ़ने गए व्यक्ति ने अन्य लोगों को इसकी सूचना दी। बड़ी संख्या पर स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। असामाजिक तत्वों की करतूत से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। जिन दो कब्रों को खोदा गया है उनमें दफन व्यक्तियों में एक की मौत तीन दिन पूर्व और एक की डेढ़ पहले हुई बताई जा रही है। श्मशान का प्रबंधन करने वाली कमेटी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। एडीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और कब्र में वापस मिट्टी डलवाई। बाद में उन्होंने शास्त्री नगर पुलिस थाने में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक भी की।

स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 6 माह पहले भी ऐसा ही मामला सामने आया था। तब विधायक अमीन कागजी ने दीवार ऊंची करवाने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने और दरवाजे पर ताला लगाने का आश्वासन दिया था। मगर केवल दीवार ऊंची करवाने के अलावा कुछ नहीं हुआ। रात को कब्रिस्तान में अंधेरा रहता है उसी की आड़ में असामाजिक तत्व क्रबों से छेड़छाड़ करते है। कई साल पहले एक बच्चे की कब्र भी खोद डाली थी।

उस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बच्चों के कब्रिस्तान की दीवार तो ऊंची करवा दी और दरवाजे पर ताला लगवा दिया। लेकिन मुख्य कब्रिस्तान 24 घंटे खुला रहता है। यहां कोई चौकीदार भी नहीं है।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025

राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

औद्योगिक भूखण्डों का डायरेक्ट अलॉटमेंट

सातवाँ चरण

ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 05.12.2025 (प्रात: 10:00 बजे) से 18.12.2025 (सायं 6 बजे) तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

नियोजित लॉजिस्टिक भूखण्डों का आवंटन भी आरक्षित मूल्य पर | ई-लॉटरी 23 दिसम्बर, 2025

108 औद्योगिक क्षेत्र | 7 नए औद्योगिक क्षेत्र | 6,034 कुल औद्योगिक भूखण्ड | 5,263 अनारक्षित भूखण्ड | 40 लॉजिस्टिक भूखण्ड

नए औद्योगिक क्षेत्र

धुँवाला (भीलवाड़ा) | रूंध सौखरी (अलवर) | बरोली (धौलपुर) | पीपलूंद (भीलवाड़ा) | कीडीमाल (भीलवाड़ा) | सथाना - जनरल जोन (ब्यावर) | केकडी एक्सटेंशन (अजमेर)

विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड

215 अनुसूचित जाति/जनजाति | 224 महिला वर्ग | 118 भूतपूर्व सैनिक | 146 बेंचमार्क दिव्यांगता | 68 सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक के आश्रित

आवंटन की प्रक्रिया

एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन

EMD - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।

पात्रता - निवेशक जिन्होंने 19/11/2025 तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस योजना में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।

- भूखण्ड का आवंटन एमओयू धारक के नाम पर ही जारी किया जाएगा।

आवेदन हेतु स्कैन करें

भूखण्ड की राशि का भुगतान

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

या

RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए https://riico.rajasthan.gov.in पर दिए गए Direct Land Allotment लिंक पर क्लिक करें या riicoerp.industries.rajasthan.gov.in/DirectLand पर विजिट करें।

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005

हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in

riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen

राज.संवाद / सी / 25 / 15128

# तेज रफ्तार थार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

## ज्योति नगर इलाके में तीन दुपहिया वाहनों को मारी थी टक्कर

- आरोपी चालक थार छोड़कर मौके से फरार, गाड़ी खो-नागोरियान निवासी प्रिया चौधरी के नाम रजिस्ट्रर्ड
- टक्कर से स्कूटी सवार युवक की बुआ गंभीर घायल, उपचार जारी

**जयपुर** (कासं)। ज्योति नगर थाना इलाके में थाने से महज 700 मीटर की दूरी पर एक तेज रफ्तार थार ने मंगलवार देर रात आंतक मचाया। तेज रफ्तार थार ने दो बाइक और एक स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई,वहीं उसकी बुआ गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर जाम लग गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक व घायल महिला को सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने थार जब्त कर चालक की तलाश शुरु कर दी है। एक्सीडेंट थाना साउथ थानाधिकारी अंजू कुमारी ने बताया कि नटराज नगर टोंक रोड निवासी पारस व्यास 23 पुत्र मुकेश व्यास मंगलवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे अपनी बुआ नंदिनी के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी से अपने विधानसभा होते हुए अपने घर जा रहा रहा था। इसी दौरान ज्योति नगर थाने से महज 7 सौ मीटर की दूरी पर तेज रफ्तार थार ने पहले तो एक बाइक को टक्कर मारी उसके बाद स्कूटी से आ भिड़ा। इस हादसे में स्कूटी सवार पारस और उसकी बुआ सड़क पर गिर गए। हादसे में पारस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, वहीं उसकी बुआ के पैर में गंभीर चोट आई। तेज रफ्तार थार चालक मौके पर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पर मौके पर पहुंची पुलिस ने थार को जब्त कर लिया है।

पुलिस छानबीन मे सामने आया है कि जिस थार से एक्सीडेंट हुआ है, वो खो नागोरियान निवासी प्रिया चौधरी के नाम से रजिस्टर्ड है और प्रिया चौधरी क्रिकेट अकादमी चलती है। कुछ समय पहले उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। प्रिया चौधरी की इकलौती बेटी भव्या चौधरी स्टूडेंट है और वो ही इस थार को चलाती है। हादसे के समय थार कौन चला रहा था। इसी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# जे.एल.एफ. में 300 सत्रों में 500 वक्ता लेंगे हिस्सा

- 15 से 19 जनवरी तक होगा साहित्य के इस महाकुंभ का आयोजन

**जयपुर** (कासं)। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जे.एल.एफ.) 2026 अपने 19वें संस्करण के साथ दुनिया का सबसे बड़ा साहित्यिक महाकुंभ बनने जा रहा है। 15 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाला यह उत्सव 300 से अधिक सत्रों और 500 से अधिक वक्ताओं की मेजबानी करेगा। भारत सहित दुनिया के कई देशों से आने वाले वक्ता साहित्य, इतिहास, राजनीति, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक मामलों, कविता और कला जैसे विस्तृत विषयों पर चर्चा करेंगे।

इस वर्ष फेस्टिवल के सत्र फ्रंट लॉन, चारबाग, सूर्य महल, दरबार हॉल और बैठक में आयोजित होंगे। यह पहला मौका होगा, जब 500 से ज्यादा लेखक-साहित्यकार इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इस बार साहित्य जगत के अनेक दिग्गजों की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। बुकर पुरस्कार विजेता किरण देसाई अपनी पुस्तक द लोनलीनेस ऑफ सोनिया एंड सनी पर चर्चा करेंगी, जबकि गोपालकृष्ण गांधी अपनी पुस्तकों द अन्डाइइंग लाइट और इंडिया एंड हर फ्यूचर्स पर विचार साझा करेंगे।

बानू मुश्ताक, देवेश कपूर और अरविंद सुब्रमण्यम, के.आर. मीरा, स्टीफन फ्राय, विश्वनाथन आनन्द, रुजुता दिवेकर, वीर दास, रिचर्ड फ्लैनगन, सर टिम बर्नर्स-ली, जिमी वेल्स और लियो वराडकर भी अपने-अपने सत्रों में संवाद करेंगे। इसके अलावा दृश्यात्मक कथा-कला, मंगा और ग्राफिक नॉवेल्स, कविता पाठ और जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित कई महत्त्वपूर्ण सत्र भी शामिल रहेंगे। ऐलिस ऑसवाल्ड, तमीम अल-बरघूती, लीना खलाफ तुफ्फाहा, उजान दत्ता, अभयर कपूर, मेघा मजूमदार और अन्य वैश्विक आवाज़ें भी फेस्टिवल में अपनी प्रस्तुतियां देंगी।

# डकैती के मामले में 2 माह से फरार बदमाश गिरफ्तार



हरमाडा पुलिस ने डकैती के मामले में दो माह से फरार बदमाश को पकड़ा।

- हरमाड़ा पुलिस पूर्व में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर 35 लाख के जेवरात जब्त कर चुकी

**जयपुर** (कासं)। हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 अक्टूबर को हुई डकैती के मामले में दो माह से फरार चल रहे आरोपित वीर सुन्दरिया उर्फ पवन निवासी रेनवाल जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया गया है।

उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने आरोपी वीर सुन्दरिया उर्फ पवन ने अपने अन्य साथी अजय यादव उर्फ अज्जू, जयवर्धन सिंह जोधा उर्फ जेपी, लक्ष्य वर्मा अमित कुमार जागिंड उर्फ बिट्टू, नवीन शर्मा, अध्ययन राज उर्फ मोनू और देव राज सिंह के साथ मिलकर परिवादी को ज्वैलरी देखने के बहाने बुलाकर उसको चाकू दिखा कर उससे ज्वेलरी और गले के सोने हारद्ध का बैग को लूट करले गये थे। इस मामले में अजय यादव उर्फ अज्जू, जयवर्धन सिंह जोधा उर्फ जेपी, लक्ष्य वर्मा अमित कुमार जागिंड उर्फ बिट्टू, नवीन शर्मा, अध्ययन राज उर्फ मोनू और देवराज सिंह को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है और जिनके पास से ज्वैलरी और 5 सोने के हार बरामद किये जा चुके है।

# ग्राम पंचायत मुख्यालय बदलने पर जवाब मांगा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने ग्राम पंचायत मुख्यालय बदलने से जुडे मामले में राज्य के प्रमुख पंचायती राज सचिव और टोंक कलेक्टर सहित दो अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस रवि चिरानिया की खंडपीठ ने यह निर्देश टोंक के निवाई तहसील की ग्राम पंचायत अरनिया के पूर्व सरपंच गंगदेव गुर्जर की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन के लिए 20 नवंबर 2025 को अधिसूचना जारी कर ग्राम पंचायत अरनिया का मुख्यालय बदल कर चुरेडा कर दिया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि टोंक कलेक्टर ने राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम की धारा 101 के तहत बिना किसी प्रस्ताव के ग्राम पंचायत मुख्यालय को बदला है। जबकि साल 2005 व 2010 में भी पंचायत मुख्यालय बदलने की अधिसूचना जारी हुई थी, लेकिन 11 मई 2012 को हाईकोर्ट की खंडपीठ ने अरनिया का पंचायत मुख्यालय नहीं बदलने का आदेश दिया था। अरनिया मुख्यालय पर सभी मूलभूत जरूरी सुविधाएं हैं, लेकिन बगैर आपत्ति मांगे ही सरकार ने पंचायत मुख्यालय बदल दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने याचिका की कॉपी अतिरिक्त महाधिवक्ता कपिल प्रकाश माथुर को देने का निर्देश दिए।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी को बोनट पर लटका ले गया ट्रक चालक

## आदर्श नगर इलाके की घटना, पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया

- नो-एंट्री में घुस रहे ट्रक को पुलिसकर्मी ने रोकने का किया था प्रयास
- अन्य राहगीरों ने ट्रक के आगे अपने वाहन लगाकर रोका

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । शहर भर में बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए जहां ट्रैफिक पुलिस चौकन्ना हुई है। वहीं चौपहिया वाहन चालक भी शातिराना अंदाज में फरार होने से नहीं चूक रहे है। ऐसा ही नजारा आदर्श नगर थाना इलाके में देखने को मिला।

अपनी ड्यूटी कर कर ट्रैफिक पुलिसकर्मी को नो -एंटी में घुस रहे ट्रक को रोकना भारी पड़ गया। ट्रक के सामने आए पुलिस को चालक बोनट पर लटका काफी दूर ले गया। रोड से गुजर रहे अन्य दुपहिया और चौपहिया वाहन चालाकों ने ट्रक के आगे अपनी-अपनी गाड़ियां लगाकर रोका। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित रामपाल (52) रुपवास, भरतपुर निवासी यातायात पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात है। पीड़ित रविवार को गुरुद्वारा मोड तिराहे पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान रात करीब साढ़े 8 बजे एक ट्रक नो-एंट्री में आता दिखाई दिया। हेड कॉन्स्टेबल रामपाल ने इशारा कर उसको रोकने का प्रयास किया। ट्रक धीमा करने के बाद भी चालक ने उसे नहीं रोका। इस दौरान रामपाल बोनट पर चढ़कर रुकवाने का प्रयास करने लगे। चालक ने ट्रक को ओवर स्पीड में चलाकर पुलिसकर्मी को नीचे गिराने का प्रयास किया। करीब आधा किलोमीटर तक बोनट पर पुलिसकर्मी को लटका कर ट्रक दौड़ा ले गया। लोगों ने अपने वाहनों को आगे लगाकर ट्रक को रुकवाया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक रघुवीर सिंह लक्ष्मगढ,सीकर निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

# पर्यटकों से लपकागिरी करते दो बदमाश दबोचे

**जयपुर** (कासं)। पर्यटक थाना पुलिस ने बाहर से आए देशी और विदेशी पर्यटकों के साथ जबरन लपकागिरी करते दो लपकों को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि पर्यटक थाना पुलिस ने बाहर से आए देशी और विदेशी पर्यटकों के साथ जबरन लपकागिरी करते मोहम्मद मियां उर्फ कालू निवासी टोंक हाल गलता गेट जयपुर और दिलशाद खान निवासी शाहपुर जिला जयपुर को जंतर-मंतर के पास से गिरफ्तार किया है।

जयपुर शहर के प्रमुख पर्यटक स्थलों के आसपास डिकॉय ऑपरेशन चला रखा है। अब तक इस अभियान के दौरान 31 अवैध गाईड्स (लपकों) की कार्यवाही की जा चुकी है । पर्यटन पुलिस थाना जयपुर द्वारा पर्यटकों की सुरक्षार्थ एवं सुगम पर्यटन के मध्यनजर अवैध गाईड्स (लपकों) के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा ।

गौरतलब है कि देशी-विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद जयपुर शहर है और आगामी छुट्टियों में भारी तादाद में पर्यटक आने के कारण उनकी सुरक्षा एवं सुगम पर्यटन व्यवस्था करने एवं अवैध गाईडों के खिलाफ कार्यवाही के लिए सभी थाना अधिकारियों को निर्देश दिये थे।

# पिस्टल और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नरेट जयपुर की विशेष टीमों ने शहरभर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाते हुए कई संगठित गिरोहों पर नकेल कसी। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और विशेष पुलिस कमिश्नर (स्पेशल ऑपरेशन) राहुल प्रकाश के निर्देशन में चली कार्रवाई में न केवल असलहे और नशा पकड़ा गया। बल्कि साइबर अपराध और केबल चोरी जैसे नए स्वरूप के अपराधों पर भी प्रभावी प्रहार किया गया।

विशेष पुलिस कमिश्नर (स्पेशल ऑपरेशन) राहुल प्रकाश ने बताया कि विशेष टीमों ने शहर के विभिन्न इलाकों में दबिश देकर 3 पिस्टल, 23 जिंदा कारतूस बरामद किए। साथ ही करणी विहार,रामगंज और रामनगरिया थानों में प्रकरण दर्ज कर मोहित जोगी, आजाद बैरवा, शाहिक कुरैशी, नवेद शेख और सूर्य प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि ये सभी आरोपी पिछले कुछ समय से अवैध हथियारों की सप्लाई में सक्रिय थे। वहीं पर अवैध हुक्का बार के संचालकों पर सख्ती कर दस मामले दर्ज कर 16 लोगों को गिरफ्तार किया और बीस लोगों का कोटपा एक्ट में चालान काटा गया।

इसके अलावा मादक पदार्थ तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थानों में आठ मामले दर्ज किए गए और इन कार्रवाई में ग्यारह बदमाशों को पकडा गया। साथ ही उनके पास से 61 .17 ग्राम स्मैक,35.54 ग्राम कोकीन,12.3 ग्राम एमडी,260 ग्राम अफीम, 60 ग्राम चरस बरामद किया। पकड़े गए 11 आरोपियों में 5 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। पुलिस ने प्रतिबंधित ई-सिगरेट विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह मामले दर्ज किए गए और 200 से अधिक ई-सिगरेट बरामद की।

# प्रेमी के बाद प्रेमिका ने भी दम तोड़ा

## जयपुर ग्रामीण स्थित मौखमपुरा में प्रेमी युगल को जिंदा जलाने का मामला

- प्रेम विवाह से नाराज जेठ और ससुर ने पेट्रोल छिड़ककर लगाई थी आग
- पूर्व में दो आरोपियों कि किया जा चुका है गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**जयपुर** (कासं)। जयपुर ग्रामीण जिले के मौखमपुरा थाना इलाके में गत 28 नवम्बर को खेत पर मुलाकात करते हुए प्रेमी युगल को जेठ और ससुर ने पेट्रोल छिड़ककर कर आग के हवाले कर दिया था। जिसमें प्रेमी कैलाश ने सोमवार को उपचार दौरान सवाई मानसिंह अस्पताल में दम तोड़ दिया था। बुधवार सुबह प्रेमिका सोनी की भी उपचार दौरान मौत हो गई।

गौरतलब है कि 28 नवम्बर देर रात 2 बजे बाड़ोलाव गांव के रहने वाले कैलाश गुर्जर (25) और सोनी गुर्जर (30) अपने खेत के मचान पर साथ थे। सोनी के चाचा ससुर बिरदी चंद और जेठ गणेश गुर्जर ने दोनों को देख लिया। दोनों ने गुस्से में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने गंभीर अवस्था में दोनो को बगरू के सीएचसी अस्पताल में भिजवाया । जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते चिकित्सकों ने उन्हे सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रैफर कर दिया था। सोमवार सुबह सन्नत फीसदी झूलसे प्रेमी कैलाश गुर्जर ने उपचार दौरान दम तोड़ दिया। वहीं 90 फीसदी झुलसी सोनी गुर्जरा ने भी बुधवार सुबह करीब तीन बजे दम तोड़ दिया। पुलिस ने महिला रिश्तेदार में बिरदी चंद और गणेश को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने पहले तो इसे मामले में जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज किया था। लेकिन दोनो की मौत के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का मानना है कि इस हत्याकांड के पीछे कई और भी लोग शामिल है। जिनके बारे में पूछताछ की जा रहीं है।

थाना अधिकारी सुरेश कुमार गुर्जर ने बताया पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि कैलाश शादीशुदा था। उसके दो बच्चे हैं और उसने बड़े भाई की एक बच्ची को गोद ले रखा है। सोनी देवी के पति गिरधारी की 2017 में खेजड़ी का पेड़ काटते समय उसके नीचे दबने से मौत हो चुकी है। पति की जमीन, मकान और जायदाद को लेकर भी परिवार में विवाद चल रहा है। उसकी 8 साल की बेटी और 6 साल का बेटा है। कैलाश पत्थर चिनाई का काम करता था। सोनी देवी घर संभालती थी। साथ ही खेती-बाड़ी करती थी। दोनों प्रेमी-प्रेमिका एक ही गांव के रहने वाले थे। आपसी रंजिश के चलते महिला के जेठ और चाचा ससुर ने दोनों को आग लगा दी थी। एसपी राशि डोगरा ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर घटना को अंजाम दिया गया था।

# भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई, जनसुनवाई मंत्रियों के निवास पर पूर्व की भांति सुचारू : गजेन्द्र सिंह खींवसर

**जयपुर** (कासं) । भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर एवं राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने कार्यकर्ता सुनवाई की। इस अवसर पर मंत्रियों ने भजनलाल सरकार की जन-सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कार्यकर्ता सुनवाई के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बुधवार की कार्यकर्ता सुनवाई में करीबन 100 से अधिक प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिन पर आवश्यकता अनुसार कार्रवाई की गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न मंत्रियों को अलग-अलग विभागों से जुड़े मामलों की सुनवाई हेतु नियत दिवस आवंटित किए गए हैं। यह सुनवाई कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी कार्यालय में शुरू की गई है।

दूसरी ओर सोमवार, मंगलवार और बुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 11 बजे तक प्रदेश का कोई भी नागरिक प्रत्यक्ष रूप से मंत्रियों से उनके निवास पर मिल सकता है। मंत्रियों के निवास पर जन सुनवाई न केवल कार्यकर्ताओं के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी समान रूप से उपलब्ध है। राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने कहा कि पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई व्यवस्था करना सरकार का सकारात्मक और जन-केन्द्रित कदम है।



मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और मंजू बाघमार ने बुधवार को बीजेपी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं।

- भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई व्यवस्था करना सरकार का सकारात्मक कदम : मंजू बाघमार
- 8 दिसंबर सोमवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा करेंगे कार्यकर्ता सुनवाई

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर एवं महामंत्री डॉ. मिथिलेश गौतम ने बताया कि पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई अगले सप्ताह 8 दिसंबर सोमवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा करेंगे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा और महामंत्री कैलाश मेघवाल भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यकर्ता सुनवाई में पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता अपनी समस्या को मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी या प्रदेश पदाधिकारी की अनुशंसा करवाकर ही लेकर आए।

# वर्षा जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार और जैविक उर्वरक प्रोत्साहन की पहल

**जयपुर**। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में वर्षा जल की प्रत्येक बूंद के संरक्षण एवं उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि क्षेत्र में व्यापक कदम उठाए गए हैं। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल ने बताया कि राज्य सरकार ने 25 हज़ार फार्म पॉण्ड, 10 हज़ार डिग्गी एवं "गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना" के तहत 50 हज़ार स्थायी वर्मीकम्पोस्ट इकाइयों के निर्माण की घोषणा की है। इन प्रयासों का उद्देश्य सिंचित क्षेत्र में वृद्धि, फसलों की जीवन रक्षक सिंचाई की उपलब्धता तथा फसल उत्पादन एवं कृषकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। राज्य में लघु एवं सीमान्त कृषकों को बैलों से खेती करने पर प्रोत्साहन राशि दिए जाने तथा किसानों को राज्य के बाहर भ्रमण व प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने की घोषणा भी की है। नीलगाय, जंगली जानवरों एवं निराश्रित पशुओं से फसलों को बचाने हेतु 75 हज़ार कृषकों के खेतों पर लगभग 30 हज़ार किलोमीटर परिधि में तारबंदी करवाने की घोषणा की है।

## सार-समाचार

### अमित नाथ माथुर बने अध्यक्ष



**जयपुर** । सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल जयपुर बार एसोसिएशन के वर्ष 2025-26 के लिए कार्यकारी निकाय के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गए हैं। इसमें एडवोकेट अमित नाथ माथुर को अध्यक्ष चुना गया है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट शोभित व्यास, जय उपाध्याय और के. के. शर्मा ने बताया कि चुनाव एसोसिएशन के पंजीकृत संविधान के अनुसार आयोजित किए गए थे। जिसमें अध्यक्ष अमित नाथ माथुर, महासचिव ब्रजेश कुमार जत्ती, उपाध्यक्ष आर.डी.मीणा, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार भार्गव, संयुक्त सचिव आशीष दाधीच, सामाजिक सचिव सौरभ जैन को चुना गया है। इनके अलावा मनु भार्गव, विनोद गोयल, योगेश कुमार शर्मा, किंशुक जैन, कपिल शर्मा, सारा परवीन और के.सी.मीणा को कार्यकारी सदस्य बनाया गया है।

### नई कार्यकारिणी की घोषणा

**जयपुर** । राजस्थान एकाउंटेन्ट्स एसोसिएशन के हाल ही में संपन्न हुए प्रदेश स्तरीय चुनाव के उपरांत नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष लालचंद यादव ने संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें रणजीत सिंह राठौड को संरक्षक, गोविंद सिंह चौधरी, अभिषेक गोधा एवं जुगल सिंह शेखावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजवीर अवाना एवं अजीत सिंह नाथावत को प्रदेश सह-संयोजक, संगीता अंग्रवाल को कोषाध्यक्ष, सुरेश यादव को सह-कोषाध्यक्ष, संजीव बन गोस्वामी को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। इसी प्रकार संजय तिवाडी को खेल मंत्री, विजयलक्ष्मी लौहार को सांस्कृतिक मंत्री, रामावतार मीणा को को मीडिया प्रभारी, सुरेन्द्र मीणा एवं कुशाल भारद्वाज को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा सलाहकार, उपाध्यक्ष, प्रदेश संयुक्त महामंत्री, प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश सचिव, प्रदेश संयुक्त सचिव, प्रदेश विधि मंत्री, प्रदेश क्षेत्रीय मंत्री, सदस्य प्रदेश कार्यकारीणी, प्रभारी एवं सदस्य महिला प्रकोष्ठ, एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों सहित 121 सदस्यों को संपूर्ण राजस्थान से मनोनित किया।

### महाराष्ट्र बना डिजीफेस्ट का पार्टनर

**जयपुर** । महाराष्ट्र सरकार और टाई राजस्थान ने राजस्थान डिजीफेस्ट और टाई ग्लोबल समिट 2026 के लिए साझेदारी की है। यह साझेदारी भारत में नवाचार और स्टार्टअप्स के तंत्र को मज़बूत करने के उनके साझा प्रयास को दिखाती है। इसका मकसद है कि अच्छे स्टार्टअप्स, उद्योग से जुड़े शीर्ष लीडर, निवेशक और नीति-निर्माता एक ही मंच पर आएँ। इससे नई तकनीक और नए आइडिया को बढ़ावा मिलेगा और स्टार्टअप्स के लिए नए अवसर बनेंगे। महाराष्ट्र स्टेट पार्टनर के रूप में अपने चुने हुए स्टार्टअप्स के साथ समिट में भाग लेगा। इसके माध्यम से बी2बी और बी2जी मीटिंग्स को बढ़ावा मिलेगा, स्टार्टअप्स को विशेषज्ञ सत्रों में सीखने और अनुभव साझा करने का मौका मिलेगा। महाराष्ट्र साथ ही और दीर्घकालिक सहयोग पर काम करेगा जो समिट के बाद भी जारी रहें। इस मौके पर बात करते हुए महाराष्ट्र सरकार में सचिव (उद्योग), आईएएस डॉ. पी. अंबालगन ने कहा, राजस्थान डिजीफेस्ट और टाई ग्लोबल समिट 2026 के साथ यह साझेदारी महाराष्ट्र के नवाचार तंत्र को और मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्टार्टअप्स को नई पहचान मिलेगी, उद्योग और सरकार का सहयोग बढ़ेगा और राज्य तकनीक, उद्यमशीलता और निवेश का प्रमुख केंद्र बनेगा। टाई ग्लोबल समिट संयोजक महावीर प्रताप शर्मा ने स्टेट पार्टनर महाराष्ट्र का स्वागत किया।

### बीएसएनएल का फ्रीडम प्लान दुबारा शुरू

**जयपुर** । बीएसएनएल ने अपने लोकप्रिय "फ्रीडम प्लान" को दुबारा शुरू किया है। बीएसएनएल राजस्थान परिमण्डल के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय ने बताया कि बीएसएनएल ने अपने सम्मानीय ग्राहकों की बढ़ती डिमांड पर अपने लोकप्रिय फ्रीडम प्लान को अपने नये ग्राहकों के लिए दुबारा शुरू किया है। इसमें पूर्व की भांति ही एक रूपये के एफआरसी द्वारा 30 दिनों के लिए असीमित वॉइस कॉल, 2जीबी डाटा प्रतिदिन एवं 100 एसएमएस प्रतिदिन मिलेंगे। यह ऑफर 31दिसम्बर 2025 तक लागू रहेगा। इस सिम को उपभोक्ता अपने नजदीकी बीएसएनएल ग्राहक सेवा केन्द्र, फ्रेंचाईजी एवं रिटेलर आदि से तत्काल प्राप्त कर सकते हैं।

### दिव्यांग बच्चों को खिाई आत्म-सुरक्षा

**जयपुर** । विश्व दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जयपुर के प्रतिष्ठित जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका द्वार पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजस्थान पुलिस और प्रयास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। जिसमें दिव्यांग और अन्य छात्रों,प्रशिक्षकों, स्टाफ और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना था। इस वर्ष विश्व दिव्यांगता दिवस की थीम सामाजिक प्रगति को बढ़ाने के लिए दिव्यांगता समावेशन को बढ़ावा देना थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात पुलिस उपायुक्त सुमित मेहरड़ा थे। जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीना विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। अतिथियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर विश्व दिव्यांग जागरूकता दिवस रैली को रवाना किया। जिसमें दिव्यांग बच्चे,सामान्य बच्चे, पुलिस अधिकारी और आमजन शामिल हुए। रैली के बाद मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसने सभी का ध्यान खींचा।

### 7 साल से फरार बदमाश मुंबई से गिरफ्तार

**जयपुर** । सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात साल से फरार वांछित को मुंबई (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार शुदा स्थाई वारंटी थाना सिन्धी कैम्प के दो प्रकरण एवं चार थाना शास्त्री नगर विद्याधर नगर, जालुपुरा और मुरलीपुरा थाने में वांछित है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस आयुक्तालय की ओर से वांछित एवं भगोड़े अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात साल से फरार वांछित आरोपी प्रियेश अग्रवाल निवासी विराटनगर जयपुर ग्रामीण हाल मुम्बई महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित विभिन्न थानो के पुराने प्रकरण में फरार चल रहा था और पुलिस से बचने के लिए निवास बदल कर फरारी काट रहा था। आरोपित के विरूद्ध विभिन्न थानों में छह आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जिनमें सभी प्रकरण में स्थायी वारन्टों में वांछित है।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 8 को

**जयपुर** । राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल भर्ती वर्ष 2025 की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। 12वीं बटालियन आरएसी (आईआर) विकासपुरी, नई दिल्ली ने शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं शारीरिक मापतौल परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है। जिसका आयोजन जयपुर में किया जाएगा। कमाण्डेन्ट 12वीं बटालियन आरएसी (आईआर) केवल राम ने बताया कि सफल उम्मीदवारों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा और शारीरिक माप तौल परीक्षण की तिथि 8 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय पर राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में उपस्थित होना अनिवार्य है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने वाले सफल अभ्यर्थियों को कुछ महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना होगा। सभी सफल अभ्यर्थियों को राजस्थान पुलिस की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्रिंट आउट लाना होगा। उम्मीदवारों को भर्ती 2025 की विज्ञिप्त के बिंदु संख्या 16 में वर्णित नियमानुसार स्वास्थ्य एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र तथा प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों की पूर्ण पालना करते हुए परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।




## World Wildlife Conservation Day: Protecting Nature's Priceless Heritage

World Wildlife Conservation Day, observed annually on December 4, serves as a global reminder of the urgent need to protect endangered species and preserve the planet's rich biodiversity. From forests and oceans to grasslands and wetlands, wildlife plays a vital role in maintaining ecological balance and supporting human survival. The day calls for collective action, from governments and conservation groups to individuals, to combat poaching, habitat loss, and climate change. By promoting sustainable living and responsible choices, World Wildlife Conservation Day inspires everyone to safeguard the natural world for future generations.




Amrit Mathur, Arun Lal, Piyush Pandey, Kirti Azad: part of Delhi Univ team-winners of Rohinton Baria, the national championship.


ROHINTON BARIA WINNERS, Delhi University team: ALL INDIA NATIONAL championship
L TO R: Randhir Singh, KIRTI AZAD, SUNIL VALSON, AMRIT MATHUR, ARUN LAL, PIYUSH PANDEY, ALL FROM STEPHENS KARUN DUBE & RANDHIR SINGH FROM HINDU COLLEGE.


L-R - STANDING: MADHUKAR SHARMA, PRAHLAD SINGH JADEJA, PIYUSH PANDEY, MAHESH SHARMA, VIMAL SONI
SITTING : ANJAN ROY, VINOD MATHUR, N D MARSHALL SIR, KAMLAKAR SHARMA, PRAMOD ARYA, SHARAD JOSHI, PRADEEP BHARGAVA WITH THE TROPHY.


St. Xavier's School, Jaipur - second grade. Piyush is in the top row, fourth from the right, long before anyone had heard of Cannes or Clips.


Sitting L-R : Rajender Sharma, Prahlad Singh, Sudhir Mobar, Kaniyalal Saini (manager) Piyush Pandey, Subash Sharma, Ronnie Sherman
Standing: Arun Kaushik, Arifullah Khan, Amrit Mathur, S Arora, Kuldeep Singh, Taposh Chatterjee, Deepak Narayan Mathur.


Piyush graduated from St. Xavier's in 1972.


By Sharat

L-R: RAMA PANDEY, PIYUSH PANDEY, TRIPTI PANDEY AND ILA ARUN.

# Remembering Piyush Pandey Xavierite, Stephanian, team-mate, and 'yaaron ka yaar'


St. Stephen's College cricket team, 1978. Piyush stands in the back row, fourth from the right.

Ronnie remembers that during cricket net practice, under the watchful eyes of N.D. Marshall, the contest between Piyush, Abdul Quum, and himself was to see who could break the maximum number of glass windowpanes. Strangely, the panes were shattered late in the evening, but were found repaired by 7:00 AM the following morning. Since Ronnie was Marshall's favorite, the blame fell on Piyush. N.D. Marshall would admonish him: "Saala, tu kya karta hai? Aise kya khelta hai? Seedhe kyon nahin khelta hai?" Although Piyush would get irritated at being singled out, they would always laugh it off later over chai and kachoris.



His sister Tripti Pandey celebrating his life.



Lt Gen Padam Singh Shekhawat, PVSM, AVSM (1984 batch), chief guest at St. Xavier's School Sports Day on 29 November 2025, with Piyush Pandey's books - the No. 1 bestseller Pandeymonium and Open House.


'Pande' and 'Bhooth,' Piyush Pandey with lifelong friend Anil Kumar. "He remained 'Pande' and I loved 'Bhooth'," Anil says.


Birthday celebrations at home with his mother and sisters.



**Pushpendra Bhargava**
*(Jaipur-based hotelier, writer and chronicler of the city's everyday histories)*

Before he became the most recognisable face of Indian advertising, he was simply 'Pande,' a St. Xavier's boy who played serious cricket, loved kachoris, and collected friends for life. News of Piyush Pandey's passing travelled fast through the world of advertising, but in Jaipur, the shock was also very local.

Tributes across India have called him a legend. His friends here still talk about him as 'the coolest one we knew.'

### Jaipur lanes, Jaipur flavours

One line of family memory says a lot. His mother's constant mantra at home was:

**"Jo soya vo khoya, jo jaaga so paaya."**

Whoever sleeps loses; whoever stays awake gains. Those who knew him feel he carried that line his whole life, always alert, always watching, always working.

His siblings are well-known in their own fields:

- Ila Arun on stage, screen and as a folk singer
- St Stephen's College cricket team, 1978. Piyush stands in the back row, fourth from the right. Prasoon Pandey in film and advertising,
- Rama Pandey (extremely popular teacher at St. Xavier's), later with BBC HINDI RADIO, LONDON
- Tripti Pandey's exemplary writing on the heritage and tourism of Rajasthan

His Jaipur was also mapped through food and people. Khunteta Namkeen Bhandar in Kishanpole Bazar, where shopkeeper Dinesh Khandelwal proudly said that he already had one of Piyush's books. RASTA'S every old Jaipurite will recognise - Kishanpole Bazar, Khazane Walon Ka Rasta, Purohitji-ka-Bagh, New Colony WAS THE CYCLING ROUTE - remembered through the taste of kachoris and shared jokes.

Friends joke that one day, everyone who loved him should just gather at Khunteta's, order his favourite kachori, and talk about him. It is an entirely Jaipur way of saying goodbye.

### BAND OF BANDITS

### St. Xavier's: the first team

A second-grade class photograph from St Xavier's School, Jaipur still survives: boys in neatly combed hair and shorts, teachers flanking

> His Jaipur was also mapped through food and people. Khunteta Namkeen Bhandar in Kishanpole Bazar, where shopkeeper Dinesh Khandelwal proudly said that he already had one of Piyush's books. RASTA'S every old Jaipurite will recognise...

them in the middle row. In the top row, fourth from the right, stands a small, serious-faced Piyush - long before the moustache, long before Cannes and Clips, already part of a city classroom that would form him.

At Xavier's, he was more than a backbencher with good jokes. His cricket coach was N. D. Marshall, who 'insisted his players follow the sacred basics of correct technique.' Those lessons in discipline and basics stayed with him in cricket and, later, in advertising.

He played cricket at both St. Xavier's and St. Stephen's, and for the city's pride, the 'Jaipur Blues' side. Playing for Jaipur Blues and for Rajasthan made Jaipur his cricket ground long before the country knew his name from television screens.

"Piyush sir, you're the legend who didn't just change Indian advertising - you rewrote its DNA with wit, wisdom, and that unmistakable Pandey-ji magic.

From one Xavierite to another: you proved that 'Ogilvy bhi kabhi Xavierite tha' - and we're all still learning from your genius!"

### 'Pande's dearest Bhooth'

No remembrance of Piyush is complete without Anil Kumar 'Bhooth,' introduced in the family tribute on a line of his own as 'Pande's dearest Bhooth.'

Anil and Piyush were together from Standard 1 through five years of college and the first job in a tea company. As a hosteller at Xavier's, Anil relied on day-scholar Piyush to run errands in the city, 'a privilege which was mischievously used,' he recalls.

In one school dramatics production, Anil was cast as a ghost. The role stuck so firmly that 'Bhooth' became his nickname forever. As he writes:

"The friendship grew so strong that all the mischief he did would be blamed on me, and I would happily accept the punishment. He remained 'Pande' and I loved 'Bhooth.'"

Both did well in sports, captaining the cricket and football teams respectively. Their treks from Nahargarh to Amer are remembered as 'very memorable,' long walks, rough jokes, and that particular Xavierite mix of discipline and

## #OUR 'JAIPUR RATAN'


PRAHLAD SINGH JADEJA WITH PIYUSH.



Cycling to Ramgarh, answering to 'Pandu.'



Khunteta Namkeen Bhandar in Kishanpole Bazar.


Banna Ji FROM PUROHITJI KA BAGH.

disobedience.

Most of his friends, Mahesh Sharma, Amrit 'Tony' Mathur; Ronnie Sherman, PRADEEP AGARWAL, Prahlad Singh, Jadeja Anil 'Bhooth' Kumar, Ashok Sampatram, Alok Sarma, and Ajit Singh Shekhawat, Sanju and Anju Mudkavi, Balendu Singh were stars in their own right.

Ronnie remembers that during cricket net practice, under the watchful eyes of N.D. Marshall, the contest between Piyush, Abdul Quum, and himself was to see who could break the maximum number of glass windowpanes. Strangely, the panes were shattered late in the evening, but were found repaired by 7:00 AM the following morning.

Since Ronnie was Marshall's favourite, the blame fell on Piyush. N.D. Marshall would admonish him: "Saala, tu kya karta hai? Aise kya khelta hai? Seedhe kyon nahin khelta hai?" Although Piyush would get irritated at being singled out, they would always laugh it off

> "Pandu" was his nickname in those years. Some of the American Fathers at Xavier's were on first-name terms with boys and even some parents. That mix of formality and informality, respect and easy banter shows up later in his work life too.

later over chai and kachoris. School days weren't only about teams and trophies. There were cycle rides all the way to Ramgarh for day picnics, punctures included, with students pushing their cycles under the watchful eye of Father Wilzbacher.

"Pandu" was his nickname in those years. Some of the American Fathers at Xavier's were on first-name terms with boys and even some parents. That mix of formality and informality, respect and easy banter shows up later in his work life too: relaxed on the surface, strict on the basics, never taking himself too seriously. One caption from the family material describes those years simply as 'lifelong friends with numerous misadventures as favourite memories.' Anyone who has been on a Jaipur school picnic bus knows exactly what that means.

### Jaipur Blues and the Frank Worrell Trophy

The cricket path, though, was serious. One black-and-white team photograph shows him with 'Jaipur Blues,' winners of the Frank Worrell Trophy (1968-69). Coach N. D. Marshall sits in the centre, surrounded by a line of young men in whites - Madhukar Sharma, Prahalad Singh Jadeja, Vinod Mathur and others - with Piyush standing among them, part of a side that gave Jaipur its first taste of that trophy.

He went on to captain Rajasthan in the C. K. Naidu Under-22 Trophy, and later played Ranji Trophy cricket for Rajasthan in the 1977-78 and 1978-79 seasons. For a Jaipur boy of that generation, this alone would have been enough to be remembered.

He was on the St. Xavier's School swimming team, where he excelled alongside Vijay Chug and Hemant Babali. He captained the Greens House, won the Masuda Cup, and even substituted for a missing athlete from his house to win gold in the javelin throw. The icing on the cake was his mother, Mrs. Bhagwati, sharing in that moment.

### St. Stephen's: Delhi colours, Jaipur spine

The path then led to St. Stephen's College, Delhi, where he read History while continuing to play serious cricket. A 1978 group photograph of the college cricket team has become a small relic now: Piyush stands in the back row, fourth from the viewer's right, teammates in maroon blazers and whites packed around him.

In his remembrance, Shashi Tharoor wrote that he was 'devastated and heartbroken' by the news of Piyush's passing, and added, with typical understatement, that he had been 'a pretty good college cricketer as well.'

Friends also remember a line from his youth cricket days that he loved to repeat. When the scoreboard once read 53 for 6, teammate Arun Lal is said to have told him:

"Fifty-three for six is an opportunity for someone who wants to be great." Piyush carried that line as a life metaphor, turning crises into chances in work and life.

In Piyush's words,

"Arun Lal, my best buddy… Participating in the Ranji Trophy was the target for me, but it was just the beginning for you."

In *Pitchside*, his book, Amrit Mathur writes:

"The annual inter-college battle between St. Stephen's and Hindu College - once played over seven days - was the stuff of legends. The final was something special: classes were suspended in Delhi University, thousands of spectators packed the university ground, and there was live commentary on the radio." The present Principal of St. Stephen's, Prof. John Varghese, recently wrote:

"You will be happy to know that this semester, one of the assignments that I gave for my students was on Piyush Pandey! Language through Literature is the course that I taught this semester. The students enjoyed working on Piyush."

College added many more layers to his Jaipur base: A wider view of India's cities and regions, with the ability to handle big-match pressure and work in teams.

Put together with Xavier's discipline and Jaipur roots, these experiences prepared him for exactly the kind of job where you need to speak to everybody, not just one type of person.

### A Jaipur life, fully played

In piece 2, we will look at Piyush Pandey, the advertising craftsman: the Cadbury girl dancing on a field, the Fevicol truck that never breaks, the polio campaign, the Padma Shri, the 'commercial artiste' who insisted that people must love the work before awards mattered.

For the rest of the country, he was the man with the moustache who made Indian advertising speak like us. For Jaipur, he remains the boy who once pushed a punctured bicycle to Ramgarh, captained Jaipur Blues, and never stopped answering to 'Pande.'

**To be continued...**

*rajeshsharma1049@gmail.com*



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोटा : औचक निरीक्षण में बाल वाहिनियों में कई खामियां मिली

## निरीक्षण के दौरान आपातकालीन निकास बंद मिले, अग्निशमन यंत्र भी नहीं थे



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा द्वारा बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

- **अति. जिला न्यायाधीश ने मौके पर ही ऐसे वाहनों को आर.टी.ओ. के द्वारा अनफिट घोषित कर जब्ती के आदेश दिए**

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों की पालना में कोटा में बाल वाहिनियों के औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण लगातार किया गया जा रहा है।

बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सचिव एवं अति. जिला न्यायाधीश गीता चौधरी ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम एवं यातायात पुलिस टीम के साथ लेंडमार्क सिटी चौराहा, एक्सोटिका रिसोर्ट के सामने कोटा पर सुबह बाल वाहनियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ ऐसी बसें पाई गई, जिनमें आपातकालीन द्वार या तो खराब था या इसके स्थान पर सीट लगाकर बैठने की जगह बढ़ा दी गयी थी। इसे अति. जिला न्यायाधीश द्वारा गम्भीरता से लिया गया एवं मौके पर ही ऐसे वाहनों को आर.टी.ओ. के द्वारा अनफिट घोषित कर उनकी जब्ती के आदेश दिए।

इसके अतिरिक्त कई बाल वाहनियों में अग्निशमन यंत्र नहीं पाए गए। या बंद हालत में पाए गए। ऐसे मामलों में अति. जिला न्यायाधीश के निर्देश पर चालान बनाए गए। इसके अतिरिक्त वाहन सुरक्षा से संबंधित अन्य विभिन्न बिन्दुओं जैसे वाहन की क्षमता, यांत्रिक फिटनेस-ब्रेक, टॉयर, लाईट, संकेतन, क्लच, सस्पेंशन, वाहन का बीमा, वाहन पूर्णतः पीले रंग में पेंटेड तथा उसका रंग साफ-सुथरा व स्पष्ट है या नहीं, वाहन के पीछे संबंधित स्कूल का नाम, पता एवं फोन नंबर का अंकन, वाहन की सुरक्षित संरचना, लॉकिंग प्रणाली की दुरूस्तता व अन्य सुरक्षा संबंधी बिन्दुओं पर निरीक्षण किया गया। कमी पाये जाने पर चालान काटे गये।

**विद्यालय प्रबंधन सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करें :**-निरीक्षण के उपरांत सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आक्रोश जाहिर करते बच्चों की जान जोखिम में डालने वाले किसी भी वाहन को सड़कों पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे सभी वाहन तुरंत जब्त किए जाएंगे तथा संबंधित वाहन स्वामियों एवं विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाल वाहनियों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है इसके बावजूद स्कूली वाहनों में सुरक्षा संबंधी कमियां सामने आ रही हैं। बाल वाहन संचालकों की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। विद्यालय प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीन संचालित सभी वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप हों। नियमों का पालन न करने वाले संचालकों के विरुद्ध बिना किसी पूर्व सूचना के कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण कार्यवाही में जिला परिवहन कार्यालय के निरीक्षक देवेन्द्र कुमार जोशी, यातायात निरीक्षक पूरण सिंह, सहायक उप निरीक्षक आलम गनी एवं साथी टीम सदस्य उपस्थित रहे। कोटा जिले में अब तक 600 से अधिक बाल वाहनियों की जांच की चुकी है, जिनमें से 27 वाहनों की जब्ती की गई एवं 200 से अधिक वाहनों के चालान काटे गए हैं।

# श्रेणी बदलाव की मांग को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका खारिज

- **राजस्थान हाईकोर्ट : भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी महिला अभ्यर्थी के पति की मृत्यु हो जाती है, तो उसे विधवा श्रेणी के आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता**
- **पाली जिले के निमाज निवासी सरोज शर्मा ने एलडीसी भर्ती-2013 में श्रेणी बदलाव की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी**

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि सरकारी भर्ती प्रक्रिया के दौरान यदि किसी महिला अभ्यर्थी के पति की मृत्यु हो जाती है, तो उसे विधवा श्रेणी के आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता। पात्रता का निर्धारण आवेदन की अंतिम तारीख के आधार पर ही होगा। जस्टिस मन्नूरी लक्ष्मण की एकलपीठ ने सरोज शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया।

पाली जिले के निमाज निवासी सरोज शर्मा ने एलडीसी भर्ती-2013 में श्रेणी बदलाव की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि "खेल शुरू होने के बाद बीच में नियम नहीं बदले जा सकते"। 12 फरवरी 2013 को लोअर डिवीजन क्लर्क पद के लिए विज्ञापन जारी किया था, जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च 2013 थी। याचिकाकर्ता सरोज शर्मा ने 13 अप्रैल 2013 को अनारक्षित महिला (जनरल फीमेल) कैटेगरी में आवेदन किया था। विज्ञापन में विधवा महिलाओं के लिए अनारक्षित (विधवा) कैटेगरी में आरक्षण का प्रावधान था, लेकिन सरोज ने उस कैटेगरी में आवेदन नहीं किया क्योंकि आवेदन की अंतिम तिथि पर उनके पति जीवित थे। भर्ती प्रक्रिया लंबी चली और इसी दौरान 19 दिसंबर 2022 को सरोज के पति का निधन हो गया। मूल चयन सूची में उन्हें न तो अनारक्षित महिला कैटेगरी में और न ही विधवा कैटेगरी में योग्य पाया गया। 17 नवंबर 2022 के संचार द्वारा प्रतिवादियों ने 12 फरवरी 2013 के विज्ञापन की चयन प्रक्रिया में खाली पदों को भरने का निर्णय लिया। सरोज शर्मा को 52.739 अंक मिले थे, जबकि अनारक्षित विधवा कैटेगरी में 32.846 अंक वाली उम्मीदवार का चयन हो गया था। चूंकि सरोज के अंक चयनित उम्मीदवार से अधिक थे, इसलिए उन्होंने 12 जनवरी 2023 को प्रतिवादियों को रिप्रेंजेशन भेजकर अपनी कैटेगरी अनारक्षित महिला से बदलकर अनारक्षित विधवा में करने का अनुरोध किया, जिसे विभाग ने नहीं माना। तब सरोज ने रिट याचिका दायर की।

याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि पति की मृत्यु एक अप्रत्याशित घटना थी जो भर्ती प्रक्रिया के दौरान हुई। उन्होंने जमुना राजपुरोहित और संगीता जोशी जैसे पुराने फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में मानवीय आधार पर श्रेणी बदलाव की अनुमति मिलनी चाहिए।

सरकार की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि पात्रता का निर्धारण आवेदन की अंतिम तारीख 22 मार्च 2013 के आधार पर होना चाहिए। उस दिन याचिकाकर्ता विधवा श्रेणी के लिए पात्र नहीं थी। उन्होंने कहा कि 9 साल बाद पात्रता हासिल करने पर नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता।

जस्टिस मन्नूरी लक्ष्मण ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि कानून का यह तय सिद्धांत है कि पात्रता का निर्धारण विज्ञापन में दी गई कट ऑफ तारीख या आवेदन की अंतिम तारीख से ही होता है। अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए पुराने फैसलों के हवाले को नकार दिया।

# आयड़ नदी में बह रहा पानी औद्योगिक अपशिष्ट मिलने से जहरीला हुआ

- **राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल की जांच में पता चला है कि यह पानी न पीने के लायक है और न ही खेती के लायक है**

**उदयपुर,** (का.सं.)। उदयपुर में शहर के बीच से उदयसागर झील तक जाने वाली आयड़ नदी की जांच ने सभी को चौंका दिया है। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल की जांच में पता चला है कि नदी में बह रहा पानी औद्योगिक अपशिष्ट मिलने से काफी जहरीला हो चुका है। यह पानी न पीने के लायक है और न ही खेती के लायक है।

नदी में अपशिष्ट मिलाने की शिकायत को सीवरेज टास्क फोर्स के पूर्व सदस्य प्रो. महेश शर्मा ने उठाया था। उनके कहने पर प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी शरद सक्सेना ने टीम भेजकर जांच करवाई और करीब 55 टन स्लज भी हटवाया। यही दूषित पानी आगे चलकर उदयसागर झील में मिल रहा है। खास बात है कि यहां पर एक प्लांट लगाकर प्रतापनगर इलाके को पेयजल सप्लाई देने की योजना बनाई जा रही है। रिपोर्ट कहती है कि ऐसा हुआ तो लोगों की सेहत पर काफी असर पड़ सकता है। आयड़ नदी में बह रहे अपशिष्ट की पीएच वैल्यू 2.53 है, जबकि पीने के पानी के लिए 6.5 से 8.5 तक सामान्य मानी जाती है। इसके साथ ही सीओडी 888, बीओडी 58, सस्पेंडेड सॉलिड 28 और ऑयल ग्रीस की मात्रा 6 दर्ज की गई जो सभी स्तर सुरक्षित सीमा से कहीं ऊपर हैं।

प्रो. शर्मा ने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में आयड़ सौंदर्याकरण के साथ 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का प्रस्ताव पहले से मौजूद है। उन्होंने यह रिपोर्ट उन्हें सौंप दी। इससे पहले वेश्कोस भी 20 एमएलडी का सीईटीपी लगाने का सुझाव दे चुका है। वहीं संभागीय आयुक्त भी शहर के लिए 60 एमएलडी की मौजूदा क्षमता को कम बताते हुए अतिरिक्त 20 एमएलडी का एसटीपी लगाने की बात कह चुके हैं। शर्मा का कहना है कि जब तक ये व्यवस्थाएं नहीं बनती शहर को यह दूषित पानी नहीं दिया जाना चाहिए और बड़ी तालाब का पानी पीने के लिए इस्तेमाल किया जाए।

कानपुर खेड़ा के एडवोकेट नवीन मेनारिया का कहना है कि सरकारी लापरवाही की वजह से आयड़ नदी की हालत पिछले दो दशक से लगातार बिगड़ती जा रही है। नदी किनारे जमीन बंजर होती जा रही हैं लेकिन किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है। बार-बार इस बात को उठाने के बाद भी जिम्मेदार इस पर चुप रहते हैं।

जानकारों की माने तो यह पानी बेहद अम्लीय है। ऐसा पानी पीने से पाचन तंत्र, दांत, गला और पेट को गंभीर नुकसान हो सकता है। नहाने पर भी त्वचा जल सकती है। पीने के पानी के लिए आदर्श पीएच रेंज लगभग 6.5 से 8.5 होती है किंतु पीएच 2.53 का मतलब है कि यह पानी अत्यधिक अम्लीय है। अत्यधिक अम्लीय पानी पीने से पाचन तंत्र, दांत और श्लेष्मा झिल्ली को गंभीर नुकसान ही सकता है।

## नहर में गिरा बालक, मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद थाने के अंतर्गत मानसिंहजी का खेड़ा गांव में मंगलवार दोपहर हुई दर्दनाक घटना में चार वर्षीय बालक सिद्धार्थ कुमावत की मौत हो गई। बस स्टैंड के पास खेलते समय अचानक पैर फिसलने से वह खारी बांध की मुख्य नहर में गिर गया था।

जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत तलाश शुरू की और पुलिस को सूचित किया। सूचना पर आसींद पुलिस मौके पर पहुंची और परिस्थितियों को देखते हुए खारी बांध से मुख्य नहर को तत्काल बंद करवाया गया, जिससे पानी का बहाव रोका जा सके। मानसिंहजी का खेड़ा से साबदड़ा गांव तक लगभग एक किलोमीटर के दायरे में पुलिस व ग्रामीणों ने लगातार खोजबीन की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बालक का शव मान सिंह जी का खेड़ा के पास नहर में मिला। शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। दुर्घटना से गांव में शोक की लहर है।

# बदमाशों ने छठी कक्षा की बच्ची से छेड़छाड़ की

- **उठाकर ले जाने लगे बाइक सवार बदमाश, विरोध करने पर मां की चुन्नी खींची, धक्का दिया**
- **बच्ची की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की**

**बीकानेर,** (निसं)। छठी क्लास की बच्ची से बदमाशों ने छेड़छाड़ की। मासूम ने अपनी मां को बताया। मां उसे स्कूल छोड़ने जाने लगी तो रास्ते में फिर वही बदमाश बाइक पर मिले। बदमाशों ने मासूम को देखकर हॉर्न बजाया और अश्लील इशारे किए। बच्ची को ले जाने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर मां की चुन्नी खींची और धक्का देकर गिरा दिया। आसपास के लोग पहुंचे तो बदमाश जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना जिले के खाजूवाला थाना इलाके में 28 नवंबर की है। मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

थानाधिकारी सुरेंद्र प्रजापत ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है। पीड़िता के बयान होने के बाद ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। बच्ची की मां ने एफआईआर में बताया कि मेरी बेटी एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 6 की स्टूडेंट है। गांव के कुछ लड़के उसे तंग कर रहे हैं। उससे छेड़छाड़ करते हैं और अश्लील इशारे करते हैं। उसने जब मुझे ये सारी बातें बताई तो मैं खुद 28 नवंबर को बच्ची को स्कूल छोड़ने जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार करीब 7 लड़के हॉर्न बजाते हुए आए। इन युवकों ने अश्लील इशारे किए और हमारे सामने बाइक रोक दी। विरोध करने पर 2 बदमाशों ने कहा कि हम तो ऐसे ही करेंगे। इसके बाद दूसरे लड़के भी हंस रहे थे।

इस दौरान एक बदमाश ने बेटी का हाथ पकड़कर जबरन बाइक पर बिठाने की कोशिश की। जब मैंने बच्ची को छुड़ाने की कोशिश की तो उन्होंने मुझे धक्का दिया। मुझे चुन्नी से खींचकर गिरा दिया। मैंने मेरी बच्ची को पकड़ लिया। इतना होने के बाद भी बदमाश बच्ची को जबरन ले जाने की कोशिश कर रहे थे। हमारे चिल्लाने पर वहां मौजूद लोग आए तो युवक भाग गए। मां ने बताया कि थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। इसकी जानकारी मिलते ही बदमाशों के परिजन हथियार, लाठी, गंडासी जैसे हथियार लेकर आए। उन्होंने कहा कि हमारे लड़के ऐसे ही करेंगे। इस लड़की को उठाकर ले जाएंगे। रिपोर्ट में बताया कि बदमाशों के डर से बच्ची ने घर से बाहर निकलना बंद कर दिया है। वह स्कूल भी नहीं जा पा रही है।

# 'कोटा जिले में 78 हजार मैट्रिक टन यूरिया आयेगा'

**कोटा,** (निसं)। जिले में आगामी 4 दिनों में 7 से 8 हजार मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति होगी। संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि पहली बार चंबल फर्टिलाईजर एवं केमिकल लि. कोटा द्वारा प्राइवेट उर्वरक विक्रेताओं के साथ जिले के सहकारी तंत्र की ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं क्रय-विक्रय सहकारी समितियों में भी आपूर्ति की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस सप्ताह इफको, आरसीएफ एवं नेशनल फर्टिलाईजर लि. की रेक से 5 से 6 हजार मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति होगी। साथ ही अगले 3 से 4 दिन की अवधि में चंबल फर्टिलाईजर एवं केमिकल लि. कोटा द्वारा 1500 से 2000 मैट्रिक टन युरिया की आपूर्ति की जाएगी एवं 10 दिसम्बर तक कृभको की लगभग 2800 मैट्रिक टन यूरिया की रेक आयेगी। संयुक्त निदेशक ने बताया कि यूरिया का वितरण विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। वर्तमान में कोटा जिले के दीगोद ब्लॉक में 787 मैट्रिक टन, पीपल्दा में 444 मैट्रिक टन, लाडपुरा में 1038 मैट्रिक टन, सांगोद में 735 मैट्रिक टन एवं रामगंजमण्डी में 304 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है।

वैज्ञानिक अनुसंधानों के अनुसार एक बोतल नेनो यूरिया की उपयोग दक्षता 45 किग्रा यूरिया के बराबर है। अतः किसान परम्परागत यूरिया के स्थान पर सरसों, गेहू, धनिया एवं लहसुन आदि की फसलों में नेनो यूरिया का छिड़काव कर अधिक उपज एवं पैसे की बचत कर सकते हैं। संयुक्त निदेशक ने बताया कि राज्य में नेनो उर्वरकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेनो डीडी एवं कस्टम हायरिंग सेंटर पर उपलब्ध ड्रोन से नेनो यूरिया का छिड़काव कराने पर 2000 रूपये एवं नेनो डीएपी का छिड़काव कराने पर प्रति हैक्टेयर 2500 रूपये का अनुदान देय है।

## मोहन भागवत का भीलवाड़ा में स्वागत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भीलवाड़ा के एक निजी रिसॉर्ट पहुंचे। इस अवसर पर कलेक्टर जसमीत सिंह और एसपी धर्मेन्द्र यादव ने मोहन भागवत का स्वागत कर अगुवाई की। भागवत शहर में आयोजित एक शादी समारोह में शिरकत करने आए थे, जहां उनके आगमन से कार्यक्रम की शान बढ़ गई। आगमन के दौरान सुरक्षा प्रबंधों को सख्ती से लागू किया गया। पुलिस प्रशासन ने शहर के विभिन्न प्वाइंट्स पर चौकसी बढ़ा दी थी। मोहन भागवत समारोह के बाद संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कुटुम्ब प्रबंधन कार्यक्रम को लेकर अहम बैठक भी लेंगे। यह बैठक संघ की आगामी गतिविधियों और योजनाओं पर चर्चा के लिए आयोजित की जाएगी।

# नसीराबाद का सबसे बड़ा उद्यान बन रहा आकर्षण का केंद्र



नसीराबाद शहर का ऐतिहासिक पटेल उद्यान अब नई पहचान बना रहा है।

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद शहर का ऐतिहासिक पटेल उद्यान अब नई पहचान बना रहा है। छावनी परिषद कैंटोनमेंट द्वारा उद्यान के सौंदर्यकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर चरण पर सीईओ नीतीश गुप्ता की पैनी नजर और सक्रिय निर्देशन से उद्यान का स्वरूप दिन-प्रतिदिन निखरता जा रहा है। पहले और अब की स्थिति में स्पष्ट अंतर दिख रहा है रात-दिन की मेहनत ने पटेल उद्यान को नई चमक दे दी है, जिसे शहरवासी स्वयं जाकर महसूस कर सकते हैं।

नसीराबाद में मौजूद अन्य उद्यानों में भी विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। कुछ उद्यानों में काम पूर्ण हो चुका है, जबकि बचे हुए उद्यानों में अंतिम चरण का कार्य जारी है। परिषद का लक्ष्य है कि सभी उद्यानों का सौंदर्यकरण जल्द से जल्द पूरा कर शहर की हरियाली और सार्वजनिक सुविधाओं को नई ऊँचाई दी जाए। पिछले कई वर्षों में जहाँ इन स्थानों पर ध्यान कम दिया गया था, वहीं अब शहर की तस्वीर बदल रही है। नसीराबाद का माहौल, सुंदरता और पहचान नए रूप में उभर रही है और इस परिवर्तन का केंद्र बिंदु है छावनी परिषद की सक्रिय कार्यशैली और सीईओ नीतीश गुप्ता का नेतृत्व। आज नसीराबाद के उद्यान केवल हरित स्थल नहीं, बल्कि शहर की प्रगति, आधुनिक सोच और सकारात्मक बदलाव की नई कहानी लिख रहे हैं।

# पाटन बाइपास पर घटिया सामग्री से सड़क निर्माण का विरोध

## आरोप है कि ठेकेदार द्वारा फोरलेन सड़क निर्माण में पत्थर, रोडी और गिट्टी की जगह मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है



ग्रामीणों ने हाइवे सड़क में घटिया सामग्री उपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया।

- **चेतावनी दी कि हम इस घटिया निर्माण का कड़ा विरोध करते हैं, अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा**

**पाटन,** (निसं)। पाटन बाइपास स्थित तहसील कार्यालय के पीछे आरएसआरटीडीसी विभाग द्वारा बनाई जा रही फोरलेन हाइवे सड़क में घटिया सामग्री उपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। सपा नेता रामरतन यादव के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की।

यादव ने बताया कि ठेकेदार द्वारा फोरलेन सड़क निर्माण में पत्थर, रोडी और गिट्टी की जगह मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि मिट्टी की सड़क कितने दिन चलेगी? फोर लेन जैसी बड़ी सड़क में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। स्थानीय लोगों ने बताया कि अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया। वहीं, पावर हाउस के सामने बन रही पगडंडी सड़क पर भी मोर्रम की जगह पत्थर के टोले डाले जा रहे हैं और सड़क पर डाली गई डामर के उखड़ने की शिकायत भी लोगों ने की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार की अनदेखी और विभागीय लापरवाही से सड़कें शुरुआत में ही खराब होने लगी हैं।

यादव ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम इस घटिया निर्माण का कड़ा विरोध करते हैं। अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में महावीर यादव, लालचंद योगी, सुमेर सिंह, कालू सिंह राजपूत रायपुर, रोहिताश यादव मिंडाला, रोहिताश यादव बल्लुपुरा, महेश यादव खारिया, महेश यादव मिंडाला, रामप्रकाश सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवक पर फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। सालासर क्रेशर बुचारा में भोजनालय पर युवक पर फायरिंग के मामले में प्रागपुरा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जिला कोटपुतली बहरोड़ देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि फरियादी कृष्ण गुर्जर पुत्र यादराम गुर्जर निवासी माजरा ढाकोडा पुलिस थाना हरसौरा ने प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया था कि मैन बुचारा रोड सालासर क्रेशर पर भोजनालय खोल रखा है। जहां 1 दिसम्बर रात करीब 9.30 बजे रोहित गुर्जर मेरे पास आया व हम दोनों बात कर रहे थे। तभी अचानक धमाका हुआ व मेरे गोली लग गई। जिस पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू करते हुए प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के वांछित मुल्जिमान राहुल यादव पुत्र रामनिवास यादव , रोहित गुर्जर पुत्र राजू गुर्जर को गिरफ्तार किया।

**सैल्समैन बनकर ठगी की :** कोटा में दादाबाड़ी थाना इलाके में एक बदमाश ने स्वयं को सैल्समैन बताकर एक व्यक्ति से साढ़े तीन हजार रूपये की ठगी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश ने स्वयं को मार्ट का सैल्समैन बताकर शक्कर का कट्टा व तेल का पीपा बेहद कम दामों में देने का लालच देकर पीड़ित को अपनी बातो में फंसा लिया और ठगी की वारदात को अंजाम देकर मौका पाकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार दादाबाड़ी के बसंत बिहार निवासी संजय के पास एक व्यक्ति मार्ट का सैल्समैन बनकर आया और शक्कर का कट्टा व तेल का पीपा कम दामों में देने की बात कही और बातों में लेकर 3500 रूपये ले लिये और सामान लेने के लिये पीड़ित के बेटे को साथ भेजने की बात कही।

# पंजाब के राज्यपाल कटारिया भीलवाड़ा पहुंचे

- **एक निजी आयोजन में भाग लेने पहुंचे थे गुलाबचंद कटारिया**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर में एक निजी आयोजन में भाग लेने अल्प प्रवास पर पहुंचे पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया का भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व एवं महापौर राकेश पाठक के सानिध्य में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया का हरणी महादेव मार्ग पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। कटारिया उदयपुर एयरपोर्ट से सीधे भीलवाड़ा शहर के हरनी महादेव मार्ग होते हुए आयोजन स्थल पहुंचे थे, जहां से वे पुनः उदयपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विजय पोखरना, राजकुमार आंचलिया, पवन तापड़िया, प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, अभिश्रुता सोलंकी, अजय नौलखा, रागिनी गुप्ता, रमेश खोईवाल, ऋतुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह, मुकेश सोनी, मुकेश चेचाणी, महेंद्र नायक, शंकर जाट, हरीश सालवी, जगदीश गुर्जर, गजेंद्र सिंह, दीपक पाराशर, शिव चन्नाल, राजकुमार घावरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### तालाब में तैरता मिला युवक का शव

**टोंक**, (निसं)। पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में स्थित चतुर्भुज तालाब में बुधवार को युवक का शव मिलने के बाद क्षैत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया, परिजनो ने बताया कि युवक मंगलवार को घर से निकला था और वापस नहीं लौटा, मृतक शराब पीने का आदी बताया जा रहा है। पुरानी टोंक थानाधिकारी रामगणेश ने बताया कि बुधवार सुबह राहगीरो ने पुरानी टोंक थाना पुलिस को सूचना दी की एक युवक का शव चतुर्भुज तालाब में पानी की ऊपरी सतह पर तैरता दिखाई दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को निकाल कर अपने कब्जे में लिया। बाद में पूछताछ पर युवक की पहचान ललित महावर पुत्र लालाराम महावर उम्र 36 साल निवासी इमामबाड़ा के रूप में हुई, जो शराब पीने का आदी बताया जा रहा है। वही परिजनो ने बताया कि वह मंगलवार को घर से निकलने के बाद वापस नहीं आया, करीब बीस घंटे बाद बुधवार सुबह मृतक तालाब में तैरता नजर आया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सपुर्द कर दिया।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

**टोंक**, (निसं)। मुख्यालय स्थित सैंट सोल्जर महिला महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक हितेश शर्मा व प्रो. नवीन मित्तल ने किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राघवेन्द्र ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो.(डॉ.) नवीन मित्तल, राजकीय महाविद्यालय कोटा के शिक्षा जगत में उनके योगदान एवं उपलब्धियों के बारे में परिचय करवाया तथा प्रो.मित्तल नें सभी के लिए समान एवं समावेशी शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित शिक्षा को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की आवश्यकता और उसके विभिन्न पहलुओं को समझाया।

### विद्युत पोल लगवाने की मांग

**कोटपूतली**, (निसं)। कस्बे के आदर्श नगर में टेलीफोन एक्सचेंज के पास शिव मंदिर के सामने विगत मंगलवार रात्रि को विद्युत पोल टूट गया। भाजपा युवा नेता शशि मित्तल ने बताया कि विद्युत पोल सम्भवतया: किसी गाडी की टक्कर या जमीन में मिट्टी के धंसने से टूट गया, जो अब जो गिरने की कगार पर है। मित्तल ने बताया कि नया विद्युत पोल लगवाने को लेकर विधुत अधिकारियों को अवगत करवाया दिया गया है, शीघ्र ही विभाग द्वारा नया विद्युत पोल लगा दिया जायेगा।

### सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज

**निवाई**। नगर पालिका द्वारा भगतसिंह कॉलोनी स्थित जिरात रोड पर नव निर्मित सामुदायिक भवन का गुरुवार की दोपहर 2 बजे लोकार्पण किया जाएगा। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहर लाल जाट ने बताया कि लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक साहब रामसहाय वर्मा रहेंगे।

# पर्यावरण संवर्धन के लिए पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया

**शाहपुरा**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष अजीत कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाथावाला में नालसा योजना 2016 के अंतर्गत शिविर आयोजित किया।

शिविर में प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर द्वारा अध्यक्षता की गई। विद्यालय की महिला उत्पीडन समिति की अध्यक्ष रामप्यारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 की धारा 7 के तहत न्यायाधिकरण अपील का अधिकार दिया गया है। वे अपने पारिवारिक उतराधिकारी अगर उनकी देख-रेख की अवहेलना करे तब उन्हें न्यायालय में अपीलीय अधिकार दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सेवा, चिकित्सा संबंधी लापरवाही, मनोरंजन के साधन उनके



राजकीय उच्च मा. विद्यालय नाथावाला में नालसा योजना 2016 के अंतर्गत शिविर आयोजित हुआ।

उतराधिकारी द्वारा हिंसात्मक गतिविधियों पर अपनी स्वयं के द्वारा अर्जित चल-अचल संपत्ति से बेदखल करने का अधिकार दिया गया है। उसके लिए सक्षम अधिकारी, मजिस्ट्रेट को अपनी लिखित प्रार्थना पेश करने पर उनके द्वारा इच्छित व्यक्ति को वारिस बनाया जा सकता है। इस शिविर में लाभार्थियों की संख्या 150 उपस्थित रहे। इसी क्रम में संत नारायण दास विद्यालय साईवाड़ में भी शिविर आयोजित किया गया।

अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने साईवाड़ में स्थित संत नारायण दास स्कूल में नालसा योजना 2016 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार, पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण प्रदूषण से बचाव एवं नशा मुक्ति अभियान का शिविर आयोजन किया।

अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और महिला उत्पीड़न के बारे में जानकारी देकर सभी छात्राओं को इसके बारे में विस्तार से समझाया और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए सभी बच्चों को पर्यावरण के संवर्धन के लिए पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया,

■ विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

बताया कि हमारे द्वारा फलदार पेड़ की सुरक्षा हमें स्वयं को करनी है तथा सभी विद्यार्थियों को "एक पेड़ मॉ के नाम "आप सभी को स्वयं के जन्म दिन पर फलदार पेड़ लगाने के लिए भी प्रेरित किया एवं पेड़ पौधों के द्वारा हमें प्राण वायु आक्सीजन मिलती है। वायु मंडल में कल कारखानों से निकली जहरीली गैस से प्रदूषण फैलता है और वरिष्ठ नागरिकों एवं श्वासनली में इसके दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को धूम्रपान से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया और नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई।

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान के प्रति अनुशासित रह कर सफाई व्यवस्था के लिए आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सदस्यों में इंद्राज गुर्जर, परमजीत, शुभम प्रजापत, शंकर पलसानिया, शिवानी शर्मा, दीपिका आसीवाल आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे। लाभार्थियों की संख्या 125 रही।

## के दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने फायरिंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**पावटा**। सालासर क्रेशर बुचारा में भोजनालय पर युवक पर फायरिंग के मामले में प्रागपुरा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जिला कोटपुतली बहरोड़ देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि फरियादी कृष्ण गुर्जर (31) निवासी माजरा ढाकोडा पुलिस थाना हरसौरा ने प्रागपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया था कि मैन बुचारा रोड सालासर क्रेशर पर भोजनालय खोल रखा है। जहां 1 दिसम्बर रात करीब 9.30 बजे रोहित गुर्जर मेरे पास आया व हम दोनों बात कर रहे थे। तभी अचानक धमाका हुआ व मेरे गोली लग गई। फायरिंग की घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर उमेश निठारवाल के सुपरविजन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम के नेतृत्व में टीम द्वारा दिए गए टास्क की पालना में प्रयास करते हुए मुल्जिमान राहुल यादव (20) निवासी सुखाली तन भैंसलाना, रोहित गुर्जर (19) निवासी ढाणी बल्डा तन टोरडा गुजरान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर व पब्लिक हेल्थ यूनिट का भूमि पूजन

**राजगढ़**, (निसं)। कस्बे के महिला चिकित्सालय में करीब 2 करोड़ की लागत से प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर एवं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का बुधवार को भूमि पूजन किया गया। भाजपा नेता बन्ना राम मीणा एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश मीणा एवं अन्य की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में उत्साह का आलम रहा।

इससे पूर्व मंगलवार को एनआरएचएम के अधिशासी अभियंता शिवराम जाटव एवं चिकित्सा प्रभारी रमेश मीणा के मध्य वार्ता में अंतिम रूप दिया गया। संवेदक ओम प्रकाश प्रजापति की ओर से एनआरएचएम के अभियंताओं की मौजूदगी में प्रस्तावित भूमि की पेमाइश की गई। इधर बुधवार को विधि विधान एवं पूजा अर्चना के साथ प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर एवं बीपी एचयू के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता ने ट्रॉमा सेंटर निर्माण से राजगढ़ क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलने की बात कही।



ट्रॉमा सेंटर व ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, प्रेमनाथ धामा णी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, सरपंच सीमा मीणा, भूपेंद्र शर्मा, मुकेश जैमन, सुखराम मीणा, जगदीश सैनी, व्यापार मंडल के बसंत गुप्ता, एवं प्रमुख लोग मौजूद रहे। इसके बाद चिकित्सा प्रभारी एवं भाजपा नेता की मौजूदगी में डाक्टरो की आवासीय व्यवस्था को सुनिश्चित किए जाने को लेकर वार्ता की। इस पर एस डी एम सीमा मीना ने चिकित्सा प्रभारी को वैकल्पिक व्यवस्था करने में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## उर्वरक की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**अलवर**। कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के उद्देश्य से जिला स्तर पर ब्लॉकवारी नरीक्षक प्रभारी नियुक्त कियेजाकर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है एवं जिले से बाहर यूरिया अन्य राज्यों में आपूर्ति नहीं हो इसके लिए नियंत्राण हेतु सीमावर्ती क्षेत्र में कार्मिकों का मनोनयन किया गया है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा ने बताया कि ब्लॉक रैणी, थानागाजी, उमरैण, मालाखेडा, राजगढ में किसी स्थान पर उर्वरक वितरण संबंधी शिकायत मिलने पर प्रभारी विश्राम मीणा सहायक निदेशक कृषि विस्तार राजगढ मो.नं. 8949027478 पर एवं ब्लॉक गोविन्दगढ, रामगढ, कठूमर, लक्ष्मणगढ के प्रभारी मंगतुराम शर्मा सहायक दिशक कृषि विसतार अलवर मो.नं. 9413024114 पर एवं जिला कंट्रोल रूम नं. 8890435224 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने उर्वरकों का समान रूप से पारदर्शिता के साथ वितरण कराने और उर्वरक वितरण में अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं, जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए निरीक्षकों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि जिले के किसानों को समान रूप से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कृषकों को पंक्तिबद्ध किया जाकर उर्वरकों का वितरण प्रशासन के सहयोग एवं विभागीय कार्मिकों की देखरेख में किया जा रहा है। उन्होंने जिले के किसानों से आठाह किया है कि कृषि आदान विक्रेताओं से उर्वरक क्रय करने के लिए अपना आधार कार्ड एवं जमीन से संबंधित दस्तावेज (जमाबंदी) साथ लेकर जावे। जिले के किसान किसी कम्पनी विशेष के यूरिया के प्रति रूझान नहीं रखे। सभी कम्पनियों का यूरिया समान होता हैं

## सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

**फुलेरा**। सांसद खेल महोत्सव, जो आगामी रविवार 7 दिसंबर को आयोजित होना है, महोत्सव की तैयारियो को लेकर बुधवार को स्कूल खेल मैदान में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयोजन से जुड़े सभी प्रबंधों, प्रतियोगिताओं के संचालन तथा प्रतिभागियों की सुविधा संबंधी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जयपुर जिला देहात दक्षिण के उपाध्यक्ष अजयपाल सिंह, मोहन लाल, फुलेरा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल, सांभर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मोदी तथा नरेना देहात भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीराम गुर्जर सहित फुलेरा मंडल महामंत्री संजय वार्ष्णेय, मोहित कराड़िया, राजा सोनी,गणेश सैनी, श्याम सैनी तथा नगरपालिका कार्मिक तथा क्षेत्र के शारीरिक शिक्षक भी चर्चा में शामिल हुए।

बैठक में खेल प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन हेतु कार्य विभाजन किया गया और शारीरिक शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करते हुए प्रतिभागियों के लिए खेल मैदान की व्यवस्था, सुरक्षा, समय सारणी एवं प्रबंधन व्यवस्था पर भी सहमति बनी।

## सार-समाचार

### गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा



**टोंक**, (निसं)। निवाई क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता व गौ सेवको द्वारा बुधवार को गोवंश से भरा एक ट्रक पकडा, इस दौरान उन्होने 11 गोवंश को मुक्त कराया गया। वही चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह गोरक्षा दल को मिली सूचना के बाद भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जयसिंहपुरा के नेतृत्व में गौरक्षा दल और पुलिस के संयुक्त कार्यवाही के दौरान निवाई क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से गोवंश भरकर जयपुर की ओर ले जा रहे एक ट्रक को पकडकर उसकी जांच करने पर उसमें 11 गोवंश मिले, वही मौके से चालक फरार हो गया। बाद में सूचना पर पंहुची निवाई सदर थाना पुलिस ने ट्रक का जप्त कर लिया। ट्रक से 11 गोवंश बरामद कर उन्हे निवाई स्थित आशाराम गोशाला के सुपुर्द किया गया है। पुलिस ने चालक व साथी के खिलाफ मामले में गोवंश संरक्षण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह का आयोजन

**कोटपूतली**। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित किया गया जिसमें कोटपूतली जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने दिव्यांगों (विशेष योग्यजन) के क्षेत्र में कार्य करने वालों को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। जिला कलेक्टर ने बताया कि सरकार दिव्यांगों के लिए हर संभव प्रयास कर रही है उनको सहायता पहुंचाने में और उनकी समस्याओं का निस्तारण करने में प्रयत्नरत है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दिव्यांगों के लिए जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग सक्रिय होकर कार्य कर रहे है। दिव्यांगों की समस्याओं पर जिला कलेक्टर ने चर्चा कर उनके निस्तारण के आदेश दिए साथ ही दिव्यांगजनों से सरकारी योजनाओं से प्राप्त लाभ के संबंध में फीडबैक लिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग से जिला परीक्षा में समाज कल्याण अधिकारी विपिन उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री आज आयेंगे टोंक

**टोंक**, (निसं)। प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग के मंत्री मदन दिलावर आज टोंक आयेगें। इस सम्बन्ध में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने बताया कि शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री आज सुबह 10 बजे टोंक पंहुचकर जिला परिषद के मुख्य द्वार एवं नवीन मार्ग का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद 11 बजे कृषि ऑडिटोरियम में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे, साथ ही दोपहर 12 बजे प्रधान, जिला परिषद एवं पंचायत समिति के सदस्य, सरपंच, पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ स्वच्छता संबंधी कार्यशाला में शामिल होंगे।

### जुआं खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार



**टोंक**, (निसं)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक के निर्देशन में झिराना थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा लोकल स्पेशल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये बुधवार को झिराना क्षेत्र के नानेर रोड़ के पास से तीन आरोपियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआं (ताश पत्ती) खेलते हुए 1900 रूपये राशि सहित गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान आरोपी मोहम्मद ईस्लाम पुत्र मुन्ना खां उम्र 42 साल, शेरू खान पुत्र हसन खान उम्र 20 साल निवासी निम्हेडी व शकील पुत्र शहजाद खान उम्र 34 साल निवासी इब्राहिमपुरा थाना झिराना को गिरफ्तार कर इनके विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

### अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त

**निवाई**। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक डंपर को जब्त किया है। बरोनी थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह ने बताया कि बुधवार को पुलिस गश्त के दौरान राष्ट्र ीय राजमार्ग पर पहाडी कट के समीप स्थित पेट्रोल पंप के सामने एक डंपर जो अवैध बजरी से भरा हुआ था, आता हुआ दिखाई दिया। डंपर चालक पुलिस की गाडी को देखकर कूद कर फरार हो गया। पुलिस ने बजरी के साथ डंपर को जब्त कर लिया और थाना परिसर में खडा करवा दिया। डम्पर बिना नंबर का था।

# कार्यशाला में मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने पर दिया जोर

**पावटा**। राष्ट्रीय सीमा शुल्क कर एवं नारकोटिक्स अकादमी द्वारा गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय पावटा में ड्रग लॉ एनफोर्समेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन अतिरिक्त आयुक्त नारकोटिक्स कोटा नरेश बुंदेल के मुख्य आतिथ्य व महाविद्यालय प्राचार्य प्रेम सिंह मीणा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि अतिरिक्त आयुक्त नारकोटिक्स कोटा नरेश बुंदेल ने इस कार्यशाला में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मादक द्रव्यों के सेवन से निपटने पर जोर दिया।

■ राष्ट्रीय सीमा शुल्क कर व नारकोटिक्स अकादमी द्वारा ड्रग लॉ एनफोर्समेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन

उन्होंने कहा कि नशा समाज लिए एक बड़ी चुनौती है, जीवन के लिए घातक है। इससे दूर रहना चाहिए, नशे की आदत मनुष्य को शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से कमजोर कर देती है। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मूल कारणों से निपटने और युवा पीढ़ी की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास



राष्ट्रीय सीमा शुल्क कर एवं नारकोटिक्स अकादमी द्वारा राजकीय महाविद्यालय पावटा में ड्रग लॉ एनफोर्समेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ।

का आ ान किया। वही महाविद्यालय प्राचार्य प्रेम सिंह मीणा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भूल कर भी हमें नशा नहीं करना चाहिए। क्योंकि नशे का रास्ता वन वे है। यदि किसी को नशे की लत लग जाती है तो उसका वापस सामान्य जीवन जीना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हमें नशा नहीं करना है और ना ही किसी को करने देना है।

कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त निदेशक राष्ट्रीय सीमा शुल्क कर एवं नारकोटिक्स हेमंत हिंगोनिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक जहर है जो हमें मानसिक व शारीरिक तौर पर गुलाम बना देता है एवं अपराध के दलदल में धकेल देता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आकांक्षा यादव ने किया। इस दौरान सहायक निदेशक ललित पालीवाल, सहायक आचार्य कैलाश यादव, अशोक कुमार यादव, डॉ. शिव शंकर सेन, चतुर्भुज यादव, राजेंद्र वर्मा, मोइन खान, रूबी कुमारी, अन्नू कुमारी, बाबूलाल मीणा, रामवतार आर्य एवं आर्य पारीक आदि मौजूद रहे।

## विधानसभा में जनता जनार्दन देवो भव विधेयक लाने की मांग

**पावटा**। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय सह संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित सभी मंत्रियों को ज्ञापन पत्र भेजकर राजस्थान विधानसभा में जनता जनार्दन देवो भव विधेयक पारित करने की मांग की है।

इस अवसर पर पवन शर्मा ने बताया राजस्थान प्रदेश में आम जनता के मान सम्मान के लिए यह कानून अति आवश्यक है अक्सर पुलिस थाना, तहसील एवं उपखंड कार्यालय सहित अनेक सरकारी दफ्तरों में आमजन के साथ अधिकारियों कर्मचारियों का व्यवहार बहुत निराशाजनक रहता है तथा भाषा शैली भी मर्यादित नहीं रहती ऐसे में सरकार को आमजन के हितों की रक्षा के लिए जनता जनार्दन देवो भव विधेयक लागू करना चाहिए।

कोई भी सरकारी अधिकारी कर्मचारी यदि आमजन के साथ शालीनता से व्यवहार नहीं करता एवं आमजन को गलत शब्दों का प्रयोग करता है ऐसे राजकीय कर्मचारी पर शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की जाए क्योंकि लोकतंत्र में वास्तविकता में आम जन ही माई बाप होती है।

# विराटनगर, बहरोड़ व बानसूर ने किया 100 प्रतिशत पूर्ण डिजिटाईजेशन कार्य

**कोटपूतली**, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र विराटनगर (041) के 227 बूथों, बानसूर (063) के 249 बूथों और बहरोड़ (062) के 228 बूथों पर नियुक्त बीएलओ मय टीम (शिक्षक,

■ ईआरओ ने जिला निर्वाचन अधिकारी, बीएलओ, मतदाताओं का सहयोग के लिए जताया आभार

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी) और उनके सुपरविजन हेतु नियुक्त सुपरवाईजर एवं ब्लॉक लेवल अधिकारियों द्वारा परिगणना प्रपत्रों का संग्रहण और डिजिटाईजेशन का कार्य बुधवार को शत् प्रतिशत सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

परिगणना प्रपत्रों के वितरण, संठाहण एवं डिजिटाईजेशन के कार्य को निर्धारित समय में सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी, कोटपूतली-बहरोड़ प्रियंका



विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विराटनगर, बहरोड़, बानसूर ने डिजिटाईजेशन कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया।

गोस्वामी के मार्गदर्शन व निर्देशन के साथ ईआरओ विराटनगर कपिल कुमार, ईआरओ बानसूर अनुराग हरित, ईआरओ बहरोड़ राम किशोर मीणा के तनावरहित एवं सौहार्दपूर्ण कार्यशैली एवं एईआरओ के सहयोग द्वारा कुल मतदाताओं विराटनगर-240880, बानसूर-259377, बहरोड़-236098 के परिगणना प्रपत्रों के डिजिटाईजेशन का कार्य कुशलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान सभी ईआरओ द्वारा उक्त अभियान में नियुक्त समस्त अधिकारियों/कार्मिकों का आभार प्रकट किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी उक्त कार्य में सम्मिलित अधिकरियों और कार्मिकों की सराहना करते हुए अन्य विधानसभाओं को भी इससे प्रेरणा लेकर समयबद्ध कार्य पूर्ण करने को कहा ।उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ ने निर्धारित समय से पहले उक्त कार्य पूर्ण कर मेहनत, निष्ठा और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया है।मतदाता सूचियों में शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सुपरवाइजर, बीएलओ सहित सहायतार्थ लगे अन्य विभागों के कार्मिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।



अगर कमिंस फिट होते हैं तो वह लीड करेंगे। स्मिथ ने कहा, "बहुत सारी चीजें टेबल पर हैं... मैं अभी आपको बहुत कुछ नहीं बता सकता, मुझे माफ करना।" - स्टीव स्मिथ

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, पैट कमिंस के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी : रोहित राजपाल



ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन ने आज रोहित राजपाल को कैप्टन और आशुतोष सिंह को 31 दिसंबर, 2026 तक भारतीय डेविस कप टीम का कोच फिर से बनाने की घोषणा की। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन (आईटीएफ) द्वारा घोषित ड्रॉ के अनुसार, भारत फरवरी 2026 में डेविस कप 2026 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला 6-7 फरवरी या 7-8 फरवरी 2026 को खेला जाएगा, और जगह और सरफेस की पुष्टि समय पर की जाएगी। राजपाल पिछले कई मुकाबलों के लिए भारतीय डेविस कप सेट-अप का हिस्सा रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** 31 जनवरी 2025 तक,भारत ने 1058 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 559 मैच जीते हैं और 445 हारे हैं, 10 मैच टाई रहे और 44 मैचों का कोई परिणाम नहीं निकला।

## रायपुर में टी ब्रेक के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़कर कोहली का फैन मैदान में घुसा, गार्ड्स ने तुरंत उठाकर बाहर किया

रायपुर, 3 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के रायपुर में भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। टी ब्रेक के दौरान, जब टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली क्रीज पर थे, तभी एक युवक अचानक सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए मैदान के बीचों-बीच पहुंच गया। युवक का उद्देश्य विराट कोहली तक पहुंचना था लेकिन मैदान पर तैनात सुरक्षा टीम ने स्थिति को भांपते ही तुरंत कार्रवाई की। बाउंसरों ने उसे फौरन कंधे पर उठाकर मैदान से बाहर कर दिया, जिससे किसी तरह की बाधा या खतरा उत्पन्न नहीं हुआ। घटना के बावजूद मैच का उत्साह और माहौल प्रभावित नहीं हुआ। कुछ ही पल में खेल सामान्य रूप से फिर शुरू हो गया और दर्शकों ने जोरदार तालियों के साथ खिलाड़ियों का उत्साह बरकरार रखा।

# द. अफ्रीका ने भारत को 4 विकेट से हराया

## विराट का लगातार दूसरा, वनडे में 53वां और मार्करम का शतक



रायपुर, 3 दिसंबर। साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में टीम इंडिया 359 रन का टारगेट भी नहीं बचा सकी। रायपुर में बुधवार को मेहमान टीम ने 6 विकेट खोकर 50वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। टीम से ऐडन मार्करम ने सेंचुरी लगाई। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने फिफ्टी लगाकर सीरीज 1-1 से बराबरी पर ला दी।

शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड की सेंचुरी के दम पर 358 रन बना दिए। कप्तान केएल राहुल ने फिफ्टी लगाई। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन ने 2 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका ने पहला विकेट 5वें ओवर में ही गंवा दिया था। यहां से ऐडन मार्करम ने कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली।

बावुमा 44 रन बनाकर आउट हुए। मार्करम ने फिर शतक लगाकर टीम को 200 के करीब पहुंचा दिया। मार्करम के विकेट के बाद डेवाल्ड ब्रेविस ने 54 और



मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 68 रन बनाकर टीम को 300 के पार पहुंचाया। 322 रन तक टीम ने ब्रेविस, ब्रीट्जकी और फिर मार्को यानसन के विकेट भी गंवा दिए। हालांकि, कॉर्बिन बॉश ने आखिर में जीत के लिए जरूरी 37 रन बनाकर टीम को करीबी मुकाबला जिता दिया। भारत से अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट लिए। हर्षित राणा और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला।

## भारतीय टीम की जर्सी का अनावरण

रायपुर, 3 दिसंबर। बुधवार को भारत और दक्षिण अफ़्रीका के बीच रायपुर में दूसरे वनडे के दौरान टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम की नई जर्सी का अनावरण किया गया। टी20 विश्व कप का 10वां संस्करण 7 फ़रवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका के आठ अलग-अलग वेन्यू पर खेला जाएगा । इस जर्सी अनावरण के समय टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर रोहित शर्मा, बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया और भारतीय टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा मौजूद थे। भारतीय टीम ने 2024 में खेले गए पिछले टी20 विश्व कप के फ़ाइनल में दक्षिण अफ़्रीका को हराकर ख़िताब पर क़ब्ज़ा किया था और 2026 में अपना ख़िताब बचाने के इरादे से उतरेगी। टी20 विश्व कप 2026 के कार्यक्रम का ऐलान कुछ ही दिन पहले किया गया था और 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड्स और नामीबिया के साथ रखा गया है। टी20 विश्व कप 2026 में भारत का पहला मैच 7 फ़रवरी को अमेरिका के ख़िलाफ़ मुंबई में होगा। इसके बाद 12 फ़रवरी को दिल्ली में भारत का सामना नामीबिया से होगा। 15 फरवरी को कोलंबो में भारतीय टीम के सामने पाकिस्तान की टीम होगी और उसके बाद ग्रुप स्टेज के आख़िरी मैच में भारत का सामना 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड्स के ख़िलाफ़ होगा। ग्रुप स्टेज के बाद 21 फ़रवरी से सुपर 8 मुक़ाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले 4 और 5 मार्च को खेले जाएंगे और इन दोनों मैचों की विजेता टीम का सामना फ़ाइनल में 8 मार्च को होगा। टी20 विश्व कप की सभी ग्रुप इस प्रकार हैं : ग्रुप ए: भारत, पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड्स, नामीबिया। ग्रुप बी: श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ज़िम्बाब्वे, ओमान। ग्रुप सी: इंग्लैंड, वेस्टइंडीज़, बांग्लादेश, नेपाल, इटली। ग्रुप डी : न्यूज़ीलैंड, साउथ अफ़्रीका, अफ़ग़ानिस्तान, कनाडा, यूएई।

## हार्दिक की टी-20 टीम में वापसी फिटनेस के आधार पर शुभमन गिल चुने गए

रायपुर, 3 दिसंबर। शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारत के उप-कप्तान के रूप में वापस आ गए हैं, हालांकि सीरीज में उनका हिस्सा लेना बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर है। दूसरी बड़ी हेडलाइन हार्दिक पांड्या की वापसी और नीतीश रेड्डी और रिंकू सिंह का बाहर होना है, जबकि जसप्रीत बुमराह भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए आराम दिए जाने के बाद पांच मैचों की सीरीज के लिए वापसी कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंडिया टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर, टेस्ट और वनडे टीमों के कप्तान गिल को कोलकाता में दक्षिणअफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लग गई थी। इसके बाद वह दूसरा टेस्ट और वनडे सीरीज नहीं खेल पाए, और बेंगलुरु में बीसीसीआई के सीओई में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे, जहां उन्होंने पिछले कुछ दिनों में बिना किसी परेशानी के काफी देर तक बैटिंग की। पंड्या ने भारत के लिए आखिरी बार 26 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप 2025 सुपर 4 मैच में खेला था। बाएं क्वाड्रिसेप की चोट की वजह से वह कुछ समय के लिए एक्शन से बाहर रहे। अक्टूबर के बीच से सीओई में रिहैबिलिटेशन के बाद वह 2 दिसंबर को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ बड़ौदा के गेम में खेले, जिसमें उन्होंने नाबाद 77 रन बनाए। टी20 सीरीज का पहला मैच 9 दिसंबर को कटक में खेला जाएगा। टीमें 11 दिसंबर को दूसरे टी20 के लिए मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) जाएंगी, और उसके बाद 14 दिसंबर को तीसरे गेम के लिए धर्मशाला जाएंगी। लखनऊ 17 दिसंबर को चौथा टी20 होस्ट करेगा, जबकि सीरीज 19 दिसंबर को अहमदाबाद में पांचवें टी20 के साथ खत्म होगी।

## फिट राजस्थान कार्यक्रम अब पहुंचेगा घर-घर : नीरज पवन

जयपुर, 3 दिसम्बर। शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार और अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद डा. नीरज कुमार पवन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य पूरे भारत के लोगो को फिट रखना है। इसी तर्ज पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी इस अभियान को फिट राजस्थान के माध्यम से घर-घर पंहुचाना चाहते है, जिससे प्रदेशवासी स्वस्थ व फिट रहे।

डा. नीरज कुमार पवन ने संवादाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि फिटनेस की डोज आधे घंटे रोज़ का संदेश समाज के हर वर्ग तक पंहुचाने की घोषणा की है। उन्होने कहा कि तीन स्तर पर इसके तहत कार्य किये जा रहे है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के साथ एमओयू किया जा रहा है कि सभी स्कूलों में स्पोट्र्स का कालांश अनिवार्य रूप से लागू किया जाये, जिसमें शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को इससे जोडा जाए। शिक्षा विभाग सप्ताह में एक दिन नो बैग डे का अनिवार्य रूप से पालन करें जिसमें स्पोट्र्स को भी शामिल किया जाये। इसका उद्देश्य केवल फिट इंडिया से जुडना और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के अभियान को आगे बढाना है।

उन्होने कहा कि खेलों इंडिया के दौरान जो खेल सुविधाए विकसित की गई है, उसमें हमने बैडमिंटन, फुटबाल, इंडोर स्टेडियम और एथलेटिक ट्रैक सहित कई खेल मैदानों



की काया पलट करने का प्रयास किया है और इन खेलों के बाद भी इनकी सूरत वैसी ही बनी रहे, इसका पूरा प्रयास रहेगा। साथ ही राजस्थान विश्वविधालय व उसके अधिनस्थ कॉलेजों में भी खेल सुविधाए विकसित की जा रही है। इसमें खेल परिषद अपना सहयोग प्रदान कर रही है।

उन्होने कहा कि खेलों इंडिया लीगेसी को आगे बढाते हुए राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन किया जायेगा, जिसमें युवाओं को एक बार फिर से विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेगा। डा. नीरज कुमार पवन ने कहा कि भारत सरकार के फिट इंडिया कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए ही राजस्थान सरकार द्वारा एक बार फिर से 21 दिसम्बर को रन फॉर विकसित राजस्थान दौड का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेगें। उद्देश्य केवल फिट राजस्थान अभियान है। इसके अलावा भारत सरकार के फिट इंडिया कार्यक्रम के अन्तर्गत संडे ऑन साईकिल के जरिये भी फिटनेस का संदेश दिया गया है।

## गायकवाड़ ने 77 गेंदों में अपना पहला वनडे शतक बनाया

रायपुर, 3 दिसंबर। ऋतुराज गायकवाड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 77 गेंदों में पहला वनडे शतक लगाकर अपने आने का शानदार अंदाज में ऐलान किया। उन्होंने मार्को यानसन के मुश्किल शुरुआती स्पेल से बचने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। ओपनर, जिन्होंने अपना अर्धशतक पूरा करने के लिए 52 गेंदें लीं, ने इसके बाद जबरदस्त वापसी की, और पारी को कंट्रोल करने के लिए कई तेज स्ट्रोक लगाए। यह पल 34वें ओवर में आया जब कॉर्बिन बॉश की गेंदों पर लगातार दो चौके मारकर यह उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद अपना हेलमेट उतारा, दर्शकों की भीड़ की तरफ अपना बल्ला उठाया, और विराट कोहली ने उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। गायकवाड़ का 77 गेंदों में शतक अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भारतीय का दूसरा सबसे तेज वनडे शतक है, इससे पहले 2011 में सेंचुरियन में यूसुफ पठान ने 68 गेंदों में शतक बनाया था। शुरुआती झटकों के बाद, उनकी पारी में धैर्य, सटीकता और टाइमिंग की झलक मिली, जिससे भारत को एक मजबूत प्लेटफॉर्म मिला।

## क्या पिंक बॉल की चुनौती से निपट पाएगा इंग्लैंड?

ब्रिस्बेन, 3 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज का दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। यह एक डे-नाईट मुक़ाबला होगा। यह मुक़ाबला भारतीय समयानुसार 4 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे शुरू होगा। विल जैक्स को इंग्लैंड के एकादश में शामिल किया गया है, वहीं उस्मान ख़्वाजा अभी तक चोट से नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में इस समय 1-0 से आगे है और उन्होंने पर्थ में दो दिन में समाप्त हुए टेस्ट मैच में इंग्लैंड को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

**टीम न्यूज और संभावित -** ख़्वाजा अब तक पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं इसलिए वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ख़्वाजा की अनुपस्थिति में ट्रैविस हेड एक बार फिर पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में तूफ़ानी शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं पैट कमिंस को लेकर स्पष्टता नहीं है। उन्होंने मंगलवार को बल्लेबाज़ी का अभ्यास किया था लेकिन वह दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई दल का हिस्सा नहीं हैं।

**ऑस्ट्रेलिया संभावित :** 1 जेक वेदरॉल्ड, 2 ट्रैविस हेड, 3 मार्नस लाबुशेन, 4 स्टीव स्मिथ (कप्तान), 5 जॉश इंगलिस, 6 कैमरन ग्रीन, 7 एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), 8 मिचेल स्टार्क, 9 नाथन लियोन, 10 स्कॉट बोलैंड, 11 ब्रेंडन डॉगेट जैक्स इंग्लैंड के एकादश में मार्क वुड की जगह लेंगे जो कि चोट के चलते दूसरे टेस्ट से बाहर हैं। यह जैक्स का तीसरा टेस्ट होगा, 2022 में रावलपिंडी में उन्होंने पाकिस्तान के ख़िलाफ़ डेब्यू किया था।

**इंग्लैंड की एकादश :** 1 ज़ैक क्रॉली, 2 बेन डकेट, 3 ओली पोप, 4 जो रूट, 5 हैरी ब्रूक, 6 बेन स्टोक्स (कप्तान), 7 जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), 8 विल जैक्स, 9 गस एटकिंसन, 10 ब्राइडन कार्स, 11 जोफ्रा आर्चर

**पिच और परिस्थितियां -** गाबा की तीखी अभ्यास पिचों के बावजूद ऐसा अनुमान है कि यहां सतह धीमा रह सकता है। अगर बल्लेबाजी करने वाली टीम 50 ओवर तक अपने विकेट बचाए रख पाने में सफल रहती है तो फ़ील्डिंग टीम के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। हालांकि इंग्लैंड पर्थ में किसी भी पारी में 35 ओवर से ज़्यादा बल्लेबाजी नहीं कर पाई। फ़्लडलाइट्स में नई गेंद के साथ स्विंग मुक़ाबले के किसी न किसी चरण में गेंदबाजी टीम के लिए फ़ायदेमंद जरूर रहेगी।

## जैकब डफी के पंजे ने न्यूज़ीलैंड को दिलाई 96 रन की बढ़त



क्राइस्टचर्च, 3 दिसंबर। जैकब डफी ने पहली बार पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में बढ़त बना ली। डफी ने वेस्टइंडीज के निचले क्रम को संभाला, जबकि मैट हेनरी ने तीन अहम विकेट लिए, जिससे मेहमान टीम 67 रन पर आठ विकेट खोकर 167 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने फिर पहली पारी की बढ़त को 96 रन तक पहुंचाया और दिन के आखिर में सात ओवर के स्पेल में बिना किसी नुकसान के बाहर निकले। दिन का दूसरा हाफ जिस तरह खत्म हुआ, उसके ठीक उलट, पहले हाफ में वेस्टइंडीज ने बाजी मारी। उन्होंने आखिरी बचा हुआ विकेट लेने में सिर्फ तीन गेंदें लीं।

## ओशनिक का शतक व मेहुल के ऑलराउंड प्रदर्शन से केंडलविक की बड़ी जीत



जयपुर, 3 दिसम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज हुकम सिंह क्रिकेट ग्राउण्ड हाथोज में चतुर्थ डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये पूल-सी के अन्तिम मुकाबले में ओशनिक ग्रोवर 120 रन के शतक व मेहुल सिंह 112 रन व 4 रन पर 2 विकेट के ऑलराउण्ड प्रदर्शन तथा रौनक रौनी 19 रन पर 3 विकेट की बदौलत केण्डलविक क्रिकेट एकेडमी ने एस.जे. पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी को 190 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर संस्कार क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये ओशनिक ग्रोवर 120 (50 गेंद, 12 चौके, 8 छक्के), मेहुल सिंह 112 रन (43 गेंद, 8 चौके, 10 छक्के) के शानदार शतकों तथा पहले विकेट पर 230 रन की साझेदारी निभाकर केण्डलविक की जीत सुनिश्चित कर दी। मध्यक्रम में अनिकेत श्रीवास्तव 44 रन (16 गेंद, 2 चौके, 4 छक्के) के सहयोग से निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 295 रन बनाये। गेंदबाजी एस.जे. पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी की ओर से चेतन मीणा 37 रन पर 2 विकेट, हुनेद 48 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जवाबी पारी में एस.जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाज शिव 50 रन (62 गेंद, 9 चौके, 1 छक्का), साहिल नायक 20 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज केण्डलविक क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाजों रौनक सैनी 19 रन पर 3 विकेट मेहल सिंह 4 रन पर 2 विकेट, पूरव शर्मा 4 ओवर में 3 रन देकर 1 विकेट, मानव साबू, हर्षित कमावत, दक्ष कासलीवाल प्रत्येक 1-1 विकेट की शानदार की गेंदबाजी के समक्ष नहीं टिक सके और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 105 रन ही बना सके। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच मेहुल सिंह केण्डलविक क्रिकेट एकेडमी रहे।

## अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी (राजस्थान-विदर्भ मैच) : कप्तान कुश के शतक की सहायता से पांच विकेट के नुकसान पर 246 रन



जयपुर, 3 दिसंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - विधर्भ अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन का स्कोर : -विधर्भ पहली पारी 186 आल आउट।राजस्थान पहली पारी 398 आल आउट।विधर्भ दूसरी पारी 246/5, आज तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक विधर्भ ने अपनी दूसरी पारी में कप्तान कुश शर्मा के शतक की सहायता से 5 विकेट के नुकसान पर 246 रन बना लिए थे। टीम के लिए कुश शर्मा 112, मल्हार नाबाद45, गौरव 37 रन। राजस्थान के गेंदबाज जतिन 36/3, प्रखरशर्मा 38/1, अभिषेक 40/1विकेट प्राप्त किये। आरसीए एडहॉक कमेटी के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान टीम का चयन आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्यों द्वारा नियुक्त जूनियर चयन कमेटी (पुरुष) द्वारा किया गया।

**राजस्थान अंडर 16 टीम :-** शोभागसिंह भाटी (कप्तान), गौरव सैनी (उपकप्तान), कुमार वासुदेव, दर्शन पाचार, अमर नाथसिंघा, अनुराग लखन, आशीष, चेतन कुमार, यश शर्मा, वशिष्ट शर्मा, रोहन चौधरी, प्रतीक चौधरी, भव्य अगल, दक्ष शर्मा, अनुराग, निलय अरोरा

सपोर्ट स्टाफ : - नृपजीतसिंह सुरपुर (हेड कोच), विजय प्रकाश शर्मा (बैटिंग कोच), मनीष शर्मा (बॉलिंग कोच), आबिद खान (फील्डिंग कोच), अरविन्द पलसानिया (फिजियो), दिलकान्त (ट्रेनर)।

**राजस्थान अंडर 19 वीमेन टीम घोषित :-** बीसीसीआई की आगामी वीमेन अंडर 19 एकदिवसीय ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान अंडर 19 वीमेन टीम का चयन राजस्थान वीमेन चयन कमेटी ने किया।

**राजस्थान अंडर 19 वीमेन टीम :** - प्रतीक्षा सिंह, वृंदा शर्मा, धृति माथुर, तनिका शर्मा, प्रिया यादव, मैना सियोल, अनुष्का चौधरी, मीनाक्षी गुर्जर, वंशिका सिंह सिंदल, दृष्टि खोड़ा, हैप्पी कुमारी, एंजेल चौधरी, अंशु सैनी, अनु कुमारी धाकड़, प्रियांशी चौधरी, औली वि व्यास।

## कुशाल सिंह के शानदार 63 के स्कोर ने उन्हें दूसरे दिन बढ़त दिलाई

जयपुर, 3 दिसंबर। कुशाल सिंह के शानदार सात-अंडर 63 के स्कोर ने उन्हें जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले जा रहे1 करोड़ रुपये के इवेंट, विक्टोरियस चॉइस प्रेजेंट्स जयपुर ओपन 2025 पावर्ड बाय शुभाशीष होम्स के दूसरे दिन बढ़त दिलाने में मदद की। गुरुग्राम के कुशाल सिंह (64-63), जिनकी किस्मत पिछले महीने भुवनेश्वर में पीजीटीआई नेक्सजेन इवेंट में रनर-अप रहने के बाद से अच्छी चल रही है, ने हाफवे स्टेज पर कुल 13-अंडर 127 का स्कोर किया और रात भर के संयुक्त दूसरे स्थान से एक स्थान ऊपर उठकर एक शॉट की बढ़त बना ली। पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर युवराज संधू (65-63) ने भी 63 का स्कोर करके दूसरा राउंड 12-अंडर 128 के साथ दूसरे स्थान पर खत्म किया, इस तरह वे पहले दिन से चार स्थान ऊपर उठ गए। 2024 पीजीटीआई रैंकिंग विनर वीर अहलावत ने टूर्नामेंट में सबसे कम स्कोर आठ-अंडर 62 बनाया, यह एक एरर-फ्री राउंड था।



## ऑप्टिमस अचीवर्स पोलो टीम ने मेफेयर पोलो टीम को आसानी से हराया

जयपुर, 3 दिसंबर। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर ऑप्टिमस अचीवर्स पोलो टीम ओर मेफेयर पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें मेफेयर पोलो टीम को ऑप्टिमस अचीवर्स पोलो ने 3 के मुकाबले 9 गोलों से हराया। मेफेयर पोलो टीम की ओर से भवानी कालवी ने 2 गोल ओर सिद्धांत शर्मा ने 1 गोल किया। वहीं ऑप्टिमस अचीवर्स पोलो की ओर से शमशीर अली, डेनियल ओटमेडी ओर ध्रुवपाल गोदारा ने 3- 3 गोल किये।

# केआईयूजी 2025 : पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर और महिलाओं की ट्रिपल जंप में गोल्ड और सिल्वर जीतने वालों ने केआईयूजी मीट रिकॉर्ड तोड़े

जयपुर, 3 दिसंबर। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने बुधवार को कैनोइंग और कयाकिंग में 10 में से 9 गोल्ड मेडल जीतकर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 के 10वें दिन अंक तालिका के में टॉप पर पहुंच गई। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने टेबल टेनिस में पुरुष टीम का गोल्ड मेडल भी जीता और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी 33 गोल्ड, 13 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ ओवरऑल स्टैंडिंग में दूसरे नंबर पर खिसका दिया। बहरहाल, सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर में स्थित एथलेटिक्स ट्रैक पर बुधवार को चार और मीट रिकार्ड टूटे। अब एथलेटिक्स में मीट रिकाड्र्स की संख्या 9 हो गई है। केआईयूजी 2025 का पांचवां एडिशन राजस्थान के सात शहरों में हो रहा है। 222 यूनिवर्सिटी के 4448 एथलीट 23 मेडल वाले खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। ये गेम्स स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अंडर राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ मिलकर हो रहे हैं और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी इसे होस्ट कर रही है।

पंजाब यूनिवर्सिटी (पुरुषों की 4400मी), महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के शिंटोमोन सीबी (पुरुषों की 110मी हर्डल्स), गुरु काशी यूनिवर्सिटी की सान्या यादव (महिलाओं की डिस्कस थ्रो) और महात्मा





गांधी यूनिवर्सिटी की अलीना टी साजी (महिलाओं की हाई जंप) ने बुधवार को मीट रिकॉर्ड बेहतर किए। गुरु काशी यूनिवर्सिटी के टोंगब्रम रोशन सिंह ने उदयपुर में कैनो सिंगल 500 रेस जीतकर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को क्लीन स्वीप से बचा लिया। दूसरी तरफ, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने कैनोइंग और कयाकिंग में अपनी बादशाहत दिखाई। इन दोनो खेलों को इस साल खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शामिल किया गया था। इसने बुधवार को 10 में से नौ गोल्ड मेडल जीते। कॉम्पिटिशन में दो दिन बाकी हैं, पिछले एडिशन की चैंपियन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मेडल्स टैली में टॉप स्पॉट के लिए ज़ोर लगा रही है, जो पिछले कुछ दिनों से गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के पास है।

बुधवार को, जयपुर में ज़्यादातर एक्शन एथलेटिक्स ट्रैक पर था और यह कॉम्पिटिशन का एक रोमांचक दिन था। जिस रेस ने सभी को सीट से बांधे रखा, वह पुरुषों की 4400मी फ़ाइनल थी। इसमें मुंबई यूनिवर्सिटी आखिरी 100मी तक रेस में आगे रही। पंजाब यूनिवर्सिटी के लोकेश सिंह गुर्जर ने यश जोशी को पीछे छोड़कर अपनी टीम के लिए 3:12.40 के टाइम के साथ गोल्ड मेडल जीता। असल में, मुंबई यूनिवर्सिटी की 3:12.73 की टाइमिंग भी मैंगलोर यूनिवर्सिटी के बनाए 3:13.44 के पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर थी।

इससे पहले, शिंटोमोन सीबी ने पुरुषों की 110मी फ़ाइनल रेस में शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी। उन्होंने केआईयूजी के पुराने रिकॉर्डधारी विकास खोडके और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी रिकॉर्ड होल्डर राहिल साकिर, यूनिवर्सिटी ऑफ़ कालीकट के वीपी को हराया। खोडके ( जिनके नाम केआईयूज का पिछला रिकॉर्ड 14.40 का था) ने राहिल साकिर के साथ फ़ोटो-फ़िनिश में सिल्वर मेडल जीता। दोनों ने 14.52 के समय के साथ रेस पूरी की।

फ़ील्ड इवेंट्स में, गुरु काशी यूनिवर्सिटी की सान्या यादव ने भी महिलाओं के डिस्कस थ्रो में केआईयूजी मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 50.73मी की दूरी तय की, और बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी की शालिनी चौधरी के 50.60मी के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। महिलाओं की ट्रिपल जंप में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने वाली टीमों ने बुधवार को पिछले केआईयूजी रिकॉर्ड को भी बेहतर बनाया। अलीना ने अपनी दूसरी कोशिश में 13.09मी की दूरी तय की, जबकि पंजाब यूनिवर्सिटी की अर्शदीप कौर ने चौथी कोशिश में 12.80मी की दूरी तय की। 12.78मी का पिछला रिकॉर्ड मैंगलोर यूनिवर्सिटी की ऐश्वर्या बी के नाम था।

इस बीच, जगतपुरा शूटिंग रेंज में, पेरिस ओलंपिक्स के ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट सरबजोत सिंह ने पलक के साथ मिलकर 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने फाइनल में केएलईएफ यूनिवर्सिटी के मुकेश नेलवल्ली और द्वारम प्रणवी को 17-15 से हराया। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर महिलाओं के फुटबॉल फाइनल में, चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी, भिवानी ने पूजा (10वें मिनट) और नैन्सी (83वें मिनट) के एक-एक गोल की मदद से गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के इतिहास में अपना पहला महिला हॉकी गोल्ड जीता, जब उन्होंने फाइनल में आईटीएम यूनिवर्सिटी, ग्वालियर को 1-0 से हराया। अलीवा जाटे ने 34वें मिनट में केआईआईटी के लिए विजयी गोल किया। पुरुषों के हॉकी फाइनल में, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को 5-1 से हराया।

# धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा, राजस्थान ग्लोबल टूरिज़्म डेस्टिनेशन बनेगा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में केबिनेट ने व्यापार, निवेश व प्रशासनिक सुधार पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये

जयपुर, 3 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई मंत्रिमंडल बैठक में राज्य की प्रशासनिक सुगमता, निवेश वृद्धि, व्यापार विस्तार और पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाले कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सरकार ने "ईज ऑफ लिविंग" और "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राजस्थान जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अध्यादेश-2025 को मंजूरी दी है, जिसके तहत 11 अधिनियमों में मामूली उल्लंघनों पर लागू कारावास के प्रावधान हटाकर केवल अर्थदंड का विकल्प रखा जाएगा।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि वन भूमि में मवेशी चराने या दस्तावेज प्रस्तुत न करने जैसे छोटे अपराधों पर अब जेल की सजा नहीं होगी। जयपुर वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड अधिनियम में भी जल बर्बादी अथवा सीवरलाइन में बिना अनुमति कनेक्शन जोड़ने पर कारावास के स्थान पर केवल जुर्माने का प्रावधान रहेगा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- किशनगढ़ एयरपोर्ट के विस्तार के लिये 15 एकड़ भूमि निशुल्क दी जायेगी, ताकि बड़े विमानों का आवागमन सुचारु रुप से हो सके।
- ग्यारह अधिनियमों में मामूली उल्लंघनों पर लागू कारावास के प्रावधान को हटा कर केवल अर्थदंड का विकल्प रखा गया है। इससे मुकदमेबाजी में कमी आयेगी।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रवासी राजस्थानी नीति-2025 (एनआरआर पॉलिसी) को मंजूरी दी गई है। इस नीति के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के निवेश, ज्ञान-साझेदारी, शोध, उद्यमिता और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा दिया जाएगा।

व्यापार और छोटे दुकानदारों की उन्नति को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल ने राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी-2025 को भी मंजूरी दी है।

राज्य में पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से राजस्थान पर्यटन नीति-2025 को भी हरी झंडी दी गई। इसमें पर्यटन अवसंरचना का विकास, धार्मिक पर्यटन मार्गों का निर्माण, वन एवं धार्मिक क्षेत्रों के पास पर्यटन हब की स्थापना, शौर्य सर्किट, बर्ड वॉचिंग सर्किट, प्रोजेक्शन मैपिंग, ई-व्हीकल टूर, राजस्थान ट्रैवल कार्ड, होम-स्टे और पेइंग गेस्ट सुविधाओं को बढ़ावा देने जैसे अनेक प्रावधान शामिल हैं।

इसके साथ ही किशनगढ़ एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 15 एकड़ अतिरिक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिससे बड़े विमानों के संचालन हेतु आवश्यक एप्रोच लाइट्स की स्थापना संभव हो सकेगी। इससे कोहरे और रात्रि के समय भी सुरक्षित उड़ान संचालन के साथ पर्यटन और औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

# रूसी संसद ड्यूमा ने भारत-रूस सैन्य समझौते को मंजूरी दी

मास्को, (वार्ता)। रूसी संसद के निचले सदन ड्यूमा ने मंगलवार को भारत के साथ एक प्रमुख अंतर-सरकारी समझौते को मंजूरी प्रदान की,

- रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पूर्व मिली मंजूरी से स्पष्ट है कि दोनों देशों में सैन्य समझौता लगभग फाइनल है।

जिसमें एक-दूसरे के क्षेत्र में सैन्य कर्मियों के साथ-साथ सैन्य जहाजों एवं विमानों को भेजने की प्रक्रिया शामिल है। यह रसद समझौता 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चार दिसंबर से शुरू हो रही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नयी दिल्ली की राजकीय यात्रा से पहले रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

तास एजेंसी ने कहा कि समझौते में, "रूस की सैन्य इकाइयों, नौसैनिक जहाजों एवं सैन्य विमानों को भारतीय क्षेत्र में भेजने की प्रक्रियाओं पर रूसी सरकार एवं भारत सरकार के बीच समझौता और भारत की सैन्य इकाइयों, नौसैनिक जहाजों और सैन्य विमानों को रूसी क्षेत्र में भेजने और उनके पारस्परिक सैन्य समर्थन पर 18 फरवरी, 2025 को मास्को में हस्ताक्षिरत समझौते की पुष्टि की जाएगी।"

# पुतिन के भारत दौरे पर दुनिया के बड़े देशों की नज़र है

## एस-400 और एस-500 खरीद सहित ऑयल डील पर चर्चा होगी

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन दो दिवसीय भारत यात्रा पर गुरुवार को दिल्ली आ रहे हैं. उनकी यह यात्रा कई मायनों में खास होगी. रूस-यूक्रेन युद्ध शुरु होने के बाद पुतिन पहली बार भारत आ रहे हैं. पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात और 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक में हिस्सा लेने के अलावा, पुतिन दिल्ली में कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे. इस दौरान कई अहम समझौते होने की संभावना है, जो भारत की क्षमता और रूस से संबंधों को नया आयाम दे सकते हैं।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच शिखर बैठक में भारत-रूस के समग्र रक्षा संबंधों की समीक्षा होने की संभावना है, पूरा जोर दोनों देशों के बीच पहले से ही घनिष्ठ रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और विस्तार देने पर रहेगा।

भारत, रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप खरीदने पर

- सुखोई 30 के आधुनिकीकरण और सुखोई 57 के भारत में निर्माण पर भी फोकस रहेगा।

विचार कर रहा है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ये काफी प्रभावी साबित हुए थे. भारत ने एस-400 की 5 यूनिट खरीदने के लिए अक्टूबर 2018 में 5 अरब डॉलर का समझौता किया था, जिसकी 3 स्क्वाड्रन मिल चुकी हैं।

भारत रूस से नई पीढ़ी के एस-500 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदने पर भी विचार कर सकता है. इसकी रेंज एस-400 के 400 किमी से 100-200 किमी अधिक है. ये अंतरिक्ष में 180-200 किमी ऊपर तक लक्ष्यों को भी भेद सकता है। भारत 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की एक खेप खरीदने की प्रक्रिया में है. दसॉ एविएशन का राफेल, लॉकहीड मार्टिन का एफ-21, बोइंग का एफ/ए-18 और यूरोफाइटर टाइफून मुख्य दावेदार हैं. पुतिन के दौरे में रूस के सुखोई-57 फाइटर जेट की आपूर्ति की संभावना पर चर्चा हो सकती है. रूस इसकी 70 टेक्नोलॉजी देने को तैयार है, मतलब बाद में भारत में इनका प्रोडक्शन भी हो सकता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के बीच गुरुवार को वार्ता के दौरान रूसी सुखोई 30 लड़ाकू विमानों के आधुनिकीकरण और अन्य महत्वपूर्ण सैन्य साजो सामान खरीदने पर भी चर्चा हो सकती है।

बातचीत के दौरान प्रमुख फोकस भारतीय वस्तुओं का रूस में निर्यात बढ़ाने पर भी होगा। भारत अपने इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स का निर्यात बढ़ाने पर बात कर सकता है. रूस का फोकस फूड, समुद्री उत्पाद, डिजिटल सर्विसेज और दवा आदि की खरीद बढ़ाने पर रह सकता है।

# यूक्रेन युद्ध खत्म होने के कगार पर?

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। क्रेमलिन ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध खत्म करने के लिए यूएस के कुछ प्रस्ताव स्वीकार कर लिए हैं और कुछ को खारिज कर दिया है और रूस समझौते पर पहुंचने के लिए यूएस के वार्ताकारों से जितनी बार भी मिलना होगा, मिलने को तैयार है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव बुधवार सुबह पुतिन और यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत, स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर के बीच मॉस्को में हुई बातचीत के बाद बोल रहे थे, जिसके बाद क्रेमलिन के एक सहयोगी ने कहा कि अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है।

पेसकोव ने बुधवार को रिपोर्टरों से कहा कि यह कहना गलत होगा कि पुतिन ने यूएस के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है, उन्होंने कहा कि यह बैठक उन पर पहली आमने-सामने की राय का आदान-प्रदान थी। पेस्कोव ने कहा कि पुतिन ने कुछ प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया था और कुछ को सामान्य बातचीत प्रक्रिया में खारिज कर दिया था।

# भारत राफेल एफ 5 खरीदेगा?

पेरिस, 3 दिसम्बर। फ्रांस के रक्षा मंत्रालय ने कंफर्म किया है कि भारत 90 राफेल 4 फाइटर जेट खरीदने का प्लान बना रहा है। इनमें एफ 24 राफेल एफ 5 का एक्स्ट्रा ऑप्शन भी है। यह खुलासा फ्रांस के विदेश मंत्रालय की एक एनालिसिस में आया है, बाद इस

- फ्रांस ने पुष्टि की है कि भारत ने 90 राफेल एफ 4 तथा 24 राफेल एफ 5 खरीदने का ऑर्डर दिया है, हालांकि, बाद में मंत्रालय ने यह लाइन वेबसाइट से हटा दी।

बात को पब्लिक एक्सेस से हटा दिया गया। इस एनालिसिस में मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के राफेल के कथित नुकसान को लेकर चीनी मिसइन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में बताया गया था, जिसे पाकिस्तान ने पूरी दुनिया में फैलाया।

# कश्मीर में कड़ाके की ठंड

श्रीनगर, 3 दिसम्बर। कश्मीर में एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ रही है और घाटी के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान शून्य से काफी नीचे दर्ज किया गया है।

श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को कहा कि ग्रीष्मकालीन राजधानी में मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री कम दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 3.2 डिग्री कम है।

दक्षिण कश्मीर का शोपियां माइनस 5.9 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा।

# मुस्लिम महिला के तलाक केस में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता हाई कोर्ट का फैसला पलटते हुए कहा तलाक होने पर मुस्लिम महिला को दहेज में मिला सोना, नकदी व अन्य सामान लौटाना होगा

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला को उसकी शादी के समय पिता द्वारा पति को दी गई नकदी और सोने के गहने वापस लेने का अधिकार है। यह अधिकार मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत सुरक्षित है। इसी के साथ, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला पलट दिया।

हाईकोर्ट ने तलाकशुदा महिला के उस दावे को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने शादी के समय पति को पिता द्वारा दिए गए 7 लाख रुपये और सोने के गहनों (30 भौरी) की मांग की थी। महिला की शादी 2005 में हुई थी, 2009 में अलगाव और 2011 में तलाक के बाद, उसने 1986 अधिनियम की धारा 3 के तहत 17.67 लाख रुपये की वसूली की मांग की थी, जिसमें नकद और सोने के गहने शामिल थे।

हाईकोर्ट ने दावा खारिज कर दिया था, क्योंकि विवाह रजिस्टर (काजी) और महिला के पिता के बयान में मामूली असंगति पाई गई थी, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विवाह रजिस्टर और काजी का बयान केवल संदेह के आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विवाह के समय दिए गए संपत्ति और गहने महिला के भविष्य की सुरक्षा के लिए

- सुप्रीम कोर्ट ने रौशनारा बेगम के तलाक के मामले में यह फैसला दिया। रौशनारा का 2005 में निकाह हुआ था व 2011 में तलाक उसने निकाह में दिया गया सामान वापस लेने के लिए हाई कोर्ट में अर्जी दी थी जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था।
- महिला ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में कहा कि 1986 अधिनियम में तलाकशुदा को शादी के समय दिया गया सामान वापस लेने का पूरा अधिकार है।

हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 1986 अधिनियम की धारा 3(1)(डी) के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला को वह सब संपत्ति वापस लेने का अधिकार है, जो शादी से पहले, शादी के समय या शादी के बाद उसके रिश्तेदारों, दोस्तों, पति या पति के रिश्तेदारों द्वारा दी गई हो। कोर्ट ने यह भी जोड़ा कि यह कानून महिला का सम्मान और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है और इसे अनुच्छेद 21 के तहत महिला के मानव अधिकार और आत्मनिर्णय के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने अपील को मंजूरी देते हुए आदेश दिया कि पति सीधे महिला के बैंक खाते में राशि जमा करे, और यदि ऐसा न किया गया तो 9 वार्षिक ब्याज लगेगा.

रौशनारा बेगम का निकाह 2005 में हुआ था और 2011 में उनका तलाक हो गया था। निकाह के समय महिला के पिता ने दामाद को सात लाख रुपए और तीस ग्राम सोने के गहने दिए थे, जिसकी जानकारी निकाह रजिस्टर में दर्ज थी। हालांकि, कलकत्ता हाईकोर्ट ने काजी और महिला के पिता के बयानों में असंगति का हवाला देते हुए महिला का दावा खारिज कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए कहा कि निकाह के समय मिले धन और गहनों का संबंध महिला की सुरक्षा और गरिमा से है। अदालत ने इस कानून की व्याख्या महिला के समानता और गरिमा के संवैधानिक अधिकारों के आधार पर की।

सुप्रीम कोर्ट ने रौशनारा के पति को सात लाख रुपए और तीस ग्राम सोने का मूल्य सीधे महिला के बैंक खाते में जमा करने का आदेश सुनाया. आदेश का पालन न करने पर पति पर नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज लागू होगा और उसे अदालत में इसके अनुपालन का हलफनामा देना होगा।

# बिहार विधानसभा की समितियों में कांग्रेस को नेतृत्व मिलने की संभावना

पटना, 3 दिसम्बर। विधानसभा की समितियों में भी राजद की हिस्सेदारी इस बार कम हो जानी है। इसका असली कारण सदन में संख्या बल है। इस बार पार्टी को दो समितियों में नेतृत्व मिलने की आशा है। उनमें से लोक लेखा समिति की अपेक्षा स्वाभाविक है, क्योंकि विधानसभा में राजद मुख्य विरोधी दल है।

सरकार मेहरबान हुई तो एक समिति की अध्यक्षता कांग्रेस के हिस्से में आ सकती है। इस तरह महागठबंधन को तीन समितियों से ही संतोष करना होगा। पिछली बार कुल 10 समितियों में सभापति की भूमिका में महागठबंधन के विधायक रहे थे। उनमें से छह का नेतृत्व राजद ने किया था।

इस बार राजद के मात्र 25 विधायक हैं। अगर एक विधायक भी कम हुआ होता, तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के दर्जा हेतु सरकार की कृपा अपेक्षित हो जाती। दो विधायक कम होने पर तो दावेदारी का कोई आधार भी नहीं बनता।

2010 में तो सदन में राजद की संख्या इस पद के लायक भी नहीं थी। उसके बाद से पार्टी के अब तक के इतिहास में इस बार दूसरी बड़ी पराजय हुई है। तब राजद के मात्र 22 विधायक थे।

विधानसभा में 20 से 25 समितियों का गठन होता है। बहरहाल, 25 विधायकों के बूते राजद को दो से अधिक समितियों में नेतृत्व मिलने की संभावना कम ही है। कांग्रेस के छह और वामदलों के तीन और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के एक विधायक के दम पर तीसरी समिति मिल सकती है।

लोक लेखा समिति का नेतृत्व विपक्ष को दिए जाने की विधायी परंपरा है, जिसका अब तक अनुपालन होता

- क्योंकि समितियों में राष्ट्रीय जनता दल की भागीदारी कम होने की संभावना
- राष्ट्रीय जनतादल के पास मात्र 25 विधायक है और उसे दो से ज्यादा समितियों का नेतृत्व नहीं मिल सकता है।

रहा है। पिछली बार भाई वीरेन्द्र ने इस समिति का नेतृत्व किया था, जो इस बार भी मनेर से विजयी रहे हैं।

इसके अलावा, राजद को पुस्तकालय, बिहार विरासत विकास, आंतरिक संसाधन व केंन्द्रीय सहायता, शून्यकाल और गैर-सरकारी संकल्प समिति का सभापतित्व मिला था।

गैर-सरकारी संकल्प समिति के सभापति तेजप्रताप यादव थे, जो इस बार राजद से अलग होकर अपने जनशक्ति जनता दल के टिकट पर चुनाव हार चुके हैं।

# भाजपा यूपी में महिला को प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है

## ओ बी सी से आने वाली साध्वी निरंजन ज्योति का नाम चर्चा में है

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के ऐलान को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। इसमें दलित, पिछड़ा वर्ग और ब्राह्मण नेता भी दावेदारी में हैं, लेकिन इसमें एक महिला नेता का नाम भी है, जो पूर्व केन्द्रीय मंत्री निरंजन ज्योति है। ओबीसी वर्ग से आने वाली निरंजन ज्योति फतेहपुर से सांसद रही हैं। ब्राह्मण वर्ग से पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा और हरीश द्विवेदी शामिल हैं। जबकि ओबीसी की बात करें तो धर्मपाल सिंह, बीएल वर्मा का नाम उभरकर सामने आया है। वहीं दलित चेहरों में रामशंकर कठेरिया और विद्या सागर सोनकर का नाम चल रहा है।

1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद से अभी तक उत्तर प्रदेश में कभी कोई महिला प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनी है। ऐसे में यह देखना होगा कि क्या भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव के पहले यूपी में महिला कार्ड खेलेगी। बिहार, झारखंड, हरियाणा से लेकर हर राज्य के विधानसभा चुनाव में महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं।

- 58 साल की साध्वी हमीरपुर से हैं तथा 21 साल की उम्र में उन्होंने संन्यास ले लिया था। वे राम मंदिर आंदोलन में भी काफी सक्रिय थीं।

58 साल की साध्वी निरंजन ज्योति यूपी के हमीरपुर जिले से ताल्लुक रखती हैं। इंटरमीडिएट तक पढ़ीं निरंजन ज्योति ने 21 साल की उम्र में गुरुदीक्षा लेकर संन्यास ले लिया था। राम मंदिर आंदोलन, विहिप, दुर्गा वाहिनी में सक्रियता के बाद वो भाजपा में आई थीं, यूपी में वे महिला भगवा ब्रिगेड का अहम चेहरा बन सकती हैं। उमा भारती जैसी फायर ब्रांड नेता की कम सक्रियता को देखते हुए भाजपा का ये दांव काम कर सकता है। निषाद समुदाय की निरंजन ज्योति यूपी में गैर यादव जातियों के बीच भाजपा की पकड़ और मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है।

उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के चुनाव को लेकर लखनऊ में मंगलवार को शीर्ष नेताओं की बैठक में मंथन हुआ था। इसमें संघ नेता अरुण कुमार, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के अलावा, सीएम योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री भी शामिल हुए थे। दिल्ली में भी शीर्ष स्तर पर इस मामले में मंत्रणा हुई है।

# असिस्टेंट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुनवाई के दौरान, अदालती आदेश की पालना में आरपीएससी सचिव रामनिवास मेहता अदालत में पेश हुए। उन्होंने ने पेश होकर कहा कि अपडेटेड सिलेबस को गत 8 अक्टूबर को अपलोड किया गया था, लेकिन उसे जारी करने की तारीख 26 मार्च, 2025 ही थी।

# एक डॉलर की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इसके बाद "टेपर टैंट्रम्स" वाले वर्षों में भी रुपये पर दबाव बना रहा, जब अमेरिकी फेडरल रिज़र्व अपनी ढीली (अत्यधिक सहूलियत वाली) मौद्रिक नीति को वापस सख्त करने की तैयारी कर रहा था, ताकि डॉलर मजबूत रहे, और बाद में उसने डॉलर बाज़ार में की जाने वाली बड़ी पैमाने की फंड आपूर्ति को धीरे-धीरे कम करना शुरु कर दिया।

उस समय (टेपर टैंट्रम्स वाले दिनों में) रुपये का मूल्य 50 रुपये प्रति डॉलर से गिरकर 60 रुपये प्रति डॉलर से ऊपर चला गया था।

अब एक बार फिर भारतीय अर्थव्यवस्था दबाव में है, क्योंकि अमेरिका ने भारतीय निर्यातों पर ऊँचे शुल्क लगा दिए हैं। इन शुल्कों से भारतीय सामान अमेरिकी बाज़ार में महँगा हो गया है और अन्य देशों के उत्पादों की तुलना में कम प्रतिस्पर्धी हो गया है। असल में, सबसे बड़े मार्केट में से एक, अमेरिका को होने वाला भारतीय निर्यात घट गया है, इसका मतलब है कि भारत को पहले की तुलना में कम डॉलर मिल रहे हैं। अतः विदेशी इन्स्टिट्यूशनल इन्वैस्टर्स भारत से अपने फंड निकाल रहे हैं औरउसे डॉलर में बदलकर बाहर भेज रहे हैं, इसलिए देश में डॉलर का प्रवाह घट गया है।

बाज़ार की इन गतिविधियों के अलावा कुछ बुनियादी कारण भी काम कर रहे हैं। कुछ अनुभवी बाज़ार विश्लेषकों ने इन पर ध्यान दिलाया है। भारत में महंगाई 5 प्रतिशत से अधिक है, जबकि कई बड़े देशों में यह 2 प्रतिशत से कम है। यह अंतर रुपये पर असर डालता है।

कुछ विशेषज्ञों ने भारत और अन्य देशों की उत्पादकता पर भी ध्यान दिलाया है। यानी एक इकाई संसाधन से भारत में श्रमिक विदेशों की तुलना में कम उत्पादन करते हैं। इससे हमारी दक्षता कम होती है और हमारी प्रतिस्पर्धा क्षमता पर असर पड़ता है।

इन सभी कारणों के चलते रुपये का मूल्य नीचे जा रहा है। लेकिन फिलहाल रुपये की अचानक तेज़ गिरावट की सबसे बड़ी वजह एफआईआई द्वारा भारतीय शेयर बाज़ारों में भारी बिक्री और उसके बाद अमेरिका जैसे ज्यादा लाभ वाले बाज़ारों में पैसा भेजना है।

# हल्द्वानी में भारी सुरक्षा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

था, यह नहीं हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के पास बहती है। दिसंबर 2022 में, कोर्ट ने रेलवे को आदेश दिया था कि वह निवासियों को क्षेत्र खाली करने के लिए एक सप्ताह का समय दे, और इसके बाद "आवश्यकता के अनुसार बल का उपयोग करके अवैध कब्जाधारियों को बेदखल करें।"

हालांकि, इसके बाद भारी अफरा-तफरी मच गई, जिसके कारण क्षेत्र में भारी प्रदर्शन हुआ जो क्षेत्र में हुए सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक था। एक अपील के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय पर रोक लगा दी, यह टिप्पणी करते हुए कि 50,000 लोगों को एक ही रात में कैसे बेदखल किया जा सकता है।

पहले की रिपोर्टों के अनुसार, 2016-17 में रेलवे और जिला प्रशासन के एक संयुक्त सर्वे में 4,365 अवैध कब्जों की पहचान की गई थी।

मंगलवार को, सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने की आशंका में, 400 से अधिक पुलिस अधिकारी और के कर्मी तैनात किए गए थे। नैनीताल के एसएसपी मन्जुनाथ टी. सी. ने कहा कि

- मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है और देखना है कि वहां से फैसला किसके पक्ष में आता है।

अगर स्थिति तनावपूर्ण होती है तो पैरामिलिट्री बल भी तैनात किए जाएंगे।

उन्होंने कहा, "सुप्रीम कोर्ट रेलवे ज़मीन पर कब्जे के मामले में निर्णय देगा, और हम फैसले के लिए तैयार हैं। पूरे बनभूलपुरा को घेर लिया गया है और चार ज़ोन में बांटा गया है। हमने तीन एसपी, चार सीओ, आठ इंस्पेक्टर, आठ एस एच ओ, 400 अधिकारी, और पी ए सी की दो कंपनियां, फायरिंग और टियरगैस स्कॉड, एंटी-रायट फोर्स, फायर यूनिट्स और ट्रैफिक कर्मियों को तैनात किया है। हम आई टी बी पी तथा सी आर पी एफ जैसे पैरामिलिट्री बलों को भी तैयार रखे हुए हैं। पुलिस किसी भी प्रकार की गतिविधि पर कार्रवाई करेगी, जो फैसले के कारण उत्पन्न हो।"

नैनीताल पुलिस ने चेतावनी दी है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ "कठोरतम कार्रवाई" की जाएगी। जिला सीमा पर गहन जांच की निर्देश दी गई है, संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है, "संदिग्ध" व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, और सोशल मीडिया पर करीबी निगरानी रखी जा रही है।

जहाँ तीन कालोनियां गफूर बस्ती, ढोलक बस्ती और इंदिरा नगर - के निवासी यह दावा करते हैं कि वे कई पीढ़ियों से यहाँ रह रहे हैं, वहीं रेलवे ने पहले कहा था कि 1959 की एक अधिसूचना, 1971 के राजस्व रिकॉर्ड और 2017 के सर्वेक्षण के परिणाम ज़मीन पर उनके मालिकाना हक को प्रमाणित करते हैं।

यह क्षेत्र 2.2 किलोमीटर लम्बी ज़मीन पर फैला हुआ है, और यहाँ कम से कम तीन सरकारी स्कूल, 11 मान्यता प्राप्त निजी स्कूल, 10 मस्जिदें, 12 मदरसे, एक सरकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र और एक मंदिर स्थित है।

# दवा के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राज्य के साथ केंद्र सरकार के अधिकारियों तक पहुंचेगी. इससे तुरंत जांच शुरू हो सकेगी और संबंधित जिले के औषधि नियंत्रक अधिकारी को 24 घंटे में अपनी रिपोर्ट देनी होगी।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने राज्यों को आदेश जारी करते हुए सभी दवा दुकानों पर क्यूआर कोड और हेल्पलाइन नंबर तत्काल चस्पा करने के लिए कहा है।

ये सूचना दुकानों पर ऐसी जगह चस्पा करनी होगी, जो हर किसी को दिख सके. राज्यों से यह जानकारी मांगी गई है कि कितनी दुकानों में नया नियम लागू किया गया है, उन्हें चेतावनी दी गई है कि अगर कोई दुकानदार कोड को छिपाकर रखता है, काउंटर के अंदर रखता है तो उस पर एक्शन लिया जाएगा।

आदेश में राज्यों के ड्रग इंस्पेक्टरों से कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि सभी दुकानदार इसका पालन करें।

# एक बार फिर ...

- मोदी समर्थकों ने भी प्रत्युत्तर में "चाय पे चर्चा" कार्यक्रम चलाया, तथा विडियो लिंक के मार्फत देश के चाय की थड़ी पर, लोगों से मोदी की बात कराने का लोकप्रिय कार्यक्रम चलाया।
- हाल ही में बिहार कांग्रेस ने एक एआई निर्मित विडियो चलाया था, जिसमें मोदी को सपने में उनकी मां डाटते हुए दिखीं तथा वे मोदी का राजनीति से अपनी नाखुशी जाहिर कर रही हैं।

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चाय बेचने वाली पृष्ठभूमि का मज़ाक उड़ाया है, अब तक 150 बार उन्हें अपमानित किया है और बिहार में तो उनकी माँ तक को निशाना बनाया।"

हालाँकि प्रधानमंत्री मोदी खुद सोनिया गांधी को "जर्सी गाय" कह चुके हैं और कई विपक्षी नेताओं पर अशोभनीय टिप्पणियाँ करते रहे हैं, फिर भी कांग्रेस द्वारा की गई प्रधानमंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणी अक्सर राजनीतिक तौर पर उलटी पड़ी है। वर्ष 2014 के आम चुनावों से पहले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि मोदी कभी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे और कांग्रेस के मंच पर चाय परोस सकते हैं। राहुल गांधी ने उस बयान से असहमति भले ही जता दी थी, लेकिन इस टिप्पणी ने कांग्रेस के अभियान को नुकसान पहुँचाया था। भाजपा रणनीतिकारों ने "चाय पे चर्चा" का देशव्यापी अभियान चलाया, जिसमें मोदी ने सैकड़ों जगहों के चाय स्टॉलों से वीडियो लिंक के ज़रिए मतदाताओं से बातचीत की थी।

हाल ही में बिहार कांग्रेस इकाई ने एक एआई वीडियो साझा किया था, जिसमें दिखाया गया था कि प्रधानमंत्री मोदी को सोते समय मां सपने में दिख रही हैं और उनकी आलोचना कर रही हैं। इस घटना से कांग्रेस या महागठबंधन को हाल ही में खत्म हुए बिहार विधानसभा चुनावों में कोई फायदा नहीं मिला।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908